भोपाल
रविवार, 4 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष –05
वर्ष : 12, अंक : 31
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 38
न्यून. 24


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


आज सुबह 6 बजे खुलेंगे बद्री-विशाल के कपाट

## 40 क्विंटल फूलों से सजा मंदिर



**चमोली।** गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खोलने के बाद अब चौथे शाम बद्रीनाथ के कपाट खुलने की तैयारी है। रविवार सुबह 6 बजे बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके बाद उत्तराखंड में चार धाम यात्रा का विधिवत्त शुभारंभ हो जाएगा। कपाट खोलने के दौरान बद्रीनाथ धाम ▸▸ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
कोलकाता – राजस्थान
दोपहर 3.30 बजे से
पंजाब – लखनऊ
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### उप राष्ट्रपति धनखड़ का आज ग्वालियर आगमन



**भोपाल।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। धनखड़ का दिल्ली से विशेष विमान से शाम 5.45 बजे ग्वालियर में वायुसेना के विमानतल पर आगमन होगा। वे शाम 5.55 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों से परस्पर संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे रात्रि 8.05 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### स्कूल में चले लात-घूंसे दोनों को हटाया गया



**खरगोन।** मेनगांव स्थित शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में महिला प्राचार्य व लाइब्रेरियन में जबरदस्त मारपीट हुई। इसका वीडियो वायरल हो गया। कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग प्रशांत आर्या ने प्राचार्य और लाइब्रेरियन को तत्काल हटाया। मामला शुक्रवार का है। प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग के दौरे का कारण इसे दबा दिया गया।

### किसान पर बाघ का हमला, मौके पर ही मौत



**बालाघाट।** शनिवार सुबह बालाघाट में कटंगी रेंज के कुडवा कॉलोनी के पास खेत में काम कर रहे किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। किसान की मौके पर ही मौत हो गई। बाघ शरीर का निचला हिस्सा खा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हम लोग रोज की तरह सुबह पांच बजे खेत में काम करने पहुंच गए थे। करीब 6 बजे बाघ ने पीछे से प्रकाश पाने (45) पर हमला कर दिया और किसान को शिकार बना लिया।

मंदसौर में कृषि उद्योग समागम 2025: का सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया भव्य शुभारंभ

# खेती को लाभदायक बनाने विदेशी तकनीक से लेकर स्थानीय जुगाड़ तक को प्रोत्साहित कर रही है सरकार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र आर्थिक रूप से सम्पन्न हो रहा है। नीति आयोग के अनुसार मप्र देश में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाला राज्य है। आने वाले समय में प्रगति की गति और तेज होने वाली है। राज्य सरकार कृषकों को बिजली में आत्मनिर्भर बनाने जा रही है। अब किसान सौर ऊर्जा से स्वयं बिजली बनाएंगे और पंप चलाएंगे। उनकी ओर से अपनी जरूरत से अधिक बिजली ▸▸ शेष पेज 6 पर

» जीवन बेहतर बनाने किसान खेत की एक-एक इंच जमीन को बनाएं उपयोगी

» संतरे-केले जैसे प्रदेश के अन्य कृषि उत्पादों की मध्यप्रदेश के नाम पर हो ब्रांडिंग



### 25 गाय-भैंस पालने पर 25 प्रतिशत की सब्सिडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौपालन को प्रोत्साहित कर दुग्ध उत्पादन की क्षमता बढ़ाई जा रही है। गौमाता हमारी संस्कृति की प्रतीक हैं, गाय-भैंस पालन को प्रोत्साहित करने के लिए 25 गाय-भैंस पालने पर 25 प्रतिशत की सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। देश के कुल दुग्ध उत्पादन में मप्र का उत्पादन वर्तमान में 9 प्रतिशत है, इसे हमें 20 प्रतिशत तक ले जाना है। किसानों को 200 गाय-भैंस पालन अर्थात 8 यूनिट तक सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। दूध-दही हमारी संस्कृति का अभिन्न ▸▸ शेष पेज 6 पर

### हर जनपद में एक-एक वृंदावन गांव विकसित किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपना जीवन उपयोगी बनाने के लिए, किसान खेत की एक-एक इंच जमीन को बेहतर बनाएं। प्रदेश के हर जनपद में ▸▸ शेष पेज 6 पर



### नरवाई जलाने की जानकारी सेटेलाइट के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरवाई जलाने की जानकारी सेटेलाइट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। गेहूं की फसल के बाद बचे अवशेष में आग लगाने से खेत की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। मुख्यमंत्री ने किसानों से नरवाई जलाने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के निराकरण के लिए मशीनें उपलब्ध कराई जा रही है और उन पर अनुदान की व्यवस्था भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ों परियोजना से उज्जैन संभाग के सभी किसानों की जिन्दगी बदलेगी। हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचेगा। ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

आतंकियों के खिलाफ होगी निर्णायक कार्रवाई, पाकिस्तान के खिलाफ एक और एक्शन

# आयात-निर्यात पर भी रोक, पीएम मोदी बोले आतंकियों और उनके मददगारों को नहीं छोड़ेंगे

भारत ने स्पष्ट कहा- पाकिस्तान के झंडे वाले कोई भी जहाज भारत के बंदरगाहों पर नहीं लगेंगे। उसके साथ किसी तरह का कोई आयात निर्यात भी नहीं होगा और न ही डाक या पार्सल का कोई आवागमन होगा।



अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर देगा भारत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत, आतंकियों का समूल नष्ट करने का संकल्प ले चुका है। इसके लिए पाकिस्तान को चौतरफा घेरा जा रहा है। तमाम संधियों को तोड़कर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके साथ एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दहाड़ लगाई है। उन्होंने खुले शब्दों में कहा कि भारत किसी भी हाल में आतंकियों और उनके मददगारों को नहीं छोड़ेगा। डेढ़ दर्जन से अधिक देशों का भारत को न केवल समर्थन मिला है बल्कि कई देशों ने भरोसा दिलाया है कि आतंकियों के सफाए के लिए भारत की हर तरह से मदद करने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ हैदराबाद हाउस ▸▸ शेष पेज 6 पर

अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको

38 साल बाद अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हुई



### डाक और पार्सल सेवाओं पर रोक, पाकिस्तानी झंडे वाले जहाज भी बैन

भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पाकिस्तान से आने वाली सभी प्रकार की डाक और पार्सल सेवाओं के आदान-प्रदान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह निर्णय हवाई और जमीनी दोनों मार्गों के लिए लागू होगा। इसके अलावा पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों का भारतीय बंदरगाहों पर प्रवेश बैन कर दिया गया है। अब डाक विभाग द्वारा जारी एक सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है, भारत सरकार ने हवाई और जमीनी मार्गों के माध्यम से पाकिस्तान से आने वाले सभी श्रेणियों के मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को निलंबित करने का फैसला लिया है।

### दोनों देशों के बीच व्यापार अब पूरी तरह से बंद

भारत ने पाकिस्तान से आने वाले या पाकिस्तान को जाने वाले सभी सामानों पर तुरंत रोक लगा दी है। यह रोक सीधे तौर पर या किसी और तरीके से आने-जाने वाले सभी सामानों पर लागू होगी। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग बंद हो गया है। भारत ने साल 2023-24 में भारत ने पाकिस्तान से 3 मिलियन डॉलर का आयात किया था। जबकि 1.2 अरब डॉलर का निर्यात किया था। इससे साफ है कि पाकिस्तान का बड़ा आर्थिक ▸▸ शेष पेज 6 पर

**पाक ने अब्दाली मिसाइल का किया परीक्षण**

पाकिस्तान ने शनिवार को 'अब्दाली' मिसाइल का परीक्षण किया। यह बैलिस्टिक मिसाइल 450 किमी रेंज तक सतह से सतह मार करती है। पाकिस्तानी सेना के एक बयान के अनुसार, यह प्रशिक्षण प्रक्षेपण एक्सरसाइज इंडस के तहत किया गया।पाकिस्तानी सेना ने बताया कि इस प्रक्षेपण का उद्देश्य सैनिकों की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल के एडवांस नेविगेशन सिस्टम व बेहतर मैन्यूवर क्षमता जैसे प्रमुख तकनीकी पहलुओं को सत्यापित करना था। इस मिसाइल परीक्षण को पाकिस्तानी सेना के ▸▸ शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी से मुलाकात कर सीएम उमर ने बताए हालात



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान पहलगाम हमले और उसके बाद बने हालात के साथ साथ सुरक्षा पर चर्चा हुई। दोनों के बीच ये मीटिंग करीब 30 मिनट तक चली। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पीएम को पहलगाम हमलों के बाद जम्मू-कश्मीर की स्थिति और पर्यटकों और पर्यटन उद्योग के लिए स्थिति को स्थिर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ युद्ध और पाकिस्तान के आतंकी शिविरों/बुनियादी ढांचे पर किसी भी हमले के खिलाफ समर्थन की पुष्टि की। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

गोवा शिरगांव में श्री लैराई 'जात्रा' के दौरान मची भगदड़

पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख

# सात लोगों की मौत 80 से ज्यादा घायल



एजेंसी ▸▸ पणजी

उत्तरी गोवा के शिरगांव में शनिवार सुबह एक धार्मिक यात्रा के दौरान मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत और करीब 80 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। हादसा श्री लैराई जात्रा के दौरान हुआ है। इस लौराई यात्रा में हर साल हजारों लोग शामिल होते हैं। हादसे में घायल हुए लोगों का हाल जानने के लिए सीएम प्रमोद सावंत घटना स्थल पर ▸▸ शेष पेज 6 पर

### क्या है लैराई 'जात्रा'

लैराई देवी एक पूजनीय हिंदू देवी हैं, जिनकी मुख्य रूप से गोवा में, विशेषकर दक्षिण गोवा के शिरोडा गांव में पूजा की जाती है। लैराई देवी को समर्पित मंदिर स्थानीय लोगों और आस-पास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र है। जो हर साल बिचोलिम तालुका के शिरगांव गांव में लैराई देवी के सम्मान में मनाया जाता है। इस उत्सव की सबसे प्रमुख विशेषता है अग्नि पर चलने की परंपरा, जिसमें धोंड कहे जाने वाले श्रद्धालु जलती ▸▸ शेष पेज 6 पर

सतना गोलीकांड के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

# पुलिस पर किया फायर, बुलेटप्रूफ जैकेट से बची एसएचओ की जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सतना

जिले के जैतवारा थाना परिसर में हेड कांस्टेबल पर गोली चलाने वाले आरोपी आदर्श उर्फ अच्छू गौतम को पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ टिकुरी-अकौना रोड पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात में हुई। दरअसल, आरोपी आदर्श ने पुलिस पर गोली चलाई थी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। मुठभेड़ में एसएचओ ▸▸ शेष पेज 6 पर

■ बदमाश आदर्श के पैर में लगी गोली



### आरोपी ने 28 अप्रैल को मारी थी गोली

बता दें 28 अप्रैल को आरोपी अच्छू ने जैतवारा थाना परिसर में हेड कांस्टेबल प्रिंस गर्ग को गोली मारी थी। गोली उनके कंधे में ली। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गया था। घायल ▸▸ शेष पेज 6 पर

नीट यूजी परीक्षा आज

## देश भर के 566 शहरों में एक ही पाली में होगी परीक्षा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए रविवार को देशभर में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट यूजी) 2025 का आयोजन करेगी। यह परीक्षा देश में कुल मिलाकर 566 शहरों में आयोजित की जाएगी। इस एग्जाम के लिए एनटीए



ने 30 अप्रैल को एडमिट कार्ड जारी किए थे। जिन कैंडिडेट्स ने अब तक प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं किया है वह ऑफिशियल ▸▸ शेष पेज 6 पर

शिवपुरी में कार ने बाइक को टक्कर मारी

## दो मासूम सहित परिवार के 4 लोगों की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवपुरी

शनिवार दोपहर में जिले के रन्नौद थाना क्षेत्र के माढ़ा गणेशखेड़ा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो मासूम बच्चियों समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि



टक्कर लगते ही चारों लोग सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में दो बच्चियों ▸▸ शेष पेज 6 पर







प्रदेश के आसपास दो सिस्टम सक्रिय, तीन दिन आंधी-बारिश के बीच गिरेंगे ओले

# शिवपुरी, रायसेन, ग्वालियर सहित कुछ जिलों में 5 डिग्री तक गिरा पारा

भोपाल में 60 की रफ्तार से धूलभरी आंधी, कई हिस्सों में बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अभी पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और आसपास के हिमालय क्षेत्र में सक्रिय है। वहीं, मध्य प्रदेश और आसपास के हिस्सों में दो अन्य सिस्टम सक्रिय हैं। इससे प्रदेश में तीन से चार दिन आंधी, बारिश के साथ कुछ जगह ओले गिरेंगे। भोपाल में भी मौसम बदला रहेगा। इससे तापमान में अभी और कमी आएगी। शनिवार को अधिकांश जिलों में पारा गिरा। शिवपुरी, रायसेन, ग्वालियर सहित कुछ जिलों में बारिश के बाद पारा 3 से 5 डिग्री तक गिरा है। भोपाल में आधा डिग्री गिरकर 41.1 डिग्री रहा। हालांकि, रात का 2 डिग्री बढ़कर 25.5 डिग्री रहा। दिन और रात के तापमान सामान्य के करीब रहे। मौसम केंद्र ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 16 भी



### दोपहर बाद शहर में बदला मौसम

भोपाल सहित दो दर्जन से ज्यादा जिलों में दोपहर बाद मौसम में बदलाव रहा। भोपाल में भी शाम 5 बजे से 60 की रफ्तार से धूलभरी आंधी चली, जबकि कुछ हिस्सों में बौछारें भी पड़ीं। श्योपुरकलां, आगर, राजगढ़, सीहोर, रायसेन, छतरपुर, दमोह, पन्ना में कहीं तेज तो मध्यम बौछारें पड़ीं। नरसिंहपुर, कटनी और उमरिया में धूल भरी आंधी चली। शाजापुर, सांची, सागर, बुरहानपुर में ▸▸ शेष पेज 6 पर

Rudraksh KINGSTON
Our Own Kingdom!

SHALIGRAM DEVELOPERS
Quality of the nation





BEYOND HIGH-END
A MASTERPIECE OF
**INTERNATIONAL-STANDARD LUXURY.**

AT **SHALIGRAM DEVELOPERS**, EVERY PROJECT WE UNDERTAKE IS A REFLECTION OF OUR UNWAVERING COMMITMENT TO QUALITY, SAFETY & THE SATISFACTION OF OUR END USERS.

BASED IN **BHOPAL, MADHYA PRADESH**, WE'RE A REAL ESTATE COMPANY, WITH **OVER 15 YEARS OF EXPERIENCE**. WE HAVE SUCCESSFULLY COMPLETED MULTIPLE PROJECTS AND EACH PROJECT REFLECTS OUR UNWAVERING COMMITMENT TO EXCELLENCE & CUSTOMER SATISFACTION.

WE DON'T JUST BUILD STRUCTURES — **WE BUILD RELATIONSHIPS**




**DEVENDRA CHOUKSEY**
CMD, SHALIGRAM DEVELOPERS, BHOPAL



SPACIOUS VILLAS CRAFTED FOR THOSE WHO VALUE PRIVACY, PEACE & PRESTIGE.



A GLASS SANCTUARY IN THE SKY PERFECT FOR STARGAZING, MEDITATING OR SIMPLY UNWINDING ABOVE IT ALL



AN ARCHITECTURAL MARVEL WITH A SKY BRIDGE AND AN INFINITY POOL ELEVATING LIFESTYLE TO BREATHTAKING NEW HEIGHTS



THOUGHTFULLY PLANNED APARTMENTS THAT BALANCE SPACE, COMFORT & LUXURY



AN EXCLUSIVE PENTHOUSE EXPERIENCE — WHERE THE SKYLINE MEETS SOPHISTICATION



A SACRED SPACE WITHIN WHERE FAITH, DEVOTION & COMMUNITY COME TOGETHER.

**BHOPAL**

SITE ADDRESS :
**E-8 EXT. BAWADIA KALAN, NEAR APOLLO HOSPITAL, BHOPAL**
RERA NO. :
**P-BPL-23-4298 (PH-1) | P-BPL-25-5599 (PH-2)**
WEBSITE & EMAIL ID :
**www.rudrakshkingston.com | info@shaligramdevelopers.com |**
CONTACT US :
**+91 96696 94425 / 27 | 96696 90032**




MAJESTIC ENTRANCE



DOWNLOAD BROCHURE
CONNECT SOCIALLY

423 JOYFUL HOMES
47 VILLAS
27 ACRES LAND AREA
27,250 SQFT LARGE PODIUM GARDEN
48000 SQFT CLUBHOUSE

5 3812 करोड़ की लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का...



16 ननि की गाड़ियों से डीजल चुराते वीडियो हुए...





फायरिंग में लग सकती थी एसआई और साथ खड़े हेड कांस्टेबल सहित कांस्टेबल को गोली

# फरहान पर हत्या के प्रयास का केस, एसआई की सर्विस रिवाल्वर छीनते समय हुआ फायर

## लघुशंका के बहाने उतरा था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बहुचर्चित और संवेदनशील मामले में प्रतिदिन नया मोड़ आ रहा है। छात्राओं से दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न समेत धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले मुख्य आरोपी फरहान पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। उक्त मामला अशोका गार्डन थाने के एसआई विजय भामरे की शिकायत पर रातीबड़ थाने में दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि पुलिस को फरार आरोपी अबरार के बिल्किसगंज में होने की सूचना मिली थी।



■ शिकायत पर रातीबड़ थाने में प्रकरण दर्ज

### झूमाझटकी में एसआई को भी मामूली चोट आई

पुलिस आरोपी फरहान को बिल्किसगंज अबरार की गिरफ्तारी के लिए ले जा रही थी। रात करीब सवा 11 बजे के आसपास गांव सरवर जोड़ के पास आरोपी ने लघुशंका करने की गुजारिश की। सब इंस्पेक्टर, विजय भामरे, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल गाड़ी से उतरे और उसे सड़क किनारे ले जाने लगे। इसी बीच आरोपी ने एसआई भामरे की सर्विस रिवाल्वर छीनने का प्रयास किया और फायर हो गया। फायर होने से गोली फरहान के दाहिने पैर में पिंडली पर लगी थी। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। झूमाझटकी में एसआई भामरे को भी मामूली चोट आई है।



### फरहान, अली, नबील और साहिल रिमांड पर

पुलिस ने शुक्रवार को फरहान और साहिल की रिमांड ली थी। अली पहले से रिमांड पर है। उसकी रिमांड अवधि बढ़वाई गई थी। वहीं नबील की गिरफ्तारी के बाद उसे रिमांड पर लिया गया है। फरहान को गोली लगने के कारण वह अस्पताल में भर्ती है। उसके ठीक होने पर पुलिस उससे पूछताछ करेगी। अबरार पर दो थानों की पुलिस ने 10-10 हजार का इनाम घोषित किया है। पश्चिम बंगाल में पुलिस की टीम उसकी तलाश कर रही है। वह पुलिस को लगातार चकमा दे रहा है। पुलिस की टीम साहिल की डांस एकेडमी पहुंची थी। मानव तस्करी की आशंका के चलते पुलिस ने जांच की, लेकिन वहां ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला।

### घटना स्थल से मिला गोली का खोखा

फरहान को गोली लगने के बाद एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची, एफएसएल की टीम को मौके से उसे गोली का खोखा मिला है, जो फरहान को लगी थी, इसे टीम ने जब्त कर लिया है। घटना की जांच करने के लिए एफएसएल की टीम शनिवार दिन में पहुंची थी। जिस स्थान पर फरहान को गोली लगने की बात कही गई थी, वहीं एफएसएल की टीम को गोली का खोखा मिला।

## भोपाल पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की जांच समिति, पुलिस अधिकारियों से ली जानकारी

राजधानी स्थिति एक निजी कॉलेज में सामने आए लव जिहाद कांड में स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने एक तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। यह जांच समिति अपनी जांच के लिए शनिवार को भोपाल पहुंच गई है। जांच समिति के तीनों सदस्यों में निर्मल कौर (सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी, पूर्व डीजीपी, झारखंड), निर्मला नायक (अधिवक्ता, जबलपुर उच्च न्यायालय) एवं आशुतोष पांडेय (अवर सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग) शामिल हैं। समिति ने पहले दिन इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की तथा मामले की जमीनी वास्तविकता को समझने का प्रयास किया। आयोग यह सुनिश्चित करेगा कि पीड़िताओं को न्याय मिले और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

### आज पीड़िताओं के परिजन से मिलेगी समिति

रविवार को यह जांच समिति घटना से जुड़ी कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए पीड़ित छात्राओं, उनके परिजनों और संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करेगी। सभी पक्षों से बातचीत के आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जरूरी सुझाव देगी।

## यह सब अपराध की शिक्षा किस स्थल और किसने दी, उसको देश के अंदर से हटाओं : शर्मा

राजधानी में हुए लव जिहाद को लेकर आम जनता के साथ-साथ नेता, मंत्री विधायक भी बहुत आक्रोशित है। सभी लव जिहाद पर विरोध जताकर इस गिरोह में शामिल सभी आरोपियों को फांसी देने की मांग कर रहे है। लव जिहाद को लेकर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा का भी गुस्सा फूट पड़ा है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मैं पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर सवाल पूछे है कि यदि अपराधी ने यह स्वीकार किया है कि इस्लाम धर्म के मुताबिक हिंदू बहन-बेटियों के साथ बलात्कार करने में उनका सवाब मिलता है, तो यह शिक्षा किस ग्रंथ में लिखी है?, जिस ग्रंथ में यह लिखा है उसकी जब्त करो।



### अपराधियों की सांठगांठ के पूरे गिरोह का पदार्फाश करना है

रामेश्वर ने कहा कि यह सब अपराध की शिक्षा किस स्थल पर दी गई। किसी मदरसे में दी गई, कौन से मौलवी ने उनको पढ़ाया, उसकी जानकारी निकालो। रामेश्वर ने कहा कि ऐसी शिक्षा देने को भी अपराधी बनाकर ऐसे धर्म ग्रंथ भी इस देश के अंदर से हटना चाहिए। जो बच्चों के अंदर अपराध पैदा कर रहे हैं और ऐसी प्रेरणा दे रहे हैं कि यदि तुम ऐसे अपराध करोगे तो तुम्हें जन्नत मिलेगी। उनको जन्नत मिलेगी कि कब्रिस्तान मिलेगा यह तो बाद की बात है, लेकिन अपराध की तह में भी जाना होगा। अपराधियों की सांठगांठ के पूरे गिरोह का पदार्फाश करना है।

## लव जिहादियों को पैर पर नहीं, छाती पर गोली मारनी चाहिएः मंत्री सारंग

भोपाल में लव जिहाद मामले के मुख्य आरोपी के शॉर्ट एनकाउंटर के बाद सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।



उन्होंने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जो लोग लव जिहाद करते हैं, बहन-बेटियों को गुमराह कर उनका धर्म परिवर्तन करवाते हैं, ऐसे लोगों को देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है। ये लोग धरती पर बोझ हैं और इनके साथ कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। मंत्री सारंग ने कहा कि लव जिहादियों को पैर पर नहीं, छाती पर गोली मारनी चाहिए। प्रदेश में लव जिहाद किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जो भी व्यक्ति इस तरह की हरकतों में संलिप्त पाया जाएगा, उसे सरे राह गोली मार देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बहन-बेटियों की सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और राज्य में ऐसे असामाजिक तत्वों के लिए कोई जगह नहीं है।

## नाम बदलकर लेडी सब इंस्पेक्टर से रचाई थी शादी, प्रताड़ित किया

**रायसेन।** मंडीदीप के एक थाने में पदस्थ महिला सब इंस्पेक्टर से नाम बदलकर शादी करने का मामला सामने आया है। वर्ष 2019 में भोपाल में सब इंस्पेक्टर की परीक्षा की तैयारी कर रही महिला आरक्षक एक युवक के संपर्क में आई और उन्होंने विवाह कर लिया, लेकिन महिला आरक्षक को नहीं मालूम था कि जिस अमन नामक युवक से वह विवाह कर रही है, असलियत में वह अमन नहीं बल्कि इस्तिहाक है। इसका पता महिला आरक्षक को तब चला जब उसके हाथ पति के नाम आया कोई पत्र लगा। बीते एक-दो साल से इस्तिहाक महिला सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट करने लगा। तंग आकर फरवरी 2025 में महिला ने मंडीदीप थाने में इस्तिहाक अहमद के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई। यह मामला शुक्रवार को भोपाल में इस्तिहाक की गिरफ्तारी के बाद सामने आया। अब इस मामले में इस्तिहाक के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा भी बढ़ाई जा रही है।

### कैफे संचालक है आरोपी

*एसपी पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपी इश्तिहाक अहमद भोपाल के जहांगीराबाद में कैफे चलाता है। 2019 में उसकी पीड़िता से मुलाकात हुई थी। आरोपी ने खुद को अमन बताकर मदद का भरोसा दिलाया और शादी कर ली। रिपोर्ट में इसका भी जिक्र किया गया है कि पहले आरोपी ने गलत नाम बता कर शादी की थी। पीड़िता की शिकायत के बाद आरोपी को शुक्रवार को भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 420 और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि मकान की रजिस्ट्री के दौरान दस्तावेजों में आरोपी का वास्तविक नाम की जानकारी पीड़िता को मिली।*




डॉक्टर्स बोले: डॉ. अरुणा को नहीं हटाया तो करेंगे हड़ताल

# डीएमई डॉ. अरुणा को हटाने देशभर के डॉक्टरों ने खोला मोर्चा

## प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री को डॉ. अरुणा की नियुक्ति निरस्त करने लिखे पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी के साथ देशभर में ऐसा पहली बार हो रहा कि पूरे देशभर के डॉक्टरों ने मप्र की चिकित्सा शिक्षा संचालक (डीएमई) बनाई गई डॉ. अरुणा कुमार को हटाने के लिए मोर्चा खोला है। दो दिन पहले शासन ने जब डीएमई के पद पर डॉ. अरुणा कुमार को नियुक्त किया तो गांधी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने सबसे पहले विरोध कर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से मिलकर तत्काल डॉ. अरुणा को हटाने की मांग की थी। जूडा के विरोध के बाद शुक्रवार को मप्र मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने भी डॉ. अरुणा को हटाने के लिए आंदोलन शुरू कर दिया।

शनिवार को डॉ. अरुणा को हटाने का आंदोलन पूर प्रदेश, पूरे देश में फैलने लगा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और राष्ट्रीय जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने भी इस विरोध को समर्थन दिया है। देश में यह पहला मौका है, जब किसी एक महिला डॉक्टर्स की नियुक्ति का विरोध राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा हो।

### डॉक्टरों ने हमीदिया अस्पताल में किया प्रदर्शन

शनिवार को हमीदिया अस्पताल परिसर पर बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने विरोध प्रदर्शन किया। गांधी मेडिकल कॉलेज से जुड़े जूनियर डॉक्टर्स, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) और सीनियर फैकल्टी सदस्यों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लिए जमकर नारेबाजी की। सभी डॉक्टरों की एक ही मांग थी कि डॉ. अरुणा कुमार की नियुक्ति तुरंत रद्द की जाए और इस पद पर निष्पक्ष व विवादमुक्त छवि के व्यक्ति को नियुक्त किया जाए। इन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी पदस्थाना रद्द नहीं की जाती है तो पूरे प्रदेश में आंदोलन के साथ हड़ताल भी होगी।




### कई बार तनावपूर्ण स्थिति बनी

डॉ. अरुणा कुमार के पूर्व प्रशासनिक कार्यकाल में एक महिला जूनियर डॉक्टर ने मानसिक प्रताड़ना के चलते आत्महत्या जैसा कदम उठाया था। उनके व्यवहार के चलते कॉलेज परिसर में कई बार तनावपूर्ण स्थिति बनी। जब वे विभागाध्यक्ष थी तब भी कई जूनियर डॉक्टरों की थीसिस पर हस्ताक्षर नहीं किए, जिससे उन्हें एकेडमिक नुकसान उठाना पड़ा। हम नहीं चाहते कि प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था के शीर्ष पद पर कोई विवादित व्यक्ति बैठे।

**डॉ. कुलदीप गुप्ता,** अध्यक्ष, जूडा एसोसिएशन

### जबलपुर, इंदौर में भी हुआ विरोध

डॉ. अरुणा कुमार की नियुक्ति के खिलाफ जबलपुर के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, जूनियर डॉक्टर नेटवर्क और एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर की जूडा इकाई ने भी आपत्ति जताई है। डॉ. अरुणा की नियुक्ति के विरोध में हमीदिया अस्पताल में बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर्स, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के सदस्य और अन्य चिकित्सक शामिल हुए। चिकित्सा शिक्षा जैसे संवेदनशील विभाग में ऐसा व्यक्ति नहीं चलेगा, जिस पर गंभीर आरोप और विवाद हो।

**डॉ. राकेश मालवीया,** अध्यक्ष, मप्र मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन

---

## खबर संक्षेप

### कायस्थ समाज आज मनाएगा चित्रगुप्त का प्राकट्य दिवस

**भोपाल।** भगवान चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्य दिवस रविवार को चित्रगुप्त मंदिरों में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस शुभ अवसर पर राजधानी के सभी चित्रगुप्त मंदिरों में अभिषेक कर नए वस्त्र धारण कराकर पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण होगा। साकेत नगर पंचवटी के पास शिव मंदिर में चित्रगुप्त भगवान का शाम 5 बजे से वैदिक मंत्रों से पूजन, अभिषेक एवं महाआरती होगी। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज जी के प्राकट्योत्सव पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मंदिर परिसर में काउंटर लगाकर प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।

### गोवंश आधारित रोजगार कार्यशाला का आज किया जाएगा आयोजन

**भोपाल।** लोक कल्याण समिति श्रीराम गो संवर्धन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में गोशाला प्रबंधन एवं आत्मनिर्भर भारत में गोमाता का योगदान कार्यक्रम का रविवार को सुबह 10:30 बजे पुरुषार्थ भवन महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर डिजिटल वेब पोर्टल का लोकार्पण युवाओं के लिए स्वावलंबन एवं गोवंश आधारित रोजगार कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा गोमाता के आर्थिक, सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर संवाद का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश देवाचार्य शामिल होंगे।

### 121 कुंडीय अखंड शनि महायज्ञ के लिए भूमिपूजन संपन्न

**भोपाल।** राजधानी के नेहरू नगर स्थित प्राचीन नवग्रह मंदिर में 121 कुंडीय अखंड शनि महायज्ञ के लिए शनिवार को भूमिपूजन संपन्न हुआ। शनि जयंती महोत्सव के तहत यह महायज्ञ आगामी 19 से 27 मई तक आयोजित होगा। शनि महायज्ञ के चलते श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री राम कथा का भी आयोजन होगा। यह महायज्ञ देश की सुरक्षा एवं विश्व कल्याण के पवित्र संकल्प के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस महायज्ञ में हजारों की संख्या में जातक भाग लेंगे और शं शनैश्चराय नमः मंत्र के साथ यज्ञ में आहुति देकर ग्रहशांति प्राप्त करेंगे।

---

सयाजी, द रेसीडेंसी, कान्हा फन सिटी, व्यंजन सहित अन्य में नहीं फायर एनओसी

## सयाजी समेत बड़े होटलों के बार में नहीं मिली आग से बचाव की व्यवस्था, 58 बार-रेस्टोरेंट सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के होटल और बारों में आग से बचाव के इंतजाम नाकाफी हैं, बिजली तारों को भी तरतीब से नहीं लगाया गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में शनिवार को आबकारी विभाग के अमले ने एक साथ 84 बारों का निरीक्षण किया, जिसमें 59 बार और रेस्टोरेंट में कमियां मिलने के बाद उन्हें सील कर दिया है। अब इन बारों में शराब नहीं पिलाई जा सकेगी।

शनिवार को 59 होटल व बारों में पहुंची आबकारी टीम ने एक साथ सयाजी, द रेसीडेंसी और भोजपुर क्लब सहित अन्य बड़े होटलों में पहुंचकर अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था को देखा। साथ ही प्रबंधन से फायर एनओसी और विद्युत सुरक्षा प्रमाणपत्र पेश करने को कहा, लेकिन वह नहीं दिखा पाए। ऐसे में आबकारी ने 59 बारों पर कार्रवाई कर उन्हें सील कर दिया है।

*अब इन बारों में शराब नहीं पिलाई जा सकेगी*

### 84 बारों को मिली शराब पिलाने की परमिशन

- आबकारी विभाग ने क्लब और बड़े होटलों में अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था का किया निरीक्षण
- फायर एनओसी और विद्युत सुरक्षा प्रमाण-पत्र नहीं दिखा पाए प्रबंधन

आबकारी विभाग ने जिले में 84 बारों को शराब पिलाने की परमिशन दी है। जिनमें होटल व रेस्टोरेंट में संचालित होने वाले 38 और 21 बारों का आबकारी टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान फायर एनओसी पेश नहीं करने पर निलंबित कर सील कर दिया है। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि होटल व रेस्टोरेंट में न तो बिजली सुरक्षा प्रमाण पत्र और अग्नि सुरक्षा के इंतजाम व एनओसी नहीं मिली है, जिससे इन सभी का लाइसेंस निलंबित करते हुए सील कर दिया है।




### 38 रेस्टोरेंट बार को किया सील

10 डाउन स्ट्रीट, बारबीक्यू नेशन, बारेल्स बार, वावर्ची, भोजइन, भुजी वाय, वास्कास, क्लब ओबेलो, ड्रीम लैंड, ड्रींक हिल, फर्जी कैफे, फर्जी हाउस, फ्लाइंग सासर, गुनवानी, हैप्पी फूड, हंटर स्पोर्टस एंड क्लब, आइवरी, जूनीनी, एमके रेस्ट्रो, मालीक्यूल एयर, माय बार हेडक्वाटर, निरवाना बार, परफेक्ट, रंजीत गोल्डन, रिथीयम, रीमिक्स, रोमियोलेन, शकी, शाही हवेल, सिंपली फूड, स्माकड ग्रिल, सासियालिट सेविन, सोम्या, टव टोस्ट एंड बिलीस, तड़का, ट्रिपली सेविन, अर्बन वार और वी क्लब शामिल हैं।

### 20 होटलों के बारों को किया सील

द रेसीडेंसी, कान्हा फन सिटी, व्यंजन, विश्वास, सूर्या, स्कायलर्क, शिवा, सयाजी, सत्या विलास, रंजीत, राजदूत गौरव, प्रसीडेंट, मनप्रीत, लालस प्लाजा, गोल्डन बार, किट्रस प्राइम, अवध पैलेस आमेर पैलेस, इफोटाल वाय सयाजी और आमेर ग्रीन्स शामिल हैं, जबकि सिविलियन क्लव बार में भोजपुर क्लब बार को सील किया गया है।

---

नीट परीक्षा 2025 आज

## सेंटरों की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग, पर्यवेक्षकों के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर रहेगी रोक

- परीक्षा दोपहर दो बजे से, पर छात्रों का आना होगा एक बजे
- मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, आभूषण, नोज पिन, गले में चेन, धागे, पेन पर रहेगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशलन टेस्टिंग एंजेसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जा रही नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट 2025 (नीट) परीक्षा को लेकर सेंटरों पर गड़बड़ी रोकने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है। एनटीए की गाइडलाइन के अनुसार सेंटरों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। भोपाल के करीब 14 हजार से ज्यादा छात्र नीट परीक्षा में शामिल होंगे। नीट परीक्षा के लिए शहर में 35 सेंटर बनाए गए है। सभी सेंटरों पर सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा होगी। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षकों के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर रोक रहेगी। अगर ऐसा होता है तो पर्यवेक्षक की जांच की जाएगी। पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए एनटीए निर्णय लिया गया है। दिव्यांगों को परीक्षा में अतिरिक्त समय दिया जाएगा। यह परीक्षा रविवार दोपहर दो बजे से शुरू होगी, लेकिन परीक्षार्थियों का केंद्र में प्रवेश एक बजे शुरू हो जाएगा। परीक्षार्थी को नोज पिन से लेकर गले में चेन, धागे, पेन, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, आभूषण सहित किसी भी प्रकार की सामग्री पर प्रतिबंध रहेगा।




### एक सेंटर पर दो पर्यवेक्षकों की रहेगी ड्यूटी

सेंटर पर पर्यवेक्षकों को सुबह नौ बजे से पहले की परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना होगा। एक परीक्षा केंद्र में दो परीक्षक होंगे, जिन्हें आपस में बातचीत करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनावश्यक व्यक्तियों के आने जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह,** कलेक्टर

### 50 टीमों की तैनाती

परीक्षा केंद्रों पर चिकित्सा संबंधी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाया गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए एक चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ रहेगा। विभाग द्वारा 50 टीमों की तैनाती के साथ 108 एंबुलेंस वाहन भी क्विक रिस्पांस के लिए लगाए गए हैं।

**डॉ. प्रभाकर तिवारी,** सीएमएचओ

### परीक्षा पैटर्न में एनटीए ने किया बदलाव

एनटीए ने इस वर्ष नीट परीक्षा 2025 में कुछ बदलाव किए गए हैं। भौतिकी, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, और वनस्पति विज्ञान विषयों से कुल 180 प्रश्न होंगे। पहले नीट परीक्षा में 200 प्रश्न आते थे। जिसके लिए 200 मिनट मिलते थे। पर इस वर्ष परीक्षा की अवधि 180 मिनट निर्धारित की गई है। एनटीए ने 20 मिनट कम करने के साथ ही 20 प्रश्न भी कम कर दिए है।

---

ई-6 जनता कॉलोनी में देवी भागवत कथा

## कृष्ण-राधा के प्राकट्योत्सव पर बधाई गीतों पर खूब झूमे श्रोता



**भोपाल।** नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... कथा पंडाल बना गोकुल, श्रोताओं ने झूमकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाते हुए बधाइयां लुटाई। शहर के ई-6 जनता कॉलोनी स्थित महर्षि दयानन्द स्कूल में 6 दिनों से चल रही संगीतमय देवी भागवत कथा में राधारानी का प्राकट्य उत्सव मनाया गया।

कथा के दौरान श्री राधा और कृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई, जिसमें शशांक शेखर महाराज ने वृषभानु और कीरत देवी के विवाह का प्रसंग बताया, जिसे नंदबाबा द्वारा संपन्न कराया जाता है। पिछले जन्म में वृषभानु और कीरत देवी ने माँ आदिशक्ति से उनके यहां कन्या रूप में जन्म लेने हेतु तपस्या की थी, जिसके बाद जगदम्बा वृषभानु जी के यहां राधारानी के रूप में अयोनिज प्रकट होती हैं। साथ ही कंस के कारागार में नारायण अपने स्वयंभू रूप में प्रकट हो जाते हैं। इसके बालक कृष्ण को वासुदेव, नन्दबाबा को देकर कन्या सहित वापस मथुरा आते हैं और उधर गोकुल में कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई जाती हैं।

### अहमदाबाद से दानापुर के बीच चलेगी समर स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन

**भोपाल।** समर सीजन में ट्रेनों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए भोपाल रेल मंडल के संत हिरदाराम नगर, बीना स्टेशन से होकर अहमदाबाद से दानापुर के लिए साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09407/09408 अहमदाबाद दानापुर स्पेशल दोनों दिशाओं में सात-सात फेरे चलेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 09407 अहमदाबाद-दानापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 6 मई से 17 जून तक प्रत्येक मंगलवार को अहमदाबाद स्टेशन से सुबह 09:20 बजे प्रस्थान कर, संत हिरदाराम नगर रात 21:00 बजे, पहुंचकर अगले दिन बीना मध्यरात्रि 00:10 बजे, सागर 01:30 बजे, दमोह 03 बजे, कटनी 06:00 बजे, सतना 07:45 बजे पहुंचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए बुधवार रात 19 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

15 मई से होगी एडमिशन प्रोसेस शुरू

## कॉलेजों में प्रवेश के लिए इस बार बदल सकता है पोर्टल

- नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी रहेगी कि वे कॉलेज चलो अभियान के तहत जारी दिशा-निर्देशों का पालन कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर के कॉलेजों में इस बार प्रवेश प्रक्रिया 15 मई से शुरू होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार प्रवेश के लिए विभाग प्रवेश पोर्टल बदल सकता है। पिछले साल तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीयन किए गए थे। विभाग ने सभी जिलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं, जो प्रवेश से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए उच्च शिक्षा संचालनालय से समन्वय स्थापित करेंगे।

### विभाग ने उठाया महत्वपूर्ण कदम

बताया गया है कि अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 में मध्य प्रदेश के कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाने के लिए विभाग ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बताया गया है कि नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी रहेगी कि वे कॉलेज चलो अभियान के तहत जारी दिशा-निर्देशों का पालन कराएं और प्रतिदिन प्रवेश से संबंधित रिपोर्ट अतिरिक्त संचालक को प्रस्तुत करें।

### हेल्पलाइन नंबर भी किया जारी

उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन काउंसलिंग की व्यवस्था की है, जहां विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रवेश से संबंधित सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 18008908399 और हेल्पलाइन नंबर 8000063632 भी जारी किए गए हैं।

## गंज बासौदा में स्थित माल शेड को अब बरेठ में किया जाएगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- रेलवे ने शुरू की टेंडर प्रक्रिया
- 66 लाख की लागत से चार माह में पूरा होगा निर्माण

भोपाल रेल मंडल के गंजबासौदा में स्थित माल शेड को अब बरेठ में स्थानांतरित किया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने इस परियोजना की तैयारी शुरू कर दी है। बरेठ में नया माल शेड 66 लाख रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा, जिसका निर्माण कार्य आगामी चार महीनों में पूरा करने का लक्ष्य है। इस निर्णय से गंजबासौदा स्टेशन पर मालवाहन के बढ़ते दबाव और शहर के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही से होने वाली असुविधा में कमी आएगी। साथ ही माल ढुलाई कार्य सुगम हो सकेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बरेठ में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, जिससे भविष्य में विस्तार की भी संभावना है।

### व्यापारियों व किसानों को मिलेगा फायदा

बरेठ में माल शेड बनने से स्थानीय व्यापारियों और किसानों को विशेष रूप से लाभ होगा। उन्हें अपनी कृषि उपज और अन्य सामान को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजने और मंगवाने में सुविधा होगी। इसके साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और गंज बासौदा स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ भी घटेगी। इस परियोजना के तहत बरेठ स्टेशन पर आवश्यक अधोसंरचना जैसे प्लेटफार्म का विस्तार, माल गोदाम का निर्माण, रेल लाइन का अपग्रेडेशन और मालवाहन संचालन हेतु तकनीकी सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

---

## स्कूली शिक्षा : 3 साल में सभी जिलों में लागू नहीं हुई ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था

- फिलहाल दिशा-निर्देश जारी होने के बाद नरसिंहपुर-उज्जैन में ही व्यवस्था शुरू हुई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने और शिक्षक-विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन एप के माध्यम से हाजिरी दर्ज कराने की व्यवस्था लागू की थी, लेकिन यह व्यवस्था इस सत्र में भी प्रदेश के सभी स्कूलों में लागू नहीं हो गई है। हाल ही में नरसिंहपुर और उज्जैन में यह व्यवस्था लागू की गई है, जबकि प्रदेश में सत्र शुरू हुए करीब एक माह बीत गए।

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 7 अक्टूबर 2022 को ऑनलाइन एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने व्यवस्था लागू करने के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर को आदेश जारी किए गए थे। इस व्यवस्था को ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम नाम दिया गया था। इसके लिए मोबाइल एप भी तैयार किया गया है। विभाग द्वारा बाकायदा शिक्षकों को टेबलेट भी दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया था कि शैक्षणिक गुणवत्ता में उपलब्धि के लिए यह आवश्यक है कि बच्चे शाला में नियमित रूप से उपस्थित हो। इस व्यवस्था को लागू करने के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर इसकी दैनिक मॉनिटरिंग की बात कही थी, लेकिन इस लागू नहीं किया जा सका।

अब तक मार्केट में चला चुका था 40 हजार के नकली नोट

## घर में कंप्यूटर और प्रिंटर लेकर छाप रहा था 50 और 100 के नकली नोट

### निशातपुरा पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान पकड़ा तो खुद को बताया स्विगी का डिलीवरी ब्वॉय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उससे 13 हजार 400 रुपए के नकली नोट बरामद किए है। आरोपी अपने घर में कंप्यूटर पर 50 और 100 रुपए के नकली नोट प्रिंट कर बाजार में चला रहा था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी स्विगी का डिलीवरी ब्वॉय बनकर मार्केट में नकली नोट चला रहा था, ताकि उस पर कोई संदेह न कर सकें। आरोपी से चोरी के दो दोपहिया वाहन भी जब्त किए हैं।

डीसीपी जोन-4 जितेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड चौराहा पर वाहन चैकिंग चल रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध वाहन चालक की गाड़ी का नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा था। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसकी स्कूटी की डिग्गी से भारतीय मुद्रा के 100 रुपए के कुछ नोट पड़े मिले। पुलिस ने असली नोटों से मिलान किया तो नकली निकले। संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसकी जेब से 100-100 रुपए के नोटों की गड्डी रखी मिली। वे भी नकली थे। उनके सीरियल नंबर का मिलान करने पर सभी नोटों के सीरियल नंबर एक जैसे मिले। पूछताछ करने पर संदेही ने अपना नाम जाकिर खान (42) निवासी इन्द्र विहार कॉलोनी थाना कोहेफिजा, होना बताया।

### घर से बरामद हुए नकली नोट व प्रिंटर



पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह घर में अपने कंप्यूटर पर नकली नोट बनाता है और कुछ नकली नोट घर पर भी रखे हुए हैं। लिहाजा पुलिस शनिवार सुबह उसके घर लेकर तलाशी लेने पहुंची। घर की तलाशी लेने पर नकली नोट प्रिंट करने का प्रिंटर, 100-100 रुपए के नोटों की गड्डी, जिसमें कुल 55 नोट मिले। सभी नोटों के सीरियल नंबर एक जैसे थे। आरोपी के कब्जे सादा कागज के दोनों ओर 100 व 50 रुपए के नोट के 2-2 नोट प्रिंट किए हुए 50 कागज मिले। इन सभी का सीरियल नंबर एक जैसा है। मौके से पुलिस को नकली नोट प्रिंट करने की अन्य सामग्री भी मिली। पुलिस ने विधिवत रूप से सभी सामान जब्त कर आरोपी जाकिर खान को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 179, 180, 181 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### सिर्फ छोटे नोट ही प्रिंट कर रहा था

पुलिस ने बताया कि आरोपी जाकिर खान करीब छह माह से नकली नोट प्रिंट कर रहा था। वह सिर्फ 50 और 100 रुपए के नोट ही बना रहा था। उसका कहना है कि छोटे नोट मार्केट में आसानी से चल जाते हैं। किसी को संदेह नहीं होता। अब तक वह करीब 40 हजार रुपए के नकली नोट मार्केट में चला चुका है। आरोपी से नकली नोट प्रिंट करने व अन्य संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त होने के संबंध में पूछताछ की तो उसने दो वाहन चोरी करना भी स्वीकारा है। पुलिस ने चोरी के वाहन भी जब्त कर लिए हैं।

# दुधाखेड़ी माता मंदिर परिसर को देवी लोक के भव्य रूप में विकसित किया जाएगा

## पूरे मालवा क्षेत्र को मिलेगा पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ों परियोजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि क्षेत्र की आस्था के केंद्र दुधाखेड़ी माता मंदिर परिसर को देवी लोक के रूप में भव्य रूप से विकसित किया जाएगा। इसके विकास कार्यों और सौन्दर्यीकरण के लिए प्रत्येक कार्य होगा। मुख्यमंत्री ने दुधाखेड़ी माता मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना तथा दर्शन किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर हाथ को काम और हर खेत को पानी उपलब्ध कराना हमारी सरकार का संकल्प है। इसके लिए प्रदेश में विशाल पैमाने पर औद्योगिकरण तथा सिंचाई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मंदसौर जिले के ग्राम दुधाखेड़ी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां 400 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि गरोठ भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास हो रहा है। यह क्षेत्र अब देश में चहुंओर से जुड़ रहा है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे तथा अन्य मार्गों के निर्माण से गरोठ भानपुरा क्षेत्र देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ रहा है। उज्जैन-गरोठ मार्ग निर्माण से हमारी सरकार ने उज्जैन से इस क्षेत्र के हजारों साल पुराने संबंध को और पक्का करने का कार्य किया है। इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रहे हैं क्षेत्र में अब चीते दौड़ते हुए दिखेंगे।

*मंदसौर जिले के पवित्र तीर्थ दुधाखेड़ी माता मंदिर परिसर में हुआ कार्यक्रम*

*मुख्यमंत्री ने दुधाखेड़ा में 400 करोड़ रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन*



### भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरोठ भानपुरा क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्व है। यहां पर भानपुरा शंकराचार्य की पीठ स्थापित है। मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य सत्यमित्रानंद महाराज के कार्यों का जिक्र करते हुए धर्म तथा राष्ट्र के लिए विभिन्न शंकराचार्य के कार्यों तथा भूमिका पर प्रकाश डाला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में जिन-जिन स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई है, उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। गीता भवन बनाए जा रहे हैं। गरोठ भानपुरा में भी गीता भवन बनाया जाएंगे। कामधेनु योजना से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा रही है। कार्यक्रम को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद सुधीर गुप्ता ने भी संबोधित किया।

### सीएम डॉ.यादव ने किया इन परियोजनाओं का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुधाखेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में 223 करोड़ 26 लाख रुपए लागत से निर्मित शामगढ़-सुवासरा वृहद सूक्ष्म सिंचाई परियोजना विस्तारीकरण, 60 करोड़ 3 लाख रुपए लागत की ताखाजी सूक्ष्म मध्यम सिंचाई परियोजना, 2 करोड़ 48 लाख रुपए लागत से शामगढ़ बोलिया मार्ग कंधारी नदी पर पुल निर्माण तथा 7 करोड़ 71 लाख रुपए लागत से निर्मित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन गरोठ तथा तहसील कार्यालय भवन निर्माण का लोकार्पण किया गया। उन्होंने 102 करोड़ 64 लाख रुपए लागत के गरोठ बोलिया मार्ग टू-लेन निर्माण और 4 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाला गरोठ शामगढ़ मार्ग से दादावाड़ी से हिंगोरिया मार्ग का भूमिपूजन किया गया।

---

## खबर संक्षेप

### कल वरिष्ठ नेता लुनावत का होगा पुण्य स्मरण

**भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विजेश लुनावत के चतुर्थ पुण्य स्मरण में विजेश लुनावत स्मृति फाउंडेशन 5 मई को शाम 5 बजे पॉलीटेक्निक चौराहा स्थित एनआईटीटीआर ऑडोटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश मुख्य वक्ता एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद आलोक शर्मा एवं महापौर मालती राय उपस्थित रहेंगे।

### 'पत्रकारों से मारपीट पर क्या कार्रवाई करेंगे सीएम'

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भिंड जिले में एसपी असित यादव द्वारा पत्रकारों के साथ मारपीट करने के मामले में सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सवाल उठ रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस इस घटना पर कार्रवाई करेंगे या चुप्पी साधकर यह संदेश देंगे कि माफिया के संरक्षण में पुलिस की गुंडागर्दी फल-फूल रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर पीसीसी चीफ ने कहा है कि जिस खाकी वर्दी को जनता की सुरक्षा के लिए पहनाया गया, वह अब आतंक और दमन का प्रतीक बनती जा रही है।



---

## सीतामऊ में 'कृषि उद्योग समागम-2025' में 'खाद्य प्र-संस्करण उद्यमियों से संवाद' कार्यक्रम

# 3812 करोड़ की लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और भूमिपूजन

*6 हजार 850 लोगों को मिलेगा रोजगार, निवेशकों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं: सीएम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदसौर जिले के सीतामऊ में आयोजित 'कृषि उद्योग समागम-2025' में 'खाद्य प्र-संस्करण उद्यमियों से संवाद' कार्यक्रम में कहा कि खुशहाल कृषक और उन्नत कृषि मप्र की पहचान है। खाद्य प्र-संस्करण से जहां उद्योगों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, वहीं किसान भी आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे, राज्य सरकार का संकल्प भी यही है। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों के लिए हमारी सरकार सरल व अनुकूल नीतियों का निर्माण कर उद्यमियों को बढ़ावा दे रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 3812 करोड़ रुपए की लागत की 11 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण, भूमिपूजन हुआ है। इससे स्थानीय स्तर पर 6850 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कृषि संबंधी उद्योगों की संभावनाओं पर निवेशकों से चर्चा की। साथ ही नीमच-मंदसौर जिले में नवीन उद्योग स्थापित करने वाले निवेशकों को आशय प्रमाण-पत्र (लेटर ऑफ इन्टरेस्ट) भी प्रदान किए गए हैं।

### खास बातें

- ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता
- संभाग और जिला स्तर पर भी होंगे कृषि उद्योग समागम, मुख्यमंत्री ने खाद्य प्र-संस्करण उद्यमियों से किया संवाद



### उद्योगों को प्रोत्साहित करना आवश्यक: मुख्य सचिव जैन

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मप्र को रोजगारोन्मुखी बनाना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता है। उनका मानना है कि इसके लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। मप्र की ग्रोथ रेट देश के बड़े राज्यों में सर्वाधिक है। जीडीपी में भी कृषि का योगदान 44 प्रतिशत है। प्रदेश में सिंचाई के रकबे में हुई वृद्धि से कृषि क्षेत्र में उत्पादन उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। मंदसौर, नीमच क्षेत्र मसालों के लिए विख्यात रहा है। यहां खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों में पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और विस्तार में सरलता के लिए राज्य सरकार ईज ऑफ डूईंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

### समागम संभाग और जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे: अपर मुख्य सचिव राजन

अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अनुपम राजन ने कहा कि कृषि उद्योग समागम की पहली कड़ी सीतामऊ मंदसौर में आयोजित हुई है। इसमें विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों का प्रदर्शन किया गया है। सरकार की मंशा के अनुरूप इस प्रकार के समागम संभाग और जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण की पर्याप्त संभावना विद्यमान है। इस संबंध में राज्य शासन की नीतियां भी निवेशकों, उद्योगपतियों के लिए अनुकूल हैं और राज्य सरकार भी खाद्य प्र-संस्करण को प्रदेश में नई ऊंचाई देने के लिए प्रतिबद्ध है। एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला ने निवेश प्रोत्साहन के तहत विभिन्न नीतियों के संबंध में जानकारी दी। उद्योगपति अजय भटनागर ने भी अपने अनुभव साझा किए। निवेशकों से चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, मंदसौर जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में उद्योगपति एवं निवेशक उपस्थित रहे।

### सभी बाधाएं हटाने का काम कर रहे: डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के दरवाजे निवेशकों के लिए हमेशा खुले हैं। सरकार निवेशकों के मार्ग की सभी बाधाएं हटाने का काम कर रही है। हम सब प्रदेश की उन्नति के लिए संकल्पबद्ध हैं। सरकार हरसंभव सहयोग के लिए निवेशकों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भोपाल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्यानिकी क्षेत्र में 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मप्र में बिजली पानी एवं बेहतर सड़क की सुविधा के साथ ही औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीतियां उपलब्ध हैं। औद्योगिक निवेश के लिए प्रदेश में बेहतर वातावरण है। उन्होंने कहा कि प्रति बीघा गेहूं के उत्पादन में मप्र ने अमेरिका को भी पीछे छोड़ दिया है।*

---

*ग्रामीण विकास, पीएचई, महिला बाल विकास के फंड में इजाफा*

## मप्र सरकार को इस वित्तीय वर्ष में केंद्र से मिलेंगे 44,255 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट में मप्र सरकार को 37,652 करोड़ रुपए देने का प्रावधान किया था। हालांकि उस वक्त मप्र को 16,155 करोड़ रुपए कम मिले थे। मप्र को महज 21,497 करोड़ रुपए ही मिल पाए थे। इसकी तुलना में केंद्र सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में पिछले बजट से अधिक राशि देने की घोषणा की है। इससे संभावना जताई जा रही है कि मप्र में विकास कार्यों में तेजी आएगी।

केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त योजनाओं में कुल 68,519 करोड़ रुपए खर्च कर करेगी। इसमें 44,255 करोड़ रुपए केंद्र सरकार देगी, जबकि 24,263 करोड़ रुपए राज्य सरकार अपने अंश के रूप में शामिल करेगी। इसके अलावा केंद्र सरकार कई अन्य योजनाओं में राशि अलग से भी जारी कर सकती है। इसके लिए अभी बजट में प्रावधान नहीं किया गया है।



### केंद्र ने एक माह में दिए 283 करोड़ रुपए

*केंद्र और राज्य की योजनाओं में खर्च के लिए मौजूदा वित्तीय वर्ष के अप्रैल महीने में कुल 283 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसमें लोक निर्माण विभाग को केंद्रीय सड़क निधि के तहत 27.24 करोड़ रुपए दिए गए हैं। वहीं किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग को नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के लिए 39.14 करोड़ रुपए दिए गए हैं। केंद्र ने वित विभाग को 217.07 करोड़ रुपए एडिशनल सेंट्रल असिस्टेंस फॉर एक्सटर्नली एडेड खर्च के लिए दिए हैं।*

### चार विभागों को केंद्र सरकार से शून्य राशि

मप्र में चार विभाग ऐसे हैं, जिनके लिए शून्य बजट का प्रावधान किया गया है। ऐसे विभागों में पर्यटन, संस्कृति, वित्त और भोपाल गैस त्रासदी, राहत तथा पुनर्वास विभाग शामिल हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को इस साल कोई बजट नहीं मिलेगा। पिछले वित्त वर्ष में मोहन सरकार ने लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को मर्ज करने का फैसला लिया था, लेकिन इसकी प्रक्रिया वित्त वर्ष 2024-25 शुरू होने के बाद पूरी हो पाई थी। इस कारण चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत मेडिकल कॉलेज के लिए केंद्र से राशि चिकित्सा शिक्षा विभाग के मद में दी जा रही थी।

---

## माधव विधि महाविद्यालय में डॉ. शर्मा ने कहा




# एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रशासनिक लागत को कम करेगा, लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माधव विधि महाविद्यालय में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. नितेश शर्मा ने छात्र, छात्राओं एवं प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो इससे भारत की राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।

वित्त वर्ष 2023- 24 के अनुसार यह वृद्धि लगभग साढ़े चार लाख करोड़ रुपए के बराबर होगी, जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य खर्च के आधे और शिक्षा बजट के एक तिहाई के बराबर है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम सिर्फ चुनाव सुधार ही नहीं, बल्कि विकसित भारत की परिकल्पना को आसान करने की राह है। एक राष्ट्र एक चुनाव यह कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है, बल्कि एक विकसित भारत समर्थ और सशक्त भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम है जो न केवल प्रशासनिक लागत को कम करेगा, बल्कि लोकतंत्र को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाएगा। देश में पांच साल चुनाव होते हैं, जिसके कारण आचार संहिता के चलते विकास कार्य प्रभावित होते रहते हैं यदि एक राष्ट्र एक चुनाव होते हैं तो सरकारों को पूरे 5 साल का समय मिलेगा।

### वन नेशन, वन इलेक्शन आवश्यक: डॉ. शिवकुमार

माधव विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीति पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावो में सुधार की आज बहुत जरूरत है, मजबूत लोकतंत्र के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव अतिआवश्यक विषय है। इससे चुनाव में खर्च होने वाले काले धन पर भी रोक लग सकेगी। माधव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन आज के परिदृश्य अत्यंत आवश्यक है, हमें भी आज अभियान में अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।इस अवसर पर डॉ. रीना रानी जाट, डॉ. जगमोहन द्विवेदी, डॉ. सपना दुबौलिया, डॉ. राहुल शर्मा सहित प्राध्यापक छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

## प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र ने टेकरी धाम में श्री हनुमानजी के किए दर्शन



**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने शनिवार को गुना के टेकरी धाम में श्री हनुमानजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नगर पंचायत अध्यक्ष सविता गुप्ता, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा सहित जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

*समन्वय करेगी समिति*

## नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में परमाणु परियोजनाओं की स्थापना में सहयोग प्रदान करने के लिए समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने नीचम, देवास, सिवनी एवं शिवपुरी जिलों में चिन्हित 4 स्थलों पर परमाणु परियोजनाओं की स्थापना में सहयोग प्रदान करने के लिए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई की अध्यक्षता में ज्वॉइंट वर्किंग कमेटी का गठन किया है।

समिति में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव जल संसाधन, पर्यावरण, राजस्व, वन और कलेक्टर नीमच, देवास, सिवनी, शिवपुरी, कार्यपालक निदेशक परमाणु एनटीपीसी मुम्बई तथा एपी सनल महाप्रबंधक परमाणु एनटीपीसी मुम्बई को सदस्य नियुक्त किया गया है। संदेश जायसवाल महाप्रबंधक परमाणु एनटीपीसी भोपाल समिति के संयोजक होंगे। समिति की ओर से भू-अधिग्रहण के पूर्व परियोजना अध्ययन में स्थानीय प्रशासन को मार्गदर्शन दिया। समिति ने प्रस्तावित स्थलों के परिप्रेक्ष्य में भूमि अधिग्रहण, क्रय आदि में एनटीपीसी समिति के जल उपलब्धता एवं आवंटन के लिए समन्वय किया जाएगा। समिति ने समस्त वैधानिक स्वीकृतियां, जिनमें वन भूमि यदि कोई हो, के लिए समन्वय किया जाएगा। समिति की ओर से प्रस्तावित परियोजना से विद्युत की निकासी के लिए आवश्यक भूमि तथा अधोसंरचना के विकास में समन्वय किया जाएगा।

### विस्तृत जानकारी लेगी

*समिति ने परियोजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न वैकल्पिक स्वीकृतियों तथा सार्वजनिक सुनवाई, भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृतियां, पर्यावरणीय स्वीकृति राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल से स्वीकृति के लिए समन्वय किया जाएगा। एनटीपीसी की परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी समय-समय पर समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर समिति आवश्यक समन्वय करेगी।*

---

## चौहान ने ग्यारसपुर में हितग्राहियों को पीएम आवास के स्वीकृति-पत्र का किया वितरण

*विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया*

# कोई भी गरीब कच्ची छत के नीचे नहीं रहेगा, इस संकल्प को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोडूंगा: केंद्रीय मंत्री शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को गंजबासौदा विधानसभा के ग्यारसपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए और यहां कई विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री चौहान ने विदिशा रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और डीआरएम सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

ग्यारसपुर में आयोजित पीएम आवास योजना कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज बहुत ही आनंद का दिन है कि मेरे भाई-बहनों को उनके सपनों के घर का स्वीकृति पत्र मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि कोई भी गरीब कच्ची छत के नीचे नहीं रहेगा और इस संकल्प को पूरा करने के लिए मैं कोई कसर नहीं छोडूंगा।



### प्रधानमंत्री आवास योजना में तीन बड़े बदलाव

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जब से मैं ग्रामीण विकास मंत्री बना हूं, तब से गंजबासौदा विधानसभा में ही 27 हजार 700 से ज्यादा पक्के मकान स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री आवास योजना में तीन बड़े बदलाव भी किए गए हैं। पहले दो पहिया वाहन वाले पक्के घर के लिए पात्र नहीं थे, लेकिन अब दो पहिया वाहन वालो को भी पक्के आवास मिलेंगे। इसी तरह अब 15 हजार रुपए की मासिक आय वाले भी पात्रता की श्रेणी में आएंगे। वहीं ढाई एकड़ सिंचित जमीन और पांच एकड़ असिंचित जमीन वाले किसानों को भी पक्के आवास दिए जाएंगे।

### 29 मई से 4-4 वैज्ञानिकों की टीम बनाई जाएगी

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि खेती का पैटर्न बदलने की कोशिश करना है, हमारे वैज्ञानिक अच्छे बीज बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं धान की दो किस्मों का लोकार्पण करने वाला हूं, जिसमें 30 प्रतिशत उत्पादन बढ़ेगा और 20 दिन पहले फसल आ जाएगी। अगर 20 दिन पहले फसल आ जाती है, तो अगली फसल की तैयारी भी जल्दी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि गेहूं में भी यही कोशिश कर रहा हूं कि जल्दी उत्पादन वाली किस्में बन सकें। चौहान ने कहा कि लैब टू लैंड यानी कि वैज्ञानिक खेतों तक पहुंचें। इसके लिए 29 मई से 4-4 वैज्ञानिकों की टीम बनाई जाएगी। वैज्ञानिकों की टीम अलग-अलग जिलों में 15 दिनों तक घूमेगी और खतों में जाकर किसानों को नए प्रयोगों के संबंध में जानकारी देगी।

### सभी गांवों को भी गरीबी मुक्त बनाना है

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन विकसित भारत का निर्माण विकसित गांव के बिना नहीं हो सकता है। इसके लिए सभी गांवों को भी गरीबी मुक्त बनाना है। गांव के हर गरीब भाई को किसी न किसी काम से जोड़ना है। सभी को आजीविका मिशन, स्वयं-सहायता समूह से जोड़ना हैं और घर का कामकाज करते हुए उनकी प्रतिमाह आय 10 हजार से रुपए से ज्यादा करना है। उन्होंने कहा कि विकसित गांव होंगे तो निश्चित तौर पर विकसित भारत का सपना भी साकार होगा।

## भूकंप की तीव्रता रही 2.8, किसी तरह नुकसान की खबर नहीं

# बैतूल के मुलताई में रात 9:30 बजे कांपी धरती, घबराकर लोग घरों से बाहर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

जिले के मुलताई में शनिवार रात 9.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी 2.8 तीव्रता थी। 5 किमी गहराई तक इसका प्रभाव देखा गया। लोगों ने पंखे और फर्नीचर को हिलते देखा। इसके बाद वे घबराकर घरों से बाहर निकलकर आ गए। अब तक किसी जनहानि या संपत्ति के नुकसान की खबर नहीं है। लोग बोले- पूरा कमरा हिलता महसूस हुआ इंदिरा गांधी वार्ड के निवासी गोपाल अग्रवाल ने बताया कि झटके इतने तेज थे कि पूरा कमरा हिलता महसूस हुआ। पटेल वार्ड में कुलदीप पहाड ने कहा कि पंखा अपने आप हिलने लगा। उन्होंने जमीन में भी कंपन महसूस किया। सुभाष वार्ड, राजीव गांधी वार्ड और विवेकानंद वार्ड से भी भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने अपने अनुभव साझा किए हैं।

सोशल मीडिया पर लोगों ने साझा किए अनुभव



## अशोकनगर में बिजली गिरने से 38 बकरियों की मौत

**अशोक नगर।** जिले में शनिवार को बिजली गिरने से 38 बकरियों की मौत हो गई। यह घटना नईसराय थाना क्षेत्र के डुंगासरा गांव में हुई। नईसराय थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित ने बताया कि अपराह्न में अचानक मौसम बदल गया और आसमान में बिजली चमकने लगी। अपराह्न करीब दो बजे बिजली गिरी, जिससे 38 बकरियां मर गईं। उन्होंने बताया कि ये बकरियां एक पेड़ के नीचे थीं। अधिकारी ने बताया कि घटना के समय मौके पर कोई इंसान मौजूद नहीं था। हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि बिजली गिरने से 50 से अधिक बकरियां मर गई हैं।


## नक्सल पीड़ित भरेंगे हुंकार दोरनापाल से प्रदर्शन का आगाज

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलियों का देश के नक्सल पीड़ित राज्यों से सफाए के ऐलान के बाद एक ओर जहां बस्तर में फोर्स आक्रामक होकर नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ते हुए उनके कब्जे से जमीन खाली कराने में लगी हुई है। वहीं, दूसरी ओर नक्सल पीड़ितों ने भी नक्सलियों के खिलाफ हुंकार भरने तैयारी शुरू कर दी है। सुकमा जिले के दोरनापाल से इसकी शुरूआत रैली निकालकर की जाएगी। इसके लिए 12 मई की तारीख मुकर्रर की गई है, जिसमें छग समेत चार राज्यों के राष्ट्रवादी विचारधारा के लोग तथा नक्सल पीड़ित शामिल होंगे, बस्तर जागरण मंच के बैनर तले नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ वृहद स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है।

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना गौतमनगर भोपाल**

फोन नं. 0755-2730830 E-mail- psgautamnagar@gmail.com
क्रं./थाप्र./गौतमनगर/मर्ग क्रं. 10/2025 दिनाँक. 01/05/2025

// जाहिर सूचना //



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 26/03/25 को सूचक रमेश कुमार पिता पूरनलाल उम्र 53 साल निवासी ग्राम नेवरी संजीव नगर गुफा मंदिर रोड़ थाना निशातपुरा भोपाल कि रिपोर्ट पर थाना गौतमनगर में मर्ग क्रमांक 10/25 धारा 194 बी.एन. एस. एस. कायम कर जाँच में लिया गया जिसमें मृतक अज्ञात पुरुष उम्र 40 वर्ष के परिजनों की तलाश के हर संभव प्रयास किये गये किन्तु अभी तक कोई पता नहीं चल सका है जिसका हुलिया रंग- गेहूँआ चेहरा- गोल, कद 5 फिट 6 इंच बदन हष्ट पुष्ट, पहनावा नीला जींस पेंट व नीले रंग की टी शर्ट पहने हुए है, दाहिने हाथ पर अंग्रेजी में महेश गुदा है जिसके परिजनों की तलाश की जा रही है जिसके परिजनों का अभी तक पता नही चल पाया है। अतः मृतक अज्ञात पुरुष उम्र 40 वर्ष निवासी अज्ञात के परिजनों के संबंध में कोई जानकारी रखता है या मृतक के परिजनों के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो थाना गौतमनगर भोपाल के दूरभाष क्रं. 0755-2730830 व जांचकर्ता कार्य. प्रआर.2968 देवीप्रसाद खरे के मो.नं. 7049104205 पर सूचित करें।

थाना प्रभारी
थाना गौतम नगर भोपाल

G-12337/25 " स्वच्छता ही सेवा "

### तीर्थयात्रियों के लिए

## केदारनाथ यात्रियों के लिए मुफ्त वाईफाई

एजेंसी ▶▶ देहरादून

केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों को इस हिमालयी मंदिर और उसके आसपास मुफ्त, हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। सफल परीक्षण के बाद शनिवार को यह सुविधा शुरू की गई। मुख्य विकास अधिकारी जी एस खाती ने बताया कि तीर्थयात्री अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत कराकर और 'वन-टाइम पासवर्ड' सृजित कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

**आपदा में जीवन रेखा**

जुलाई 2024 के केदारनाथ 'ट्रैक रूट' आपदा के दौरान, जब अन्य मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह से काम करना बंद कर चुके थे, तब यह प्रणाली यात्रियों, मजदूरों और बचाव दलों के लिए जीवन रेखा बन गई।

## पेज एक का शेष...

### 40 क्विंटल फूलों...

को 40 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। शनिवार सुबह उद्धव,कुबेर,शंकराचार्य और गरुण जी की डोली बद्रीनाथ धाम पहुंची। पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद सुबह 6:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे।

### खेती को लाभदायक बनाने ....

पैदा करने पर राज्य सरकार किसानों से बिजली खरीदेगी और उसका भुगतान भी करेगी। किसानों को मात्र 10 प्रतिशत राशि पर सौर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीतामऊ (मंदसौर) में कृषि उद्योग समागम : 2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मंदसौर, नीमच क्षेत्र के किसानों की ओर से ली जा रही विविधतापूर्ण उपजों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से इसे प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही सीतामऊ में उन्नत कृषि पर केंद्रित यह आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच, तीन, दो हार्स पॉवर तक के सौर पम्प के लिए मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा कराने पर शेष राशि सरकार किसानों को उपलब्ध कराएगी। इस योजना से किसानों को बिजली के बिल से मुक्ति मिलेगी।

### 25 गाय-भैंस पालने ...

अंग है, जिसके घर गाय वह गोपाल और जिस के घर गाय का कुल वह घर गोकुल का भाव हमारा परिवेश में रचा-बसा है। अच्छी खेती के साथ दूध उत्पादन, बागवानी, फलोद्यान जैसी गतिविधियां बढ़ाने के लिए भी राज्य सरकार अनुदान उपलब्ध करा रही है।

### हर जनपद में एक-एक ...

एक-एक वृंदावन गांव विकसित किया जाएगा, जहां उन्नत कृषि के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ स्कूल-कॉलेज सहित सभी अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बेसहारा, लावारिस, अपाहिज गौमाता की देख-रेख के लिए 20 रुपए के स्थान पर 40 रूपए प्रति गाय की दर से अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार ने आपदा में तत्काल मदद करने के उद्देश्य से एयर एम्बुलेंस सेवा का संचालन आरंभ किया है।

### आयात-निर्यात पर भी ...

में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे ये घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर की डिफेंस क्रेडिट लाइन को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि रक्षा प्लेटफॉर्म्स के रिपेयर और सप्लाई पर भी बात हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि 38 सालों के बाद अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। उनकी इस यात्रा से न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत-अफ्रीका साझेदारी को भी बल मिल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हम पूरी तरह एकजुट हैं। मैं पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति सहानुभूति जताने के लिए राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

### दोनों देशों के बीच व्यापार ...

नुकसान होगा। बता दें किभारत पाकिस्तान से ड्राई फ्रूट्स, तरबूज और अन्य फल, सीमेंट, सेंधा नमक, पत्थर, चूना, मुल्तानी मिट्टी, चश्मों का ऑप्टिकल्स, कॉटन, स्टील, कार्बनिक केमिकल्स, चमड़े का सामान बुलाता है जबकि भारत पाकिस्तान को जैविक और अजैविक केमिकल, दवाइयां, कृषि उत्पाद, कपास और सूती धागा, चीनी, मिठाइयां, प्लास्टिक, मशीनरी आदि भेजता है। दोनों देशों के बीच व्यापार पर बैन लगने के कारण अब भारत पाकिस्तान को न तो दवाइयां भेज पाएगा और न ही चीनी।

### पाक ने अब्दाली मिसाइल ...

स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड के कमांडर, स्ट्रैटेजिक प्लान्स डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों और देश के रक्षा वैज्ञानिकों ने देखा। यह मिसाइल परीक्षण ऐसे समय में किया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। पाकिस्तानी सेना ने इस मिसाइल को अपनी विश्वसनीय न्यूनतम निरोध क्षमता का हिस्सा बताया है।

### सात लोगों की मौत....

पहुंचे। पीएम मोदी ने हादसे को लेकर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से बात की है और घटना पर दुख जताया है। यह हादसा तब हुआ जब बड़ी की संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक श्री लैराई देवी की 'जात्रा' में भाग लेने के लिए इकट्ठा हुए थे। भारी भीड़ के बीच अचानक से अफरा-तफरी मच गई, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इसी दौरान कुछ लोग गिरकर कुचल गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उत्सव के लिए गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु मंदिर में एकत्र हुए थे। उन्होंने कहा कि भगदड़ का सही कारण जांच के बाद पता चलेगा।

**सीएम ने दिए जांच के आदेश:** घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने स्थिति का जायजा लेने के लिए नॉर्थ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल और बिचोलिम अस्पताल का दौरा किया। सीएम ने घायलों से मुलाकात कर उनके इलाज की जानकारी ली और अधिकारियों को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। गोवा कांग्रेस ने शिरगांव की श्री लैराई देवी जात्रा में हुई भगदड़ पर दुख जताया है। पार्टी ने लिखा कि, हम इस दुखद घटना की निंदा करते हैं और अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

### क्या है लैराई ....

हुई अंगारों पर नंगे पांव चलते हैं। यह अनुष्ठान उनकी आस्था और आध्यात्मिक शुद्धता का प्रतीक होता है।

### पुलिस पर किए फायर....

कोटर दिलीप मिश्रा भी घायल हो गए। हालांकि बुलेट प्रूफ जैकेट की वजह से बच गए। फिलहाल घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएचओ का भी इलाज किया जा रहा है। टिकुरी-अकौना रोड पर बदमाश अच्छू को होने की खबर पुलिस को मिली थी। इसके बाद फौरन की टीम रवाना हुई। अचानक पुलिस की टीम को देखकर आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। इसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस की टीम ने आरोपी को दबोच लिया।

### आरोपी ने 28 अप्रैल...

कांस्टेबल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। आरोपी अच्छू की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपए के इनाम का ऐलान भी किया था। बताया जाता है कि बाइक चोरी के एक मामले में आरोपी अच्छू को थाने बुलाया गया था, इसी बात से वो काफी नाराज था।

### देश भर के 566...

वेबसाइट neet.nta.nic.in पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। नीट यूजी परीक्षा के लिए हर साल की तरह इस साल भी एनटीए ने कुछ अहम दिशानिर्देश जारी किए हैं जिनका पालन करना उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य है। उम्मीदवारों को सबसे अहम और जरूरी जिस निर्देश का ध्यान रखना है वह यह है कि एडमिट कार्ड के साथ एग्जाम सेंटर पर समय से पहुंचना है। साथ ही कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जरूर लेकर जाने हैं और ड्रेस कोड का भी ध्यान रखना है।

**भोपाल में 35 केंद्र बनाए गए:** राजधानी के 35 केंद्रों पर आयोजित होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा परीक्षा केंद्रों पर चिकित्सा सम्बन्धी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा में 14 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए थे। आकस्मिक चिकित्सा हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए एक चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की गई है। विभाग द्वारा 50 टीमों की तैनाती की गई है, जिसमें चिकित्सक एवं पैरामेडीकल स्टाफ सेवाएं देंगे।

**अभ्यर्थियों के लिए ये दिशा निर्देश:** नीट यूजी परीक्षा के लिए जाने वाले कैंडिडेट्स ड्रेस कोड का भी पालन करना होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वह लाइट कलर के कपड़े पहनें। यह कपड़े आधी बाजू के होने चाहिए। हैवी और फुल स्लीव के कपड़े सेंटर पर पहनकर जाना वर्जित है। इसके अलावा एग्जाम सेंटर पर जूते पहनकर ना जाएं।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह स्लिपर लो हील की सैंडल पहनें। साथ ही उम्मीदवार ध्यान रखें कि एग्जाम सेंटर पर पारंपरिक या धार्मिक पोशाक न पहनें। महिला उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह ब्रोच, फूल, बैज या जींस न पहनें। झुमके, नाक की अंगूठी, पेंडेंट और अन्य सजावटी सामान जैसे आभूषणों से बचना चाहिए। इसके अलावा घड़ी, कंगन और किसी भी धातु की वस्तु पहनकर जाने की अनुमति नहीं है।

### दो मासूम सहित ...

के अलावा एक बुजुर्ग और एक युवक शामिल है। चारों एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार इको कार ने टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही रन्नौद थाना प्रभारी अरविंद चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतकों के शवों को तुरंत हटवाकर बदरवास के अस्पताल भिजवाया। हादसे में किशनलाल आदिवासी (57), बंटी पिता किशनलाल आदिवासी (27), पूनम पिता सियानंद आदिवासी(4) और सलोनी पिता सियानंद आदिवासी (3) की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी खोराना गांव के रहने वाले थे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

### शिवपुरी, रायसेन, ग्वालियर...

के अनुसार अगले 3 से 4 दिन प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश में अभी दो सिस्टम सक्रिय होने से मौसम में बदलाव रहेगा। तापमान में कमी आएगी।

**यह सिस्टम कर रहे मौसम में बदलाव:** शुक्ला के अनुसार डब्ल्यूडी अभी पाकिस्तान और आसपास सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तर पश्चिमी राजस्थान और आसपास डेढ़ किमी की ऊंचाई पर है। इस साइक्लोनिक सकुर्लेशन से एक ट्रफ दक्षिण पूर्वी राजस्थान और आसपास सक्रिय है। वहीं, एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए उत्तरी ओडिशा तक सक्रिय है। इन प्रमुख कारणों से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। यह तीन से चार दिन जारी रहेगा।

**आज यहां पड़ेंगे ओले:** रविवार को गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, अनुपपुर, शहडोल के साथ ही अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी जिलों में कहीं कहीं बारिश के साथ ओले भी गिरेंगे।

### दोपहर बाद शहर ....

हल्की आंधी चली। देर रात तक नर्मदापुरम, विदिशा, देवास, गुना, मुरैना, शिवपुरी, खंडवा, जबलपुर, नरसिंहपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, शहडोल और अनूपपुर में भी बौछारें पड़ीं।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

**वैवाहिकी**

**वधु चाहिए**

वधु चाहिए
विश्वकर्मा (लोहार) 17/09/82/ 6', एमबीबीएस, अविवाहित, डॉ. प्राइवेट क्लीनिक हेतु शिक्षित हायर सेकेण्डरी, ग्रेजुएट, अविवाहित सजातीय हिन्दू जाति बंधन नहीं, वधु चाहिए। मैरिज ब्यूरो क्षमा। साधारण विवाह।
9131453175

वधु चाहिए- पंजाबी 30 वर्षीय युवक 5 फुट 8 इंच (B.Sc .Ag.) Sales Officer एवं व्यवसायी परिवार के इकलौते बेटे हेतु वधु चाहिए। दहेज बंधन नहीं। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। छत्तीसगढ़ को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7509396155 (7331)



अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

**वर चाहिए**

GROOM WANTED
29Yr Muslim Doctor (Pursuing Post Graduation) from a respected family, Seeks alliance with a Well educated Muslim P.G. Doctor (any Specialization) Professionally Well settled from a deeny good family background
8435639998

वर चाहिए- रंग गोरा स्मार्ट 36 वर्षीय, हाईट 5 फुट 6 इंच व्यावसायिक लड़का (अनाथ एवं विकलांग) के लिए वधु चाहिए तलाकशुदा भी स्वीकार्य है। जाति बन्धन नहीं। सम्पर्क करें- 8435278895 (7330)

**मैरिज ब्यूरों**

मैरिज ब्यूरो
योग्य महाराष्ट्रीयन वर वधु की तलाश हेतु श्री स्वामी समर्थ उपासना मंडल भिलाई- दुर्ग द्वारा संचालित शोध वधू-वारांचा मैरिज ब्यूरो में अपना नाम रजिस्टर करने संपर्क करें
9131455917

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोतरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5856



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5855 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5866

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5865 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## खबर संक्षेप

### ओडिसी की इले.स्पोर्ट्स बाइक इवोकिस लाइट लांच



**मुंबई।** ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने भारत की सबसे किफायती इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स बाइक 'ओडिसी इवोकिस लाइट' लांच की है। ओडिसी इवोकिस लाइट एक आकर्षक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल है, जिसे खासतौर पर उन युवाओं और राइडिंग प्रेमियों के लिए तैयार किया गया है, जो रोमांच के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाना चाहते हैं। इसकी शुरुआती कीमत 1,18,000. रुपए रखी गई है।

### रामराज कॉटन ने मीनाक्षी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** प्रमुख ब्रांड रामराज कॉटन ने अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी को अपने नए लांच किया गया प्रीमियम टॉवल रेंज, मृथु टॉवल के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में घोषित किया है । प्रीमियम होम टेक्सटाइल सेगमेंट में अपनी शुरूआत करता हुआ, मृथु टॉवल कलेक्शन में चार सोची-समझी श्रेणियों में 100 फीसदी प्रीमियम कॉटन और बांस के रेशों से तैयार की गई विलासिता, कम्फोर्ट और पर्यावरण के प्रति जागरूक डिज़ाइन का मिश्रण हैं।

### मंगलम वर्ल्डवाइड ने 46 फीसदी की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड ने अपनी चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष 2025 के लिए ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्तीय वर्ष 2025 में कंपनी कुल कुल आय 1,066.03 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 29.61 फीसदी, एबिटडा 59.11 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 42.32 फीसदी एबिडटा मार्जिन 5.54 फीसदी, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 49.51 बीपीएस, शुद्ध लाभ 29.41 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 46.32 फीसदी शुद्ध लाभ मार्जिन 2.76 फीसदी, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 31.50 बीपीएस रही।

### देवू ने मंगाली के साथ लांच की लुब्रिकेंट्स की रेंज

**नई दिल्ली ।** भारत में ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में प्रवेश करते हुए अपनी प्रीमियम श्रेणी के उत्पाद लांच किए। यह लांच मंगाली इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ रणनीतिक लाइसेंसिंग साझेदारी के तहत किया गया है। नई दिल्ली स्थित होटल ली मेरिडियन में आयोजित एक कार्यक्रम में कंपनी ने टू-व्हीलर, पैसेंजर कार, वाणिज्यिक और कृषि वाहनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले लुब्रिकेंट्स की रेंज पेश की।ऑटोमोबाइल और लुब्रिकेंट उद्योग से जुड़े कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। देवू लुब्रिकेंट्स के निदेशक विनीत सिंह ने कहा कि कंपनी नवाचार, भरोसे और प्रदर्शन की प्रतीक रही है।

### वीफिन सॉल्यूशंस का मुनाफा 81 फीसदी उछला

**मुंबई।** वीफिन सॉल्यूशंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 चौथी तिमाह के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। यह कंपनी की उस यात्रा में एक अहम पाडाव है, जिसमें वह वैश्विक वित्त को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के मिशन पर अग्रसर है। कंपनी की कुल आय 24.93 करोड़, वर्ष दर वर्ष वृद्धि 67.03 फीसदी, एबिटड .57 करोड़, वर्ष दस वर्ष वृद्धि 78.11फीसदी, शुद्ध लाभ 9.72 करोड़ फीसदी हुई।

### एसएसआई मंत्रा ने नैस्डैक में किया प्रवेश

**नई दिल्ली।** स्वदेशी एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के निर्माता एसएस इनोवेशंड इंटरनेशनल को नैस्डैक पर सूचीबद्ध किया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 25 अप्रैल, 2025 से ट्रेडिंग शुरू हो जाएगी, कंपनी के शेयर्स को टिकर सिंबल 'एसएसआईआई' के तहत सूचीबद्ध किया जाएगा। एसएस इनोवेशंस इंटरनेशनल ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में प्रभावशाली आर्थिक विकास दर्ज किया, इस अवधि के दौरान कंपनी का राजस्व जो पिछले साल 5.9 मिलियन डॉलर था, वह 3.5 गुना बढ़ोतरी के साथ 20.6 मिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच गया।

### निर्णय भोपाल के लिए एक ऐतिहासिक मोड़

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का एआई, आईटी और नॉलेज के लिए कमाल का निर्णय: मीक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी विकास पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में एआई , आईटी, नॉलेज और स्मार्ट इंडस्ट्रीज के सशक्त विकास की रणनीति को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। यह वही प्रस्ताव है जो कमाल का भोपाल अभियान के तहत क्रेडाई भोपाल द्वारा राज्य सरकार को प्रस्तुत किए गए इनसेप्शन रिपोर्ट में प्रमुखता से सुझाया गया था।

इस प्रस्ताव के तहत राजधानी में आईटी, डिजिटल स्किलिंग, और नॉलेज बेस्ड इंडस्ट्रीज के लिए शहर के मध्य स्थित लाइफ स्टाइल इंफ्रा युक्त भेल में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ उपलब्ध रिक्त भूमि पर विशेष क्लस्टर तैयार करने की रूपरेखा दी गई थी, ताकि भोपाल को भविष्य के स्मार्ट इंडस्ट्री हब के रूप में स्थापित किया जा सके। क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने इस अवसर पर कहा कि यह निर्णय भोपाल के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है। 90 के दशक में जब देश में आईटी क्रांति आई, तब हम अवसर से चूक गए थे।

#### वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम

*अब जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नॉलेज इकोनॉमी के नए युग की शुरुआत हो रही है, हमें पीछे नहीं रहना है। मुख्यमंत्री का यह समर्थन राजधानी को प्रगतिशील, टेक्नोलॉजी-समर्थ और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मनोज मीक ने कहा कि कमाल का भोपाल' अभियान का उद्देश्य ही था कि हम अपनी राजधानी की विशिष्टताओं को सामने लाकर उसे भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करें। आज यह सिद्ध हो रहा है कि एक सकारात्मक और दूरदर्शी दृष्टिकोण से नागरिक भागीदारी और सरकार की प्रतिबद्धता का मिलन भोपाल के कायाकल्प का आधार बन सकता है। क्रेडाई भोपाल ने भरोसा जताया है कि अब न केवल आईटी एवं नॉलेज इंडस्ट्रीज के लिए माहौल तैयार होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी राजधानी और राज्य के युवाओं के लिए सृजित होंगे।*

### बजाज आलियांज को 'क्लाइमेटसेफ' पेश

**पुणे।** बजाज आलियांज रेंस ने 'क्लाइमेटसेफ' नामक एक नया बीमा प्रोडक्ट लांच है। जलवायु परिवर्तन से जुड़ी घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए, यह प्रोडक्ट उन लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है जो इसके प्रभावों से सबसे ज्यादा जद में आते हैं।

यह बीमा विशेष रूप से खुदरा ग्राहकों, ऑफिस जाने वालों, ऑटो, चालकों, खुदरा दुकान मालिकों, डिलीवरी एजेंटों, घरेलू सेवा देने वाले प्रोफेशनल, गिग वर्कर्स, घरों में रहने वालों और कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिन्हें ज्यादा गर्मी, ठंडी लहरों और भारी बारिश जैसी जलवायु घटनाओं के कारण इनकम में कमी या खर्चों में वृद्धि का सामना करना पड़ता है।

ग्राहकों की पसंद बना जियो अनलिमिटेड ऑफर

# मध्यप्रदेश-छग के 4.5 लाख नए मोबाइल ग्राहक जियो से जुड़े: ट्राई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जियो मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। टेलीकॉम रेगुलेट्री अथॉरिटी ऑफ इंडिय की ताजा रिपोर्ट में जियो के साथ सबसे ज्यादा ग्राहक जुड़े है। फरवरी 2025 में जियो पर मप्र-छग के 4.5 लाख नए मोबाइल ग्राहकों ने भरोसा जताया है। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में सभी टेलीकॉम कंपनियों के 8 करोड़ से ज्यादा मोबाइल ग्राहक है। इन आंकड़ों में जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 4.5 करोड़ हो चुकी है।वहीं, वायरलाइन ब्राडबैंड इंटरनेट उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 23.2 लाख है।

इनमें जियो फाइबर और जियो एयर-फाइबर इंटरनेट उपयोग करने वाले उपभोक्ता 12.4 लाख से ज्यादा है। ग्राहकों में जियो अनलिमिटेड ऑफर खासा पसंद किया जा रहा है। इस ऑफर के तहत 299 रुपये या अधिक के प्लान वाला नया जियो सिम कनेक्शन लेने पर या फिर कम से कम 299 रुपए का रिचार्ज कराने पर जियो ग्राहक, जियोहॉटस्टार पर मुफ्त में पूरे आईपीएल क्रिकेट सीजन का मजा ले सकते हैं। इसके



साथ ही जियो घरों के लिए जियोफाइबर या जियोएयरफाइबर का मुफ्त ट्रायल कनेक्शन भी दे रहा। अल्ट्रा-फ़ास्ट इंटरनेट का मुफ्त ट्रायल कनेक्शन 50 दिनो तक फ्री रहेगा। जियो नए ग्राहकों और उन्नत स्टैंडअलोन ट्रू5जी सेवाओं के साथ अपने नेटवर्क का विस्तार लगातार कर रहा है। जियो के पास मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में मौजूद कुल 5जी क्षमता का 70 फिसदी से ज्यादा हिस्सा है,जो कि दोनों प्रदेश के सभी 88 जिलों में उपलब्ध है।

### पिछले साल के मुकाबले 24.78 फीसदी अधिक हुआ उपार्जन

# मप्र में 67.57 एलएमटी और देश में अब तक रिकॉर्ड 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान केंद्रीय पूल में अब तक 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। यह पिछले साल के 205.41 लाख मीट्रिक टन से 24.78 फीसदी ज्यादा है। इस समय जिन प्रमुख राज्यों से खरीद हो रही है, उनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा हैं।

उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक गेहूं खरीद हो रही है। इसमें अभी तक 7.55 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जो पिछली बार के 5.88 लाख मीट्रिक टन से कहीं ज्यादा है। पंजाब से 103.89 लाख मीट्रिक टन, मध्यप्रदेश से 67.57 एलएमटी, हरियाणा से 65.67 एलएमटी की खरीद हो चुकी है। राजस्थान से 11.44 एलएमटी की खरीद हुई है।

#### सरकार ने खासी सजगता बरती

*खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि चालू रबी विपणन सत्र में अभी काफी वक्त है। इस बार देश केंद्रीय पूल के लिए गेहूं खरीद पिछले साल के आंकड़ों को काफी बड़े अंतर से पार करने की संभावना है। इसमें किसानों को 24 से 48 घंटों के भीतर भुगतान किया जा रहा है। खाद्य सचिव ने कहाकि इस साल गेहूं खरीद की स्थिति सकारात्मक परिणाम खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभागों की ठोस कोशिशों का नतीजा है। राज्य विशिष्ट कार्य योजनाओं को राज्यों के साथ पहले ही साझा किया जा चुका है। गेंहू खरीद को लेकर सरकार ने खासी सजगता बरती है।*

### इस फॉर्म में विवरणी 3 करोड़ तक का बिजनेस करने वाले भर सकते हैं

# आयकर विभाग का आयकर विवरणी फॉर्म 1 और 4 जारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आयकर विभाग द्वारा बहु प्रतीक्षित आयकर विवरणी फॉर्म एक एवं चार जारी कर दिए गए हैं। पहले की तरह फॉर्म एक वेतन भोगी या अन्य स्त्रोत से आय दिखाने वाले करदाताओं के लिए है परंतु इस वर्ष इसमें अगर कैपिटल गैन से आय 125000 तक है तो वह भी इस फॉर्म का उपयोग कर सकते हैं पहले यह सुविधा इस फॉर्म में नहीं थी परंतु अगर कोई हानि को आगे ले जाना है तो उसके लिए यह फॉर्म उपयोग नहीं किया जा सकता है। विवरणी फॉर्म -4 व्यवसाय से आई दिखाने के लिए है उसमें इस वर्ष अगर व्यवसाय में लेनदेन 95 फीसदी तक डिजिटल है तो 3 करोड़ तक का बिजनेस करने वाले इस फॉर्म में विवरणी भर सकते हैं साथ ही जो प्रोफेशनल अगर डिजिटल लेनदेन कर रहे हैं उनके लिए प्राप्तियों की सीमा 75 लाख कर दी गई है।

भोपाल टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कहाकि इस बार विवरणी में किसी व्यक्ति को अपने सभी चालू बचत खाते जो उपयोग किये जा रहे हैं उनकी जानकारी देना आवश्यक है। अगर कोई करदाता पुरानी कर प्रणाली का उपयोग करना चाहता है तो उसको कर छूटों के लिए उपलब्ध ड्रॉप डाउन में से चयन कर छूट की राशि भरना होगी। इस बार विभाग ने छोटे करदाताओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए सबसे सरल फॉर्म प्रारूप एक में उनको कैपिटल गेन से प्राप्त आय को दर्शाने की सुविधा दी है जो स्वागत योग्य है।

#### इनकम टैक्स ने नोटिफाई किया आईटीआर-5 और आईटीआर-3 फॉर्म

*इनकम टैक्स विभाग ने शनिवार को आईटीआर-5 फॉर्म नोटिफाई कर दिया। इससे पहले आईटीआर-3 फॉर्म नोटिफाई किया गया था। आईटीआर-3 फॉर्म के जरिए ऐसे इंडिविजुअल्स और हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर सकेंगे, जिनकी बिजनस या प्रोफेशन से इनकम हो। टैक्स विभाग ने कहा कि शेड्यूएल एएल के तहत असेट्स और लायबिलिटीज की जानकारी देने की सीमा 50 लाख रुपए से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए कर दी गई है। आईटीआर के शेड्यूल्ड कैपिटल गेंस में अब पूंजीगत लाभ के बारे में यह बताना होगा कि वह 23 जुलाई 2024 से पहले का है या बाद का। 24 जुलाई 2024 को पेश किए गए बजट में कहा गया था कि रियल एस्टेट पर लांग टर्म कैपिटल गेंस टैक्स बिना इंडेक्सेशन बेनिफिट के 12.5 फीसदी लगेगा और इंडेक्सेशन के साथ 20 फीसदी रहेगा। इस तरह जिन हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली ने 23 जुलाई 2024 से पहले घर खरीदा हो, वे नई स्कीम के तहत 12.5 फीसदी रेट पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स चुकाने का विकल्प चुन सकते हैं, जिसमें इंडेक्सेशन बेनिफिट नहीं होगा।*

## बिजनेस न्यूज

### जेके हॉस्पिटल में एचआईवी,एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम



**भोपाल।** कोलार रोड स्थित जे.के. हॉस्पिटल के प्रथम तल स्थित सीएमई हॉल में एआरटी सेंटर द्वारा एचआईवी,एड्स जागरूकता विषय पर एक दिवसीय सीएमई कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस ज्ञानवर्धक सत्र में चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने एचआईवी संक्रमण, उससे जुड़ी सामाजिक-स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं, कानूनी प्रावधानों और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सुधीर कौशल, एसएमओ और नोडल मेडिकल ऑफिसर, एआरटी सेंटर द्वारा परिचय सत्र से की गई। उन्होंने कहा कि एचआईवी अब लाइलाज नहीं बल्कि जागरूकता, समय पर जांच और नियमित उपचार से नियंत्रित की जा सकती है। इसके बाद रश्मि शेषु ने एचआईवी संक्रमण पर जागरूकता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने समाज में फैली भ्रांतियों और भेदभाव को दूर करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि "एचआईवी संक्रमित व्यक्ति भी सामान्य जीवन जी सकता है, जरूरत है तो समझ और सहानुभूति की। कार्यशाला में डॉ. महेन्द्र जैन, सहायक संचालक, म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने एचआईवी अधिनियम 1917 की व्याख्या करते हुए बताया कि यह कानून एचआईवी पीड़ितों को कानूनी सुरक्षा देता है और उनके अधिकारों की रक्षा करता है। किसी भी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ यह अधिनियम सख्त कदम उठाने की अनुमति देता है।

### एलएनसीटी के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने ग्रामीण भारत का अनुभव लिया



**भोपाल।** विश्व छात्र एवं युवा संगठ के भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम "भारत अनफिल्टर्ड: गांवों से विश्व तक में 20 देशों के 30 अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के हसुआ गांव में ग्रामीण भारत की जीवनशैली को नजदीक से महसूस किया। ये सभी छात्र फिलहाल एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल में अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और पगड़ी बांधने की रस्म के साथ हुई, जहां ग्रामीणों ने विदेशी छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। छात्रों ने गांव के घरों में जाकर भारतीय मेहमाननवाजी का अनुभव लिया और देसी भोजन का स्वाद चखा। एलएनसीटी विदेशी एडमिशन सेल के प्रभारी दमनप्रीत सिंह के डब्ल्यओसी महासचिव शुभम गोयल और एबीवीपी राष्ट्रीय सचिव शालिनी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों ने इस आयोजन को भारतीय मूल्यों और वैश्विक युवा संवाद को जोड़ने वाली प्रभावशाली पहल बताया। इस अवसर पर एलएनसीटी ग्रुफ के सचिव डॉ.अनुपम चौकसे एवं डब्ल्यओसी मध्य भारत के राज्य संयोजक अनुज सिंह ने कहाक इस पहल का उद्देश्य था कि विदेशी छात्र भारत को उसकी असली, अनफ़िल्टर्ड तस्वीर में देखें और समझें।

### पीएंडजी ने सीएसआर पहल के बीस साल पूरे किए



**भोपाल।** व्हिस्पर, पैम्पर्स, एरियल आदि जैसे ब्रांडों की निर्माता प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पीएंडजी इंडिया) ने मंडीदीप स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी प्रमुख सीएसआर पहल-पीएंडजी शिक्षा के 20 साल पूरे होने का उत्सव मनाया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए पीएंडजी शिक्षा की विशेष कॉफी टेबल बुक 'ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ' का विमोचन हुआ। इस अवसर पर रक्षा साहू - जिनकी प्रेरणादायक कहानी कॉफी टेबल बुक में शामिल की गई है, के साथ सरकार और पीएंडजी इंडिया के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। साथ ही, पीएंडजी इंडिया के अधिकारीयों ने मध्य प्रदेश सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला से मुलाक़ात कर यह किताब उन्हें भेंट की।


### सत्व सुकुन को 49.50 करोड़ से अधिक की मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**मुंबई।** घरेलू साज-और विभिन्न सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड को अपने 49.50 करोड़ रुपए के प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी को यह मंजूरी 27 मार्च 2025 को मिली। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड कंपनी विशेष रूप से कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, व्यापार विस्तार का समर्थन करने और मौजूदा सहायक कंपनियों में निवेश करने के लिए इस राइट्स इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का इरादा रखती है। सत्व सुकुन लाइफकेयर ने दिसंबर-2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया। जिसमें कंपनी की आवक में 65 फीसदी की वृद्धि हुई और शुद्ध लाभ में 126फीसदी की वृद्धि हुई, जो इसकी परिचालन दक्षता को दर्शाता है।

### न्युवोको विस्टास ने की वित्तीय परिणामों की घोषणा

**मुंबई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 25 एमएमटीपीए की ज्वाइंट स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड, भारत में 5वां सबसे बड़ा सीमेंट ग्रुप है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। एनसीएलटी द्वारा वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण के लिए सॉल्यूशन प्लान को मंजूरी दिए जाने के बाद कंपनी वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही तक 31 एमएमटीपीए सीमेंट क्षमता हासिल करने की राह पर है। कंपनी ने वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 5.7 एमएमटी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री मात्रा हासिल की, जिसमें पूरे साल की मात्रा 19.4 एमएमटी तक पहुंच गई। ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड राजस्व चौथी तिमाही में 4 फीसदी सालाना आधार पर बढ़कर 3,042 करोड़ रुपये हो गया, जिससे वित्त वर्ष 25 का राजस्व 10,357 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 556 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक तिमाही कंसोलिडेटेड एबिटिडा भी दर्ज किया, जिसमें पूरे साल का एबिटिडा 1,391 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, कंपनी अपने डेलेवरेजिंग एजेंडे के प्रति समर्पित रही और अपने नेट डेट को सालाना आधार पर 390 करोड़ रुपये घटाकर 3,640 करोड़ रुपये कर दिया।

### रिटेल, कृषि व एमएसएमई समेत हर क्षेत्र में यूको बैंक का प्रदर्शन रहा शानदार



**भोपाल।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान यूको बैंक का प्रदर्शन शानदार रहा है। बैंक के प्रधान कार्यालय से प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार के द्वारा जारी वित्तीय परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए यूको बैंक के बेगूसराय अंचल प्रमुख श्वेत प्रकाश कच्छप ने बताया कि बैंक ने कारोबार वृद्धि में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 14.12 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए 31.03.2025 को रु.5,13,527 करोड़ हो गया। यूको बैंक अश्वनी कुमार, प्रबंध निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान यूको बैंक का प्रदर्शन शानदार रहा है। इसमें सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 17.72 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.2,19,985 करोड़ तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 11.56 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए रु. 2,93,542 करोड़ हो गया। निवल लाभ रु.652 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह रु.526 करोड़ था जिसमें वर्ष-दर- वर्ष 23.98 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। दिनांक 31.03.2025को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन लाभ रु.1699 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह रु.1273 करोड़ था।

# दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायकों से क्रय किए जाने वाले दूध क्रय दरों में हुई वृद्धि

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा 'सांची' के प्रबंधन सम्भालने के पश्चात एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) से संबद्ध सहकारी दुग्ध संघों की दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायकों से क्रय किए जाने वाले दूध क्रय दरों में वृद्धि कर प्रभावशील की गई है। एमपीसीडीएफ से जानकारी के अनुसार सांची के दुग्ध प्रदायकों में नवीन दरों से दुध क्रय किए जाने पर दुग्ध प्रदायकों की आर्थिक स्थित सुदृढ होगी, और दुग्ध प्रदायकों को दुधारू पशुपालन में रूचि भी बढेगी। ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से दूध क्रय 700 रूपए प्रति किग्रा फैट के हिसाब से किया जाता था जो अब01 मई 2025 से नवीन दर 760 रूपए प्रति किग्रा फैट पर क्रय किया जा रहा है। दूध क्रय की दर में 60 रूपए प्रति किलो ग्राम फैट की वृद्धि की गई है। बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध समितियों के दुग्ध प्रदायकों के लिए दूध क्रय 780 रूपए प्रति किग्रा फैट के हिसाब से किया जाता था जो अब नवीन दर 810 रूपए प्रति किग्रा फैट पर क्रय किया जा रहा है।

### वैगंस लर्निंग का प्रारंभिक आईपीओ खुला

**मुंबई।** वैगन्स लर्निंग लिमिटेड ने अपना प्रारंभिक आईपीओ (इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग) शुक्रवार को खोलने का लान किया। । कंपनी इस निर्गम के माध्यम से 38.38 करोड़ (ऊपरी मूल्य बैंड पर) जुटाने का लक्ष्य लेकर आई है। जारी किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस निर्गम का आकार 46,80,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका अंकित मूल्य 10 प्रति शेयर है, और इनका मूल्य बैंड 78 से 82 प्रति शेयर के बीच तय किया गया है।

### वाहन एआई ने की वीएल के साथ साझेदारी


**भोपाल।** भारत वर्ष की रिक्रूटमेंट एजेंसिया को, विशेषकर छोटे शहरों और उभरते कस्बों में, कई अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता हैं। सीमित संसाधन, प्रीमियम नौकरियों की मांग तक सीमित पहुंच, और बड़े शहरों में मौजूद बड़े प्लेयर्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा। ये बाधाएं एजेंसियों को ब्लू.कॉलर नियुक्तियों की विशाल संभावनाओं को तलाशने से रोकती हैं। वाहन एआई का ट्रांस्फोर्मेटिव वाहन लीडर्स प्लेटफार्म इस स्थिति को बदल रहा है। यह छोटे शहरों में स्थित रिक्रूटमेंट एजेंसियों के लिए जबरदस्त विकास और प्रभाव के अवसर खोल रहा है। जिससे वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। वाहन लीडर प्लेटफ़ॉर्म के अंतर्गत वीएल के साथ साझेदारी करने वाली रिक्रूटमेंट एजेंसियों ;जिन्हें वाहन लीडर्स कहा जाता है, ने बेहतरीन परिणामों का अनुभव किया है। उन्होंने अपने ग्राहक पोर्टफोलियो, क्षमता और भौगोलिक पहुंच में विस्तार कर रिवेन्य में 10 गुना तक की वृद्धि हासिल की है। वाहन लीडर प्लेटफ़ॉर्म अवार्ड के विजेता, एवर स्टाफिंग सर्विसेज, भोपाल, मध्य प्रदेश, इस परिवर्तन का एक बेहतरीन उदहारण हैं।

### दुनिया के कंटेंट, फैशन और अध्यात्म पर छाने को तैयार हैं भारत : नीता अंबानी

# नीता मुकेश अंबानी ग्रेंड इंडियन वीकएंड कल्चरल सेंटर न्यूयॉर्क में मनाएगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के सबसे बड़े मीडिया व एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स में से एक जियोस्टार की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने यकीन दिलाया कि जल्द ही भारतीय कला व शिल्प दुनिया के सौंदर्यशास्त्र या फैशन को आकार देने लगेगा। उन्होंने कहा कि न केवल फैशन, चिकित्सा, अध्यात्म, नृत्य और भारतीय कहानियां भी विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बना लेगीं। नीता अंबानी मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रहे वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में बोल रही थीं। भारतीय संस्कृति को विश्व तक ले जाना विषय पर नीता अंबानी ने कहाकिउन भारतीयों की याद दिलाई जो अपनी जड़ों को बिना भूले विश्व मंचों पर भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं। संगीत में अनुष्का शंकर और ऋषभ शर्मा, व्यंजनों में विकास खन्ना और सिनेमा में प्रियंका चोपड़ा जैसे युवा दुनिया भर में भारतीयता का संदेश फैला रहे हैं। साथ ही नीता अंबानी ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित



लिंकन सेंटर में, सितंबर में होने वाले 'ग्रेंड इंडियन वीकएंड' की भी जानकारी साझा की। यह वीकएंड 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर' की और से मनाया जाएगा। जिसमें भारतीय कला व संस्कृति को दुनिया के सामने रखा जाएगा। नीता अंबानी ने बताया कि हम भारत की आत्मा को दुनिया के सामने रखेंगे। हमारी कलाएं, कारीगर, हमारे बुनकर, हमारे गीत और नृत्य, हमारा फैशन, हमारा स्वादिष्ट भोजन यहां सभी कुछ होगा। उन्होंने कहाकि सदियों से, भारत ने दुनिया को अपने बुद्धि, बल और सुंदरता से चकित किया है। पर कहीं न कहीं, हमारी आवाज़ नरम पड़ रही थी। लेकिन अब यह फिर से मजबूत हो रही है। हम अपने प्रधान मंत्री मोदी जी के प्रति बहुत आभारी हैं।

### पीएनबी और बंधन बैंक ने एफडी की ब्याज दरों में किया बदलाव

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और बंधन बैंक ने 3 करोड़ रुपए से कम की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दरों में बदलाव किया है। ये नई दरें 1 मई, 2025 से लागू हो चुकी हैं। पीएनबी ने चुनिंदा अवधि की एफडी पर ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट्स तक की कटौती की है। अब बैंक 7 दिन से लेकर 10 साल तक की एफडी पर 3.50 फीसदी से 7.10 फीसदी तक ब्याज दे रहा है। सबसे अधिक ब्याज 390 दिनों की एफडी पर 7.10 फीसदी मिलेगा।

# एफपीआई ने भारतीय शेयरों में डाले इस हफ्ते 10 हजार करोड़ से अधिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया। इससे यह साफ हो गया कि घरेलू इक्विटी में विदेशी रुचि फिर से बढ़ने लगी है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने 28 अप्रैल से 2 मई के बीच इक्विटी में 10,073 करोड़ रुपए का निवेश किया। आंकड़ों के अनुसार 2025 में पहली बार अप्रैल महीने में सकारात्मक शुद्ध एफपीआई प्रवाह देखा गया। अप्रैल में भारतीय इक्विटी में एफपीआई की ओर से शुद्ध निवेश 4,223 करोड़ रुपए रहा। एफपीआई ने मार्च में शुद्ध रूप से 3,973 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे।

जनवरी और फरवरी में उन्होंने क्रमशः 78,027 करोड़ रुपए और 34,574 करोड़ रुपए की इक्विटी की बिकवाली की थी। इससे यह पता चलता है कि अप्रैल बीते कई महीनों के बाद एफपीआई की भारतीय बाजार में रुचि बढ़ी है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल**

प्रकरण क्रमांक : /अ-6/2025-26

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. साधना कपूर पत्नी डॉ. सुनील कपूर, सिद्धार्थ कपूर आत्मज डॉ. सुनील कपूर निवासी ई-3/4ए अरेरा कॉलोनी, भोपाल द्वारा ग्राम शाहपुरा अरेरा कालोनी स्थित भवन/भूखंड क्रमांक ई-1/65 क्षेत्रफल 8025 वर्गफिट पर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त पट्टा नामान्तरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**तहसील कोलार, भोपाल**

**पहलगाम आतंकी हमले से सन्न व शोकाकुल देश में सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना के साथ जाति गणना कराने का ऐलान कर समूचे आवाम को चौंका दिया है। एक समय तक संसद से सड़क व अदालत तक पीएम नरेन्द्र मोदी नीत राजग सरकार और भाजपा जाति गणना के मुखर विरोधी रहीं, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की जाति गणना की मांग को सामाजिक भेदभाव बढ़ाने वाली बता कर खारिज करती रहीं, हालांकि विपक्ष में रहते हुए भाजपा जाति जनगणना की मांग करती रही थी। जाति जनगणना कराने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल सरकार के इस कदम को दबाव में लिया गया निर्णय बताते हुए अपनी जीत बता रहे हैं, तो विश्लेषक व राजनीतिक के जानकार मान रहे हैं कि पीएम मोदी ने जाति गणना की घोषणा कर राहुल गांधी व विपक्ष के मुद्दे की हवा निकाल दी है। राष्ट्रीय जनगणना कब होगी, जिसमें जातियों के हिसाब से गिनती होगी, इसकी कोई भी समय सीमा नहीं बताई गई है। वर्ष 2026 में परिसीमन होना है तो माना जा रहा है कि उससे पहले जनगणना हो जाएगी। जाति गणना के बाद आंकड़े जारी होंगे या नहीं, यह भी नहीं पता। इस आंकड़े के राजनीतिक दुरूपयोग तो नहीं होंगे या इससे सामाजिक विभाजन तो नहीं बढ़ेगा यह भी आशंका है। तमाम पहलुओं का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# जातिगणना के आंकड़ों का सदुपयोग हो



**विश्लेषण**

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार

**पहलगाम आतंकवादी हमले और आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई और तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल द्वारा जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने के निर्णय ने राष्ट्रीय विमर्श को कुछ समय के लिए एक सीमा तक दूसरा मोड़ भी दिया है। हमारे देश में गंभीर दूरगामी परिणाम वाले विषयों के भी राजनीतिक दुरुपयोग करने की ऐसी घातक प्रवृत्ति है जिसमें वास्तविक मुद्दे ओझल हो जाते हैं। भारत की एकता - अखंडता, सामाजिक सद्भाव आदि की दृष्टि से जाति जनगणना ऐसा कदम है जिसके सदुपयोग - दुरुपयोग दोनों की संभावनाएं हैं। 1979 में मंडल आयोग का गठन और इसे राष्ट्रीय स्तर पर 1990 में लागू किए जाने के पीछे राजनीति ही थी।**

शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अचानक जनगणना के साथ जातिगणना करने की घोषणा कर देगी। पूरा देश पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद गुस्से में है, सरकार भी लगातार कठोर तेवर अपनाए हुए है, कूटनीतिक मोर्चे पर सक्रिय होने के साथ पाकिस्तान की घेरेबंदी की जा रही है, कश्मीर के अंदर आतंकवादियों और उनके समर्थकों ,जिन्हें ओवरग्राउंड वर्कर्स कहते हैं के घर ध्वस्त किए जा रहे हैं तथा स्वयं प्रधानमंत्री चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ, सेना के तीनों प्रमुखों, प्रमुख मंत्रियों, मंत्रिमंडल की प्रमुख समितियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। इन सारी गतिविधियों के बीच अचानक इस निर्णय ने निश्चित रूप से लोगों को चौंकाया है।

## राजनीतिक दुरूपयोग की आशंका

निस्संदेह, पहलगाम आतंकवादी हमले और आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई और तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल द्वारा जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने के निर्णय ने राष्ट्रीय विमर्श को कुछ समय के लिए एक सीमा तक दूसरा मोड़ भी दिया है। हमारे देश में गंभीर दूरगामी परिणाम वाले विषयों के भी राजनीतिक दुरुपयोग करने की ऐसी घातक प्रवृत्ति है जिसमें वास्तविक मुद्दे ओझल हो जाते हैं। भारत की एकता -अखंडता, सामाजिक सद्भाव आदि की दृष्टि से जाति जनगणना ऐसा कदम है जिसके सदुपयोग - दुरुपयोग दोनों की संभावनाएं हैं और उनके खतरे भी बड़े हैं। इसके बावजूद राजनीति होगी और हो रही है। 1979 में मंडल आयोग का गठन, उसकी रिपोर्ट और राष्ट्रीय स्तर पर 1990 में लागू किए जाने के पीछे भी राजनीति थी। इससे शुरू सामाजिक-राजनीतिक- सांस्कृतिक उथल-पुथल का दौर पूरी तरह कभी स्थिर नहीं हुआ क्योंकि इसे वास्तविक सामाजिक न्याय का ईमानदार-जिम्मेदार अंग बनाने की बजाय मंडलवादी नेताओं की अदूरदर्शिता और संकुचित सोच के कारण इसका घातक दुरूपयोग हुआ। पूरे देश की राजनीति और सत्ता संरचना के वर्णक्रम में आमूल बदलाव आया, पर अदूरदर्शी, नासमझ नेताओं और उनके परिवारों के हाथों कई राज्यों की राजनीति केंद्रित होने के कारण देश को ऐसा नुकसान भी उठाना पड़ा जिसकी भरपाई संभव नहीं हो पा रही।

कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां इसे अपनी विजय बता सकती है, क्योंकि पिछले साढ़े तीन वर्षों से ये इसकी आवाज उठा रहे थे। 2024 लोकसभा चुनाव में जाति जनगणना को एक बड़ा मुद्दा बनाया गया। यह भी सच है कि राहुल गांधी जाति जनगणना के साथ संपत्ति सर्वे से लेकर संख्या के आधार पर संसाधनों के बंटवारे जैसे अतिवादी वादे कर रहे थे। भाजपा का पहला स्टैंड था कि यह व्यावहारिक नहीं है और एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सरकार ने यही शपथ





पत्र दिया था। दूसरी ओर किसी भी मंत्री या नेता ने जाति जनगणना का नाम लेकर विरोध नहीं किया। बिहार में तो तब विपक्ष में रहते हुए भाजपा की प्रदेश इकाई ने नीतीश कुमार द्वारा जाति सर्वे करने का समर्थन कर दिया। पिछले वर्ष के उत्तरार्ध से मोदी सरकार की ओर से जाति जनगणना करने का संकेत मिलने लगा। जब सरकार की ओर से आगामी जनगणना की बात आई तो गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले वर्ष अगस्त में एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि समय आने पर इसका निर्णय होगा। भारत में मजहब परिवर्तन के बावजूद मुसलमानों में भी पूर्व हिंदुओं की जाति कायम है और उनकी गणना होगी। विपक्ष और आम भाजपा विरोधी इस पर कैसी प्रतिक्रिया व्यक्त करेंगे, यह भी देखना होगा।

## मुस्लिम जातियों की भी हो गणना

गणना सभी की होनी है तो उसमें मुस्लिम जातियों की भी होनी चाहिए। देश को पता चलना चाहिए कि जातिविहीन मजहब का भारतीय सच क्या है। राहुल गांधी हो या अन्य नेता जाति जनगणना की मांग का श्रेय लेने के साथ उनका मुसलमानों के अंदर जाति की गणना पर अपना स्टैंड स्पष्ट करना पड़ेगा। ऐसा तो नहीं हो सकता कि भारत में केवल हिंदुओं के अंदर जाति की गणना हो और दूसरे मजहब को इससे अलग रखा जाए। वे कभी भी हिंदुओं से बाहर जाति गणना की न कल्पना करते थे न बात। इसलिए जाति गणना पर राजनीति खासकर श्रेय लेने की राजनीति जितनी मानी जा रही है उतनी सरल सपाट और आसान नहीं है। जाति गणना से संबंधित कुछ बातें अवश्य ध्यान रखनी चाहिए। 2011 की जनगणना के समय भी जाति जनगणना की जबरदस्त मांग उठी थी और संसद का रिकॉर्ड देखें तो भाजपा भी सरकार से इसकी मांग कर रही थी। यूपीए सरकार ने इसे संविधान के तहत जनगणना आयुक्त के अधीन मान्य तरीके से कराने की जगह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में कराया तो उसके भी निहितार्थ थे। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की, पूरा परिश्रम करने के बावजूद नहीं कर सकी क्योंकि पूरी रिपोर्ट त्रुटियों से भरी थी। लगभग 46 लाख जातियां और गोत्र आ गए थे। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल ने अनुसूचित जाति-जनजाति को छोड़कर अन्य जातियों की गणना नहीं करने का निर्णय लिया तो सोच यही थी कि अंग्रेज जाति भेद उभार कर भारत में अपनी सत्ता बनाये रखने के लक्ष्य से ऐसा कर रहे थे जिससे बचना है। यह सच है कि एक समय सामाजिक दृष्टि से गहरे अन्वेषण और व्यावहारिकता से निर्मित सशक्त जाति व्यवस्था भारत के स्वावलंबी और आदर्श देश का कारण था तो कालांतर में जाति भेद, ऊंच-नीच और छुआछूत ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया।

## क्या ऊंच-नीच व भेदभाव से मुक्ति मिलेगी

ध्यान रखिए कि अंग्रेजों ने 1853 में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस में पहली जनगणना कराई और उसके बाद जातिवार गणना का विचार किया। तब सेन्शस एडमिनिस्ट्रेटर एचएच रिजले की अगुवाई में विचार हुआ और किसे व किस जाति का माना जाए, इसके लिए वर्ण व्यवस्था और पेशे के अनुसार जाति समूह बनाए गए। बावजूद 1901 में पहली जनगणना हुई लेकिन अंग्रेजों की दृष्टि से भी जाति पूर्ण जनगणना केवल 1931 में संभव हो सकी। दरअसल, भारत की जाति व्यवस्था को समझना अंग्रेजों के वश की बात नहीं थी। 1901 में 1646 जातियां थी तो 1931 की जनगणना में 4147 और 2011 में करीब 46 लाख। 1980 के मंडल आयोग रिपोर्ट में भी 3428 अन्य पिछड़ी जातियों की सूची थी। एक ही जाति श्रेणी के अलग-अलग राज्य के साथ एक ही राज्य में अलग-अलग नाम और गोत्र हैं। इसलिए शत- प्रतिशत मान्य और सुसंबद्ध जातिगत आंकड़ा देना गणना के बावजूद अत्यंत कठिन होगा। एक उदाहरण देखिए। 1931 में महाराष्ट्र में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग में आने वाली जातियों की संख्या 494 थी, जबकि 2011 की गणना में यह संख्या 4 लाख 28 हजार 677 पाई गई। इससे कल्पना की जा सकती है कि जाति की गणना और फिर संपूर्ण स्पष्ट रिपोर्ट ले आना आसान नहीं होगा। मोदी सरकार ने 2011 की गणना पर गहराई से काम किया, इसलिए उसे इसका अनुभव है। मूल बात इस गणना के उद्देश्य की है। जब अधिसूचना जारी होगी तो पता चलेगा कि सरकार क्या उद्देश्य घोषित करती है। साफ है कि जाति जनगणना के पीछे दूरगामी सोच, भविष्य में उत्पन्न होने वाली प्रतिक्रियाओं को संभालने की तैयारी और उसके सदुपयोग की आधारभूमि होनी चाहिए। विपक्ष के तेवर से साफ है कि इसके बाद इसे मंडल भाग 2 बनाने की रणनीति अपनाई जाएगी। अगर जनसंख्या उनके अनुसार निकली तो आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने पर राजनीति होगी। उस समय की परिस्थितियों को पहले की पृष्ठभूमि में देखने पर देश में सामाजिक अशांति और उथल-पुथल का डर पैदा होता है। अभी तक नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जाति, आरक्षण और अन्य मुद्दों पर दिखाई गई गंभीरता से उम्मीद की जा सकती है कि सत्ता की राजनीति करते हुए भी इसका हश्र वैसा नहीं होगा, जैसा मंडल और उसके नाम पर निकले नेताओं ने आरक्षण का किया। जाति जनगणना पर निर्णय के एक दिन पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की प्रधानमंत्री से लंबी मुलाकात हुई। इसमें जाति गणना की रूपरेखा और इससे उत्पन्न भविष्य की परिस्थितियों पर भी विस्तृत बातचीत हुई होगी। पिछले वर्ष 2 सितंबर को पलक्कड में आयोजित समन्वय बैठक में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा था कि समाज के वंचित वर्ग के कल्याण के लिए जाति के आंकड़े इकट्ठे करने में समस्या नहीं है। लेकिन यह गंभीर मुद्दा है, राष्ट्र की एकता और अखंडता से जुड़ा है, इसलिए इसका राजनीतिक दुरुपयोग नहीं हो बल्कि उपयोग जन कल्याण के लिए हो। विपक्ष जो आरोप लगाये, संघ को व्यापक उद्देश्य से जाति गणना करने में समस्या नहीं रही है। संघ ने अपना मंतव्य सरकार के सामने स्पष्ट किया होगा। संघ का उद्देश्य हिंदू समाज के अंदर उसके स्व का भाव घनीभूत करते हुए भेदभाव समाप्त कर पूर्ण एकता स्थापित करना है। भेदभावपूर्ण जाति व्यवस्था भारत का मूल नहीं बल्कि कालांतर में विकृत होता गया भयानक सच है।

## नकारात्मक मोड का पूर्वोपाय जरूरी

हिंदू समाज को विभाजित कर देश को कमजोर करने के लिए अनेक शक्तियां अंदर और बाहर सक्रिय हैं और जाति गणना की उग्र मांग के पीछे प्रत्यक्ष परोक्ष उनकी भूमिका भी है। जिस तरह राहुल गांधी या अखिलेश यादव सभाओं में पत्रकारों तक की जाति पूछते हुए डराते और शर्मसार करते देखे गए हैं वो भयभीत करने वाला है। यह समाज के वास्तविक वंचितों और पिछड़ों के कल्याण द्वारा जाति भेद समाप्त कर समता पर आधारित समाज निर्मित करने और देश की एकता व अखंडता को सशक्त करने की भूमिका तो नहीं हो सकती। सरकार, भाजपा, संघ तथा सामाजिक-सांस्कृतिक पुनर्जागरण में लगे दूसरे संगठनों को संपूर्ण परिस्थितियों की समझ है। इसलिए उम्मीद करनी चाहिए कि जाति के आंकड़े नए सिरे से विभाजन और जातीय विद्वेष, ईर्ष्या , घृणा उभारने का कारण नहीं बनेगा। यह जनगणना 1951 से अब तक की सबसे विस्तृत, व्यापक और समग्र गणना होगी जिसमें जाति गिनना एक भाग होगा। इसमें संभवतः एक-एक परिवार के संपूर्ण आर्थिक, वित्तीय जिसमें संपत्ति, कर्ज, वाहन, पेशा, शिक्षा आदि की संपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है। लेकिन जाति गणना का कारक राजनीतिक वक्तव्य और विमर्श में सबसे प्रबल होता जाएगा, इसकी पूरी संभावना है। मोदी सरकार और देश में सामाजिक सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता अखंडता में निष्ठा रखने वाले ,उसके लिए काम करने वाले संगठनों, समूहों और व्यक्तियों का दायित्व है कि उस विमर्श को नकारात्मक मोड़ लेने से रोकने का पूर्वोपाय करें।

# जातिगत जनगणना के हैं बहुआयाम



**दृष्टिकोण**

प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ स्तंभकार

आखिरकार केंद्र सरकार ने जाति आधारित जनगणना को हरी झंडी देकर एक अच्छी पहल की है। इस गणना में धार्मिक और आर्थिक आंकड़े तो लिए ही जाएंगे, गरीबी और अमीरी के आंकड़े भी स्पष्ट तौर से रेखांकित हो जाएंगे। विभिन्न धर्मों के धर्मावलंबियों की संख्या भी सुनिश्चित हो जाएगी। हालांकि एक समय जातीय आधार पर जनगणना का विरोध कांग्रेस समेत अनेक राजनीतिक दल इसलिए कर रहे थे कि इससे जातिवाद और मजबूत होगा, जबकि एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में जाति तोड़ने के उपाय होने चाहिए। लेकिन राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के पैरोकार बनकर ऐसे हालात पैदा कर दिए कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा। हालांकि भाजपा ने जातीय गिनती का कभी स्पष्ट रूप में विरोध नहीं किया। अलबत्ता देश की हकीकत यह है कि जाति तोड़ने के जितने भी सनातन उपाय किए गये हैं, वे असफल ही रहे हैं। विनायक दमोदर सावरकर ने तो हिन्दुओं का जातिगत ढांचा नष्ट करने का संकल्प भी लिया था, लेकिन वे विफल रहे। गणना की इस प्रणाली से कई अहम और नए पहलू सामने आएंगे।

## मुस्लिम समाज में जातिप्रथा पर पर्दा

बृहत्तर हिन्दू समाज (हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) में जिस जातीय संरचना को ब्राह्मणवादी व्यवस्था का दुष्चक्र माना जाता है, हकीकत में यह व्यवस्था कितनी पुख्ता है, इसका खुलासा होगा। मुस्लिम समाज में भी जातिप्रथा पर पर्दा डला हुआ है। आभिजात्य मुस्लिम वर्ग यही स्थिति बहाल रखना चाहता है, जिससे सरकारी योजनाओं के जो लाभ हैं वे पूर्व से ही संपन्न लोगों को मिलते रहें। जबकि मुसलमानों की सौ से अधिक जातियां हैं, परंतु इनकी जनगणना का आधार धर्म और लिंग है। अल्पसंख्यक समुदाओं में से एक पारसियों की घटती आबादी की स्थिति भी जातीय गणना से साफ होगी। क्योंकि हाल ही में इस समुदाय को प्रजनन सहायता योजना चलाकर जनसंख्या वृद्धि दर बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पिछड़ों की समृद्ध जातियां, जाति आधारित जनगणना कराए जाने पर इसलिए दबाव डालती चली आ रही थीं, जिसमें पिछड़ों को उनकी जातीय प्रतिशत के हिसाब से आरक्षण सुविधा का लाभ मिले। आर्थिक और शैक्षिक आंकड़े सामने आने पर आरक्षण की सुविधा से यदि धनी पिछड़ों को अलग किया जाता है तो इन आंकड़ों की महत्ता सार्थक होगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को चार सौ पार रोकने में जातीय जनगणना और संविधान बदलने के मुद्दे विपक्ष के काम आए। इसी का परिणाम रहा कि उप्र में भाजपा की सीटें 62 से घटकर 33 रह गईं। इसी के चलते भाजपा स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से दो सीटें पीछे रह गई। पिछड़ने के इस कारण में उप्र के पिछड़ों की नाराजगी दिखाई दी।

## आरक्षण जाति उत्थान का मूल नहीं

अतएव भाजपा और संघ असमंजस की स्थिति से उबरे और जातीय आधारित जनगणना कराने का अहम निर्णय ले लिया। जातिवार जनगणना और उससे वर्तमान आरक्षण पद्धति में परिवर्तन की



उम्मीद को लेकर पिछड़े तबके के अलंबदार लालू-मुलायम-शरद का जोर था कि पिछड़ी जातियों की गिनती अनुसूचित जाति व जनजातियों की तरह कराई जाए। क्योंकि आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पहल जरूरी थी। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता। क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई हैं। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता। लेकिन यहां सवाल उठता है कि पूंजीवाद की पोषक सरकारें समावेशी आर्थिक विकास की पक्षधर क्यों होगी? देश के राज्यों में ऐसी कई जातियां हैं जो क्षेत्रीयता के दायरे में हैं। इतनी प्रत्यक्ष जातियां होने के बावजूद मुसलमानों को लेकर यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि ये जातीय दुष्चक्र की गुंजलक में नहीं जकड़े हैं। दरअसल जाति-विच्छेद पर आवरण कुलीन मुस्लिमों की कुटिल चालाकी है। इनका मकसद विभिन्न मुस्लिम जातियों को एक सूत्र में बांधना कतई नहीं है। गोया, ये इस छद्म आवरण की ओट में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर एकाधिकार रखना चाहते हैं, जिससे इनका और इनकी पीढ़ियों को लाभ मिलता रहे। इसलिए धर्म आधारित मुस्लिम जनगणना में जाति का खाना भी अब सुनिश्चित होगा। इससे तय होता कि किस श्रेणी की कितनी मुस्लिम आबादी है। इनकी शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी स्पष्ट होगी। 1931 में हुई जनगणना में बिहार और उड़ीसा में मुसलमानों की तीन बिरादरियों का जिक्र है, मुस्लिम डोम, मुस्लिम हलालखोर और मुस्लिम जुलाहे। बाकी जातियों को किस राजनीतिक जालसाजी के तहत हटाया गया, इसकी पड़ताल हो तो अच्छा है। यदि ऐसा होता है तो वास्तविक रूप से आर्थिक बदहाली झेल रही जातियों को सरकारी लाभ योजनाओं से जोड़ा जा सकेगा। अल्संख्यक समूहों में इस वक्त हमारे देश में पारसियों की घटती जनसंख्या चिंता का कारण है। इस आबादी को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने प्रजनन सहायता योजना समेत तीन योजनाओं को इसी वित्तीय वर्ष में लागू किया है। सर्वे के मुताबिक पारसियों की जनसंख्या 1941 में 1,14000 के मुकाबले 2011 में केवल 69000 रह गई। बीते दस साल में इनकी आबादी किस हाल में है, इसका खुलासा भी जातीय गणना से होगा।

## घुसपैठियों के भी आंकड़े मिलेंगे

2011 की जाति आधारित जनगणना में ऐसे उपायों का भी सख्ती से पालन होगा, जिससे बांग्लादेशी घुसपैठिए इस पंजी में दर्ज नहीं होने पाएं? लेकिन ऐसा नहीं किया गया तो इन घुसपैठियों की भी गिनती हो जाएगी। ये घुसपैठिए देश के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने और सुरक्षा की दृष्टि से भारी बोझ हैं। केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि देश में दो करोड़ से अधिक बांग्लादेशी नाजायज तौर से रह रहे हैं। अपने मूल स्वरूप में जनसंख्या में बदलाव एक जैविक घटना होने के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक व आर्थिक आधारों को प्रभावित करती है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, मध्यान्ह भोजन, बीपीएल और एपीएल के माध्यम से आहार का आधार बनाए जाने के कारण भी सटीक जनगणना है। इसलिए जातिवार जनसंख्यात्म लक्ष्य देश के गरीब व वंचित वर्ग को खाद्य और पेयजल जैसी सुरक्षा का उपाय तो बनेंगे ही, सरकारी सेवाओं में आरक्षण किस जाति और वर्ग के अधिक जरूरी है, इसकी भी झलक मिलेगी।

# दोधारी तलवार है जातिगत जनगणना



**दो टूक**

संदीप सृजन

स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार

जातिगत जनगणना एक ऐसा विषय है जो भारत के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में लंबे समय से चर्चा का केंद्र रहा है। यह न केवल सामाजिक संरचना को समझने का एक उपकरण है, बल्कि नीति निर्माण और संसाधन वितरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यदि इसे सावधानीपूर्वक और जिम्मेदारी के साथ लागू किया जाए, तो यह भारत को एक अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज की ओर ले जा सकता है। जातिगत जनगणना का इतिहास भारत में औपनिवेशिक काल से शुरू होता है। भारत में पहली बार व्यापक जनगणना 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत आयोजित की गई थी, जिसमें जाति के आधार पर भी आंकड़े एकत्र किए गए। यह प्रक्रिया 1931 तक नियमित रूप से हर दस साल में दोहराई गई। 1931 की जनगणना में विभिन्न जातियों और उपजातियों की विस्तृत जानकारी प्रकाशित की गई, जो आज भी कई नीतियों और आरक्षण प्रणालियों के लिए आधारभूत डेटा के रूप में उपयोग की जाती है।

## 1951 में जातिगत गणना बंद हुई

उदाहरण के लिए, 1931 के आंकड़ों के आधार पर ही मंडल आयोग ने 1980 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण की सिफारिश की थी। 1941 की जनगणना में भी जाति आधारित आंकड़े एकत्र किए गए, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध और अन्य प्रशासनिक कारणों से इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। आजादी के बाद, 1951 की जनगणना में भारत सरकार ने जातिगत आंकड़े एकत्र करने को बंद करने का निर्णय लिया। केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आंकड़े एकत्र किए जाने लगे, जबकि अन्य जातियों के लिए कोई अलग डेटा संग्रह नहीं किया गया। 2011 में, यूपीए सरकार ने सामाजिक- आर्थिक और जातिगत जनगणना आयोजित की, जो 1931 के बाद पहली बार जाति आधारित डेटा संग्रह का प्रयास था। लेकिन इस सर्वेक्षण के आंकड़े पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किए गए और इसकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठे। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से बिहार में 2023 में आयोजित जाति आधारित सर्वेक्षण ने इस मुद्दे को फिर से राष्ट्रीय चर्चा में ला दिया। बिहार सरकार ने इस सर्वेक्षण को दो चरणों में पूरा किया, जिसमें पहले चरण में घरों की गिनती और दूसरे चरण में जातियों के आंकड़े एकत्र किए गए। केंद्र सरकार ने शुरू में इस सर्वेक्षण का विरोध किया, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया। 2025 में, केंद्र सरकार ने घोषणा की कि अगली राष्ट्रीय जनगणना में जाति आधारित आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे, जिसे कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स ने मंजूरी दे दी है।

## जातिगत गणना के लाभ

जातिगत जनगणना के समर्थक इसे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का एक महत्वपूर्ण उपकरण मानते हैं। जातिगत जनगणना से विभिन्न जाति समूहों की शिक्षा, रोजगार, आय और संपत्ति के वितरण में असमानताओं का सटीक आकलन किया जा सकता है। यह डेटा



नीति निर्माताओं को उन समुदायों की पहचान करने में मदद करता है जो सामाजिक और आर्थिक रूप से सबसे अधिक हाशिए पर हैं। उदाहरण के लिए, बिहार के 2023 सर्वेक्षण ने दिखाया कि 84% आबादी सामाजिक-आर्थिक रूप से हाशिए पर है, जिसने नीति निर्माण में नए दृष्टिकोण को जन्म दिया। सटीक जाति आधारित डेटा के आधार पर सरकारें विशिष्ट समुदायों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बना सकती हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी विशेष जाति समूह में शिक्षा का स्तर बहुत कम है, तो उनके लिए विशेष शैक्षिक कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं। जातिगत जनगणना से यह स्पष्ट हो सकता है कि किन क्षेत्रों या समुदायों में संसाधनों की अधिक आवश्यकता है। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जा सकता है जो वास्तव में जरूरतमंद हैं। जातिगत जनगणना से नया डेटा मिलेगा, जिसके आधार पर आरक्षण कोटे को समायोजित किया जा सकता है। जातिगत जनगणना शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए एक मूल्यवान डेटाबेस प्रदान कर सकती है, जिससे सामाजिक गतिशीलता, असमानता और विकास के विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन संभव हो सकता है। जातिगत जनगणना से वंचित समुदायों को उनकी स्थिति सुधारने का अवसर मिलेगा, जिससे सामाजिक एकता मजबूत होगी और लोकतंत्र में उनकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। जातिगत जनगणना के विरोधी इसे सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से हानिकारक मानते हैं। कई विशेषज्ञों का मानना है कि जातिगत जनगणना से समाज में जातिगत तनाव और ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। यह लोगों को उनकी जातिगत पहचान के आधार पर समूहों में बांट सकता है, जिससे राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंच सकता है। जातिगत जनगणना में व्यक्तिगत जानकारी एकत्र की जाती है, जिसके दुरुपयोग की आशंका रहती है। यदि यह डेटा गलत हाथों में पड़ता है, तो यह सामाजिक भेदभाव को और बढ़ा सकता है। जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर विभिन्न समुदाय आरक्षण की नई मांगें उठा सकते हैं, जिससे सामाजिक और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50% आरक्षण की सीमा पहले ही कई राज्यों में चुनौती का विषय है। जातिगत जनगणना जाति व्यवस्था को और मजबूत कर सकती है, क्योंकि यह लोगों को उनकी जातिगत पहचान के प्रति और अधिक जागरूक करेगी। इससे आधुनिक लोकतंत्र के 'सार्वभौमिक नागरिक बोध' को नुकसान पहुंच सकता है। जातिगत जनगणना का डेटा राजनीतिक दलों द्वारा वोट बैंक की राजनीति के लिए दुरुपयोग किया जा सकता है। क्षेत्रीय दल विशेष रूप से इसका उपयोग अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए कर सकते हैं।

## वर्तमान स्थिति और विश्लेषण

विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट है कि जातिगत जनगणना एक दोधारी तलवार है। एक ओर, यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को बढ़ावा देने का एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है। यह उन समुदायों को मुख्यधारा में लाने में मदद कर सकता है जो ऐतिहासिक रूप से वंचित रहे हैं। दूसरी ओर, इसके गलत उपयोग से सामाजिक तनाव, राजनीतिक अस्थिरता और जातिगत पहचान को और मजबूत करने का खतरा है। इसलिए, जातिगत जनगणना को लागू करने से पहले कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। पहला, डेटा संग्रह की प्रक्रिया को पारदर्शी और गोपनीय बनाया जाना चाहिए ताकि व्यक्तिगत गोपनीयता का उल्लंघन न हो। दूसरा, आंकड़ों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कानूनी ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। तीसरा, जनगणना के परिणामों को केवल सामाजिक कल्याण और नीति निर्माण के लिए उपयोग किया जाना चाहिए, न कि राजनीतिक लाभ के लिए।

## आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नड्डा पहुंचे तमिलनाडु

# संगठनात्मक कार्य में तेजी लाएं और द्रमुक को हटाएं

### द्रमुक सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे: नागेंद्रन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन एवं उर्वरक मंत्री मंत्री जेपी नड्डा ने 2026 में तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी की तमिलनाडु इकाई की तैयारियों की समीक्षा की। नड्डा ने राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भाग लिया और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने और पार्टी के संगठनात्मक कार्य को भी आगे बढ़ाने की सलाह दी।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख और विधायक दल के नेता नैनार नागेंथिरन की अध्यक्षता में बैठक में तमिलनाडु मामलों के राष्ट्रीय सह-प्रभारी पी सुधाकर रेड्डी, राज्य इकाई के सह-संयोजक एच राजा, राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष और विधायक वनाथी श्रीनिवासन और पार्टी की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष पोन राधाकृष्णन और डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन सहित अन्य लोग शामिल हुए।

**राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भाग लिया**

राज्य इकाई के प्रमुख नैनार की अध्यक्षता में की बैठक



पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी विनोज पी सेल्वम ने कहा कि बैठक में हमारे प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2026 के चुनाव में द्रमुक सरकार को सत्ता से बाहर करने और राज्य विधानसभा में भाजपा के अधिकतम सदस्यों की संख्या सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### शैव सिद्धांत ने तमिल पहचान को आकार दिया

**अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन का उद्घाटन किया**

नड्डा यहां एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में धर्मपुरम अधीनम के तत्वावधान में आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए हैं। नड्डा ने कहा कि तमिल धरती में गहराई से निहित शैव सिद्धांत ने भक्ति, सदाचार और दैवीय कृपा से मुक्ति पर जोर देकर तमिल पहचान को आकार दिया है। शैव सिद्धांत महज एक धार्मिक दर्शन नहीं है बल्कि यह एक सभ्यतागत सिद्धांत है जो आत्मा, परमात्मा और जगत के बीच पवित्र संबंध की शिक्षा देता है। उन्होंने यहां कट्टनकुलथुर में तिरुकायिलया परंपरा धर्मपुरम अधीनम के अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत अनुसंधान संस्थान, धर्मपुरम और एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के तत्वावधान में आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन का उद्घाटन किया।

#### संत अप्पार, सुंदरार और तिरुग्नना संबंदर का गुणगान किया

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु पवित्र भूमि है और संगम कवियों तथा शैव संतों ने इस दर्शन को पोषित किया। उन्होंने कहा कि थेवरम और थिरुवसगम को प्रतिदिन बहुत जोश के साथ गाया जाता था, जो हमारे पूर्वजों की शाश्वत भक्ति को प्रतिध्वनित करता था। संत अप्पार, सुंदरार और तिरुग्नना संबंदर द्वारा रचित पवित्र थेवरम (तमिल भक्ति भजन) दिव्यता की ओर ले जाता है।

### कुलाधिपति टीआर को सराहा

नड्डा ने शिक्षा और आध्यात्मिकता में योगदान के लिए एसआरएम विश्वविद्यालय के संस्थापक-कुलाधिपति टी आर पारिवेंधर की सराहना की। उन्होंने सम्मेलन के आयोजन के लिए धर्मपुरम अधीनम को भी धन्यवाद दिया। कुलाधिपति पारीवेंधर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हम सम्मेलन के लिए उनके अनुग्रहपूर्ण संदेश और आशीर्वाद के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति अत्यंत आभारी हैं। उनके शब्द हमें भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं।

## खबर संक्षेप

### जयपुर-जोधपुर इंटरसिटी के इंजन से निकला धुआं

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर और जोधपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में शनिवार को



तब यात्री सहम गए जब ट्रेन के इंजन से धुआं निकलता दिखाई दिया। एक्सप्रेस के इंजन से धुआं निकलता देख ट्रेन में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई हालांकि किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। यह घटना नागौर जिले के गोटन रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को हुई।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) 2025 के लिए



नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 18 वर्ष से कम आयु के उन युवाओं को सम्मानित करता है, जिन्होंने निम्नलिखित 6 श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। लोग प्रविष्टि भेज सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ में हार्डकोर नक्सली मुठभेड़ में ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ हुए मुठभेड़ में एक हार्डकोर नक्सली मारा गया। उसके



सिर पर 8 लाख रुपए का इनाम था। इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 145 नक्सली मारे जा चुके हैं। गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में नक्सली मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

### हिंदू एक्टिविस्ट हत्या मामले में 8 गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार



किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपी 'सफवान' गैंग से जुड़े हैं। मोहम्मद फाजिल की 2022 की बहुचर्चित हत्या के मुख्य आरोपी सुहास की 1 मई की रात को बाजपे के किन्निकंबला में अज्ञात हमलावरों के एक समूह ने हत्या कर दी थी।

### फंदे से लटके मिले महिला, 3 बेटियों के शव

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शनिवार को



30 वर्षीय एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों के शव उनके घर में फंदे से लटके पाए गए। मृतक महिला का पति रात की डयूटी करके सुबह घर लौटा तो उसने महिला और उसकी तीन बेटियों के शवों को पंखे से बंधे फंदों से लटका देखा।

## बालाकोट हमले पर चन्नी के सवाल उठाने के बाद पात्रा का पलटवार

# कांग्रेस की बैठक को 'पाकिस्तान कार्यसमिति' बताया, यह पाक को 'अक्सीजन' मुहैया कराई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### बालाकोट में किए गए हवाई हमले की प्रमाणिकता पर सवाल उठाने संबंधी कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी की टिप्पणी को लेकर विपक्षी दल की आलोचना की

### नेतृत्व कुछ और बोल रहा तो इनके नेतागण अलग

भाजपा ने 2019 के पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद बालाकोट में किए गए हवाई हमले की प्रमाणिकता पर सवाल उठाने संबंधी कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी की टिप्पणी को लेकर विपक्षी दल की शनिवार को आलोचना की और कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान को बार-बार 'ऑक्सीजन' मुहैया करा रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाहर से यह कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) है, लेकिन भीतर से यह पाकिस्तान कार्यसमिति की तरह काम करती है। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस में यह चलन बन गया है कि इसके प्रस्ताव एवं इसका नेतृत्व किसी और स्वर में बोलते हैं, जबकि इसके कई अन्य नेता किसी और सुर में बात करते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में पाकिस्तान समर्थक नेता भरे पड़े हैं जो भारत के हितों के खिलाफ बयान देते हैं। उन्होंने कांग्रेस के उस पत्र को लेकर उपहास किया जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों को इस मुद्दे पर पार्टी के आधिकारिक रुख के अनुसार काम करने की सलाह दी गई है।



**कांग्रेस में पाकिस्तान समर्थक नेता भरे पड़े**

#### कांग्रेस पाकिस्तान को संदेश देने का प्रयास करेगी

पात्रा ने कहा कि जैसे ही कांग्रेस नेताओं को सरकार की योजनाओं के बारे में पता चलेगा, वे पाकिस्तान को संदेश देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की कथित पाक यात्रा को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा द्वारा उन पर बार-बार किए गए हमले का भी जिक्र किया। पात्रा ने कहा कि सरमा ने यह भी कहा है कि गोगोई के बच्चे भारतीय नागरिक नहीं हैं।

#### कांग्रेस नेताओं ने अब फिर अनर्गल बयान दिए

पात्रा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के रुख पर सवाल उठाने के लिए एक पाकिस्तानी सांसद ने अखिलेश यादव जैसे विपक्षी दलों के नेताओं और आप जैसे दलों को उद्धृत किया था तथा अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी पड़ोसी देश में प्रशंसा पाने के लिए इन नेताओं में शामिल होने की कोशिश कर रहे हैं। पात्रा ने पहलगाम आतंकी हमले से संबंधित कई कांग्रेस नेताओं की अन्य विवादास्पद टिप्पणियों का हवाला देते हुए पार्टी की आधिकारिक घोषणाओं और उसके सदस्यों की सार्वजनिक टिप्पणियों में अंतर को लेकर पार्टी की आलोचना की। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, महाराष्ट्र के विधायक विजय वडेट्टीवार, हिमाचल प्रदेश के मंत्री इंदर सिंह और राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा की टिप्पणियों पर नाराजगी जताई।

#### सेना और भारतीयों का मनोबल गिराया

पात्रा ने पूछा कि क्या कांग्रेस नेताओं की इस तरह की विवादास्पद टिप्पणियों से सशस्त्र बलों और आम तौर पर भारतीयों का मनोबल कम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सरकार से आतंकवादी हमले के बाद अपनी रणनीति बताने को कहा है।

#### 60 साल में कांग्रेस ने क्यों नहीं कराई जाति गणना?

पात्रा ने जातिगत गणना की सरकार की घोषणा का श्रेय लेने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि सत्ता में अपने 60 साल से अधिक के कार्यकाल में पार्टी ने कभी यह काम नहीं किया, लेकिन मोदी सरकार स्वतंत्र भारत की पहली जातिगत गणना करेगी।

#### 'जगन्नाथ धाम' तो पुरी में मौजूद, बंगाल में कैसे होगा?

पश्चिम बंगाल के दीघा में नवनिर्मित मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' नाम दिए जाने संबंधी विवाद के बीच पात्रा ने जोर देकर कहा कि केवल एक ही जगन्नाथ मंदिर हो सकता है जो ओडिशा के पुरी में मौजूद है। पात्रा लोकसभा में पुरी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

#### चन्नी ने 'समानांतर' संवाददाता सम्मेलन में बालाकोट कार्रवाई पर उठाए थे सवाल

सीडब्ल्यूसी ने प्रस्ताव पारित किया, जिसमें केंद्र से आग्रह किया गया कि वह आतंकवाद का लगातार समर्थन करते रहे पाक को दंडित



करने के वास्ते दृढ़ता से काम करे। चन्नी ने एक 'समानांतर' संवाददाता सम्मेलन किया जिसमें उन्होंने बालाकोट में किए गए भारत के हवाई हमले की वास्तविकता पर सवाल उठाया और पीएम पर भी तंज कसा। कांग्रेस पाक सेना एवं आतंकवादियों को ऑक्सीजन देने तथा उनका मनोबल बढ़ाने का मौका नहीं छोड़ती।

#### लोगों को पता नहीं चलेगा बम? फिर मुकरे चन्नी

चन्नी ने कहा था कि 40 सैनिक मारे गए। हमने कभी नहीं देखा कि पाक में कहां हमले किए गए। बम फेंके, तो क्या लोगों को पता नहीं चलेगा? चन्नी ने कहा कि मैं हमेशा से इसकी (सबूत की) मांग करता रहा हूं। भाजपा द्वारा हमला करने के बाद कांग्रेस नेता ने अपने बयान से पलटते हुए कहा कि किसी सबूत की जरूरत नहीं है।

## अदालत ने सुनाया अंतिम फैसला

# अब केवल तीन मंजिल नहीं पूरी संजौली मस्जिद गिरेगी

*नगर निगम आयुक्त भूपिंदर की अदालत का आदेश*



एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में स्थित मस्जिद को लेकर नगर निगम अदालत ने अंतिम फैसला सुना दिया है। पूरी मस्जिद के अवैध घोषित कर उसे पूरी तरह गिराने का आदेश दिया गया है। इससे पहले अदालत ने 5 अक्टूबर 2024 को मस्जिद की ऊपरी 3मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था।

शिमला नगर निगम आयुक्त भूपिंदर अत्री की अदालत ने शनिवार को सुनवाई के बाद पूरे निर्माण को अवैध करार देते हुए संजौली मस्जिद को पूरी तरह से गिराने का आदेश जारी कर दिया। यह फैसला उस समय आया जब वक्फ बोर्ड की ओर से अदालत में मस्जिद की जमीन का मालिकाना हक साबित करने के लिए कोई पुख्ता दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। मस्जिद निर्माण से संबंधित कोई वैध नक्शा या नगर निगम की स्वीकृति भी पेश नहीं की गई। इससे पहले कोर्ट नेऊपरी तीन मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था, लेकिन मस्जिद कमेटी ने कार्रवाई नहीं की।

#### अवैध निर्माण पर सख्त रुख

नगर निगम अदालत ने मस्जिद के बची हुई दो मंजिलों को भी अवैध माना और उन्हें गिराने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड के वकील ने दलील दी कि मस्जिद का अस्तित्व 1947 से पहले का है और यह पुनर्निर्माण है। इस पर अदालत ने सवाल उठाया कि अगर यह पहले से मौजूद थी तो नए निर्माण के लिए नगर निगम की मंजूरी क्यों नहीं ली गई? नियमों को ताक पर रखकर सारी मस्जिद बनाई गई। 45 मिनट तक चली बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा और दोपहर एक बजे के बाद अत्री ने फैसला सुनाया। इसमें साफ कहा कि पूरी मस्जिद अवैध है, इसे गिराया जाए।

#### मस्जिद कमेटी ने नहीं की थी कार्रवाई

5 अक्टूबर 2024 को नगर निगम अदालत ने मस्जिद की ऊपरी 3 मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था, जिसे दो महीने के भीतर पूरा करना था। लेकिन मस्जिद कमेटी द्वारा समय-सीमा में कार्य पूरा नहीं किया जा सका। बाद में दो बार और समय मांगा गया, परंतु अब भी एक मंजिल और पिलर का काम अधूरा है।

## कर्नाटक के मंत्री ने कहा

# मोदी और शाह मुझे बम दें, मैं पाकिस्तान पर हमला करूंगा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



■ यह नाटकीय बयान वायरल हो रहा

कर्नाटक के आवास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान का एक हालिया बयान चर्चा का विषय बन गया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव को बीच मंत्री जमीर अहमद खान का कहना है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह उन्हें अनुमति दें तो वे पड़ोसी देश से जंग के लिए खुद ही फिदायीन हमलावर बनकर जाने के लिए तैयार हूं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया गया उनका यह नाटकीय बयान तुरंत वायरल हो गया। मैं खुद सीमा पर जाकर युद्ध करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि हम सब भारतीय हैं, हम हिंदुस्तानी हैं। हमारा पाकिस्तान से कोई नाता नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से हमारा दुश्मन मुल्क रहा है। मैं पाकिस्तान जाकर युद्ध करने के लिए तैयार हूं।

## ओवैसी ने पाक-बांग्लादेश को लताड़ा

# पहले तुम 'घर' में घुस जाते थे अब हम घर में घुसकर मारेंगे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



■ पीएम मोदी अब ठोस कदम उठाएं

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान और बांग्लादेश को लताड़ लगाई है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह दर्दनाक है। उन्होंने पीएम मोदी से आतंकियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की अपील की है। उन्होंने पाकिस्तान को फेल्ड नेशन बताया।

बांग्लादेश पर उन्होंने कहा कि जो देश तुम्हें मिला है, वह हमारी वजह से मिला है। हम देख रहे हैं कई साल से पाकिस्तान से लोग आकर हमारे यहां लोगों की जान ले लेते हैं। हम मोदी जी से अपील करते हैं वे ठोस कदम उठाएं ताकि पाकिस्तान दोबारा ऐसा न करे। आखिरकार ओवैसी ने कहा कि पहले आतंकी और उनके पनहगार घर में घुस जाते थे अब हम उन्हें घर में घुसकर मारेंगे।

## गुजरात और मथुरा में 10 की गई जान

# जीप-बस व दोपहिया की टक्कर में 6 लोगों की मौत, 8 घायल

एजेंसी ▶▶ साबरकांठा

गुजरात के साबरकांठा जिले में शनिवार को एक जीप, राज्य परिवहन की बस और एक दोपहिया वाहन की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।



यह हादसा हिंगटिया गांव के पास एक राजमार्ग पर उस समय हुआ, जब जीप और बस में की आमने-सामने टक्कर हो गई। खेड़ोज थाने के निरीक्षक एनआर उमट ने बताया कि भिड़ंत के बाद एक बाइक आकर जीप से टकरा गई, जिस पर तीन लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से ज्यादातर लोग जीप में सवार थे। भिड़ंत के बाद जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस अंबाजी (बनासकांठा) से वडोदरा जा रही थी और जीप दूसरी दिशा से आ रही थी। घायलों का उपचार हिम्मतनगर के अस्पताल में चल रहा है, जो जिला मुख्यालय है। मृतकों में अधिकतर पुरुष हैं और साबरकांठा जिले के निवासी थे।

#### कार ने टेंपो में मारी टक्कर तो घायलों को डंपर ने रौंदा, 4 मरे

**मथुरा।** यहां तेज रफ्तार थार और सवारी टेंपो की टक्कर में कई लोग घायल हो गए। सड़क पर चीख-पुकार मची थी, तभी तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने घायलों को कुचल दिया। 4 लोगों की मौत हो गई। घटनास्थल का दृश्य देख लोगों की चीख निकल गई। हादसा जैत क्षेत्र के रामताल नगला की रोड पर समीप हुआ।

## जागरुकता बढ़ेगी वेस्टर्न रेलवे ने नई पहल की शुरुआत की

# अब रेल पैसेंजर को सुरक्षा और मैसेज देगा 'छोटा भीम'

### रेलवे स्टेशनों, पोस्टरों, स्कूलों, टीवी और रेडियो पर आएंगे संदेश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब रेलवे सुरक्षा की बात होगी तो छोटा भीम भी साथ होगा। पश्चिम रेलवे ने देश के पॉपुलर कार्टून कैरेक्टर छोटा भीम के साथ मिलकर एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। इसका मकसद है रेल यात्रियों को मजेदार अंदाज में सुरक्षा को लेकर जागरूक करना। देशभर में बच्चों के चहेते सुपर हीरो छोटा भीम अब रेलवे स्टेशनों, पोस्टरों, स्कूलों, टीवी और रेडियो पर रेलवे सुरक्षा के मैसेज देते नजर आएंगे।




#### सुरक्षित यात्रा, जिम्मेदार यात्री का मिशन शुरू

इस साझेदारी के तहत आने वाले एक साल तक छोटा भीम और उसके दोस्त रेलवे परिसर में सुरक्षा नियमों, प्लेटफॉर्म पर सावधानी, ट्रेनों में सही व्यवहार जैसे संदेशों को मनोरंजक रूप से प्रस्तुत करेंगे। प्रिंट, डिजिटल, टीवी, रेडियो और स्कूल कैंपेन में इन पात्रों का उपयोग किया जाएगा ताकि बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर वर्ग के यात्री तक ये जरूरी मैसेज पहुंच सके। अब जिम्मेदार यात्री का मिशन शुरू हो गया है।

#### जियो वर्ल्ड सेंटर में लगी मुहर

यह अनोखा सहयोग वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 के दौरान मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में तय हुआ। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक और ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और एमडी राजीव चिलाकलापुडी ने लेटर ऑफ कोलेबरेशन पर हस्ताक्षर किए।

#### यह समाज में पॉजिटिव बदलाव का जरिया भी बनेगा

छोटा भीम न सिर्फ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाता है बल्कि अब वह समाज में पॉजिटिव बदलाव का जरिया भी बनेगा। खास बात ये है कि इस बार छोटा भीम सिर्फ लड्डू नहीं खाएगा बल्कि यात्रियों को सिखाएगा कि सुरक्षित यात्रा कैसे की जाती है। विनीत अभिषेक ने कहा कि हम चाहते हैं कि सुरक्षा जैसे गंभीर विषय को भी लोग रुचि से समझें। छोटा भीम की पॉपुलैरिटी और बच्चों में उसकी पकड़ इस मैसेज को और प्रभावशाली बनाएगी।

## मधेपुरा में रैली और सभा के दौरान हादसा

# भरभराकर गिर गया मंच, पूर्व शिक्षा मंत्री समेत कई नेता हो गए घायल

एजेंसी ▶▶ मधेपुरा

वक्फ बिल के विरोध में शनिवार को सिंहेश्वर प्रखंड के झिटकिया से जिले भर से पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाला। जुलूस को राजद और भाकपा नेताओं का भी समर्थन प्राप्त था। जुलूस झिटकिया से चलकर समाहरणालय के समीप कला भवन परिसर पहुंच सभा में तब्दील हो गया। सभा मंच पर वक्फ कानून के विरोध में नेताओं ने बोलना शुरू किया कि मंच पर लोगों की भीड़ इतनी बढ़ गई कि मंच टूट के गिर गया।

#### वक्फ के खिलाफ था जुलूस



मंच टूटने से विधायक प्रो. चंद्रशेखर, भाकपा नेता प्रमोद प्रभाकर सहित अन्य लोग जख्मी हो गए। सभी को सदर अस्पताल लाया गया। वक्फ कानून के विरोध में निकाले गए जुलूस का नेतृत्व कर रहे परवेज आलम ने वक्फ को काला कानून करार देते हुए कहा कि यह वक्फ संपत्तियों पर सरकार का दखल बढ़ाने की साजिश है।

केंद्र सरकार लगातार भारतीय सेना को कर रही मजबूत

# कंधे से दागी जाने वाली अगली पीढ़ी की वायु रक्षा प्रणाली की खरीद प्रक्रिया शुरू, 48 लॉन्चर, 85 मिसाइलें खरीदेगी सेना, सभी मौसम में रहेगी उपयोगी

रक्षा मंत्रालय ने वायु रक्षा प्रणाली की खरीद के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर दी है। यह निविदा शनिवार को भारतीय सेना की वेबसाइट पर डाली गई। निविदा में बताया गया है कि मंत्रालय 48 लॉन्चर, 48 नाइट-विजन साइट, 85 मिसाइलें और एक मिसाइल टेस्ट स्टेशन प्रणाली को खरीदना चाहता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने अगली पीढ़ी की बहुत कम दूरी वाली वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस-एनजी) की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह प्रणाली दिन हो या रात, हर मौसम में बर्फीले इलाकों में भी हवाई लक्ष्यों को मार गिराने में सक्षम होगी। रक्षा मंत्रालय ने इसकी खरीद के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) यानी निविदा जारी कर दी है। यह निविदा शनिवार को भारतीय सेना की वेबसाइट पर डाली गई। निविदा में बताया गया है कि मंत्रालय 48 लॉन्चर, 48 नाइट-विजन साइट, 85 मिसाइलें और एक मिसाइल टेस्ट स्टेशन प्रणाली को खरीदना चाहता है। ये सभी वस्तुएं 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के तहत खरीदी जाएंगी। इच्छुक भारतीय कंपनियों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

*ये सभी उपकरण 'बाय इंडियन' श्रेणी के तहत खरीदे जाएंगे*



*यह मिसाइल प्रणाली इंफ्रारेड होमिंग टेक्नोलॉजी पर आधारित*

### 'मैनपोर्टेबल' मिसाइल की जरूरत

*निविदा के मुताबिक, हवाई क्षेत्र में बदलते खतरों को देखते हुए सेना को एक 'मैनपोर्टेबल' (कंधे पर ले जाने योग्य) मिसाइल प्रणाली की जरूरत है। यह मिसाइल प्रणाली ऐसे हालात के लिए है जब हमला बहुत करीब आ चुका हो और उसे तुरंत नष्ट करना हो। यह मिसाइल प्रणाली इंफ्रारेड होमिंग टेक्नोलॉजी पर आधारित होगी और 'फायर एंड फॉरगेट' यानी निशाना लगाओ और भूल जाओ वाली होगी। इस प्रणाली में एक इंफ्रारेड मिसाइल होगी, जो कंधे पर रखकर छोड़ी जा सकेगी। यह प्रणाली दिन और रात में सभी मौसमों में लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों, हेलिकॉप्टरों और ड्रोन को निशाना बना सकेगा।*



### यह प्रणाली तीनों सेनाओं के लिए उपयोगी

यह प्रणाली तीनों सेनाओं (थल, नौसेना और वायु सेना) द्वारा उपयोग की जाएगी और यह जमीन व जहाजों पर तैनात की जा सकेगी। इसे दो रूपों में इस्तेमाल किया जाएगा – एक मैनपोर्टेबल सिंगल लॉन्चर और दूसरा पैरा ड्रॉप ऑपरेशन के रूप में। यह प्रणाली पहाड़, मैदान, रेगिस्तान, समुद्री किनारा हर इलाके में काम कर सकेगी। यह -30 डिग्री से 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में काम करने में सक्षम होगी।

### अधिकतम मारक दूरी 6000 मीटर

*मिसाइल की अधिकतम मारक दूरी 6000 मीटर या उससे अधिक और न्यूनतम दूरी 500 मीटर से कम होगी। यह प्रणाली 400 मीटर प्रति सेकंड या उससे अधिक की गति से आने वाले लक्ष्यों को भी भेदने में सक्षम होनी चाहिए। प्रणाली को तीन मिनट के अंदर ट्रांसपोर्ट से फायरिंग मोड में लाने की क्षमता होगी। इस प्रणाली का सेना के वाहनों, जहाजों, ट्रेनों और विमानों के जरिए परिवहन किया जा सकेगा और पैराशूट से गिराया भी जा सकेगा।*

## खबर संक्षेप

### एंथनी लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम बने

**मेलबर्न।** एंथनी अल्बनीज लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम पद के लिए चुने गए हैं। वह पिछले 21 वर्षों में ऐसी जीत दर्ज करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पीएम बन गए हैं। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। पीएम मोदी ने शनिवार को एंथनी अल्बनीज को उनकी शानदार जीत और ऑस्ट्रेलिया के पीएम के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अल्बनीज के साथ काम करने को उत्सुक हैं।



### अजमेर में रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिक पकड़े

**जयपुर।** राजस्थान में विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अजमेर में अवैध रूप से रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। अजमेर की जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि शुक्रवार को 2151 संदिग्धों के दस्तावेजों की जांच की गई जिनमें से दरगाह इलाके में चार बांग्लादेशी नागरिकों और सरवाड़ से दो बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से रहने के आरोप में हिरासत में लिया गया। सीएम भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राज्य में अवैध रूप से रह रहे सभी बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजें।



पहलगाम आतंकी घटना के बाद देश के भीतर और अन्य देशों में सुरक्षा एजेंसी अलर्ट पर

# भारत से मिली सूचना, संदिग्ध आतंकियों की तलाश में कोलंबो एयरपोर्ट पर हुई सघन जांच



भारत की खुफिया एजेंसियों से मिली सूचना के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले में शामिल छह संदिग्ध चेन्नई से श्रीलंका भाग सकते हैं। इस सूचना के बाद श्रीलंकाई अधिकारियों ने चेन्नई से कोलंबो पहुंची श्रीलंकन एयरलाइंस की फ्लाइट यूएल-122 पर सर्च ऑपरेशन किया।

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश सहित पड़ोसी राज्यों में संदिग्धों की तलाश तेज हो चुकी है। पूरे देश के भीतर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। इस घटना के बाद भारत और पड़ोसी देशों में अलर्ट जारी है। इस बीच बड़ी खबर मिली कि चेन्नई से पहलगाम हमले से जुड़े संदिग्ध श्रीलंका भाग सकते हैं, भारत से मिली इस सूचना के आधार पर श्रीलंका के बंदरनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (कोलंबो एयरपोर्ट) पर शनिवार को एक स्पेशल सर्च ऑपरेशन चलाया गया। श्रीलंकाई पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि भारत की खुफिया एजेंसियों से मिली सूचना के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले में शामिल छह संदिग्ध चेन्नई से श्रीलंका भाग सकते हैं।

### खास बातें

- इसकी वजह से कोलंबो से सिंगापुर की अगली उड़ान यूएल 308 में देरी हुई
- श्रीलंका में एयरपोर्ट, समुद्री बंदरगाहों और सीमाओं पर निगरानी बढ़ाई गई है

### सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

एयरलाइंस ने यह भी स्पष्ट किया कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इधर, इस खुफिया सूचना के बाद श्रीलंका में एयरपोर्ट, समुद्री बंदरगाहों और सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी गई है। तमिलनाडु और केरल जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों से संदिग्ध आतंकियों के श्रीलंका भागने की आशंका को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने सख्ती बढ़ा दी है।

### सुरक्षा मानकों को पूरा किया

श्रीलंकन एयरलाइंस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि फ्लाइट यूएल 122 (विमान 4आर-एएलएस), 3 मई को दोपहर 11:59 बजे चेन्नई से कोलंबो पहुंची। स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर फ्लाइट की गहन जांच की गई। सुरक्षा मानकों को पूरा करने के बाद विमान को क्लीयर कर दिया गया। हालांकि, इस प्रक्रिया की वजह से अगली उड़ान यूएल 308 (कोलंबो से सिंगापुर) में देरी हुई।

### श्रीलंकाई राष्ट्रपति बोले भारत के साथ हुए रक्षा समझौते को संसद में पेश करेंगे

श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने कहा है कि भारत के साथ रक्षा समझौता जल्द ही संसद में पेश किया जाएगा। दिसानायके विपक्ष की इस आलोचना का जवाब दे रहे थे कि उनकी नेशनल पीपुल्स पॉवर (एनपीपी) सरकार ने भारत के साथ एक गुप्त रक्षा समझौता किया था, जब पीएम नरेंद्र मोदी 4 से 6 अप्रैल तक श्रीलंका की यात्रा पर थे और वह मांग कर रहा है कि समझौता ज्ञापन का खुलासा किया जाए।



दिसानायके ने शुक्रवार को कहा कि वे (विपक्ष) झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं। देशों के बीच समझौते हैं, वे दोनों पक्षों के लिए खुले हैं। पीएम मोदी की 5 अप्रैल को श्रीलंका यात्रा के दौरान भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा सहयोग पर हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगा। दिसानायके ने श्रीलंका की इस रुख को सुनिश्चित किया था कि उसकी धरती का उपयोग किसी भी भारत विरोधी गतिविधि के लिए नहीं होने दिया जाएगा, जिससे उसके पड़ोसी की राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़े। मोदी ने अपने संबोधन में इस रुख के लिए दिसानायके को धन्यवाद दिया था।

#### रक्षा सहयोग एमओयू 5 वर्षों तक प्रभावी

पीएम मोदी की 5 अप्रैल को श्रीलंका यात्रा के दौरान भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा सहयोग पर हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पांच वर्षों तक प्रभावी रहेगा। यह पहली बार है कि भारत और श्रीलंका ने सैन्य क्षेत्र में गहन सहभागिता के लिए एक ढांचे को संस्थागत बनाने हेतु एक प्रमुख रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। श्रीलंका के रक्षा सचिव थुइयाकोंथा ने इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद कहा था कि भारत हर साल करीब 750 श्रीलंकाई सैन्यकर्मियों को प्रशिक्षण देता है। यह रक्षा साझेदारी एक अमूल्य परिसंपत्ति बनी हुई है। इस समझौता ज्ञापन के तहत सहयोग के हिस्से के रूप में, दोनों पक्ष एक-दूसरे के सैन्य और राष्ट्रीय कानूनों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और उद्देश्यों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी रेंजर को पकड़ा

गंगानगर। राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सीमा से बीएसएफ ने एक पाक रेंजर को पकड़ा है। बीएसएफ इस पाकिस्तानी रेंजर से पूछताछ कर रही है कि वह किस मकसद से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था। बता दें कि, राजस्थान में भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा रेखा बिल्कुल स्पष्ट है। यहां कश्मीर में एलओसी की तरह कोई विवाद नहीं है। ऐसे में पाकिस्तानी जवान के यहां घुसपैठ की कोशिश कई सवाल खड़े कर रही है। बीएसएफ ने इसके बाद सीमा पर चौकसी और कड़ी कर दी है।

भारत और ब्रिटेन के बीच एमओयू

# दोनों देशों ने नए सांस्कृतिक समझौते पर किए हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की मंत्री लिसा नंदी इस हफ्ते अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत दौरे पर हैं। नई दिल्ली में उन्होंने भारत के संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। दोनों देशों ने एक नए सांस्कृतिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग ने एक बयान में कहा कि ब्रिटेन और भारत कला और रचनात्मक क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करते हैं। यह समझौता हमारे कलाकारों, सांस्कृतिक संस्थानों और रचनात्मक व्यवसायों के लिए सहयोग, नवाचार और आर्थिक विकास के नए अवसर खोलेगा।

ब्रिटेन-भारत सांस्कृतिक सहयोग कार्यक्रम का मकसद कला और विरासत के जरिए दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है और रचनात्मक व्यवसायों व सांस्कृतिक संस्थाओं के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। इसमें ब्रिटेन और भारत मिलकर धरोहर संरक्षण, संग्रहालय प्रबंधन और संग्रहों के डिजिटलीकरण पर सर्वोत्तम प्रथाओं और विशेषज्ञता का समर्थन करेंगे।

### सांस्कृतिक संपत्ति की मिलकर करेंगे

इस नए समझौते के क्रियान्वयन में भारत में ब्रिटिश काउंसिल और भारतीय संस्कृति मंत्रालय की भागीदारी होगी। साथ ही ब्रिटेन की आर्ट्स काउंसिल इंग्लैंड, ब्रिटिश लाइब्रेरी, ब्रिटिश म्यूजियम, नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम, साइंस म्यूजियम ग्रुप और वी एंड ए म्यूजियम जैसी प्रमुख सांस्कृतिक संस्थाएं भी इसमें शामिल होंगी। विभाग ने कहा कि इस पहले ब्रिटिश म्यूजियम को ऐसी नई साझेदारियां शुरू करने का मौका मिलेगा, जिनमें प्रदर्शनियों या जन केंद्रित कार्यक्रमों के जरिए ब्रिटेन में रहने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय को जोड़ा जा सकेगा। विभाग ने कहा कि इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि दक्षिण एशियाई पांडुलिपियों में निहित ज्ञान को व्यापक रूप से उपलब्ध कराया जा सके और सांस्कृतिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दोनों देशों ने सांस्कृतिक कलाकृतियों के अवैध व्यापार से निपटने का भी संकल्प लिया है।

### आतंकवाद के खिलाफ ब्रिटेन हमेशा भारत के साथ

लिसा नंदी ने पहलगाम हमले को लेकर कहा, हमारे पीएम कीर स्टार्मर ने सीधे पीएम नरेंद्र मोदी को अपनी संवेदनाएं भेजी हैं और इस खौफनाक हमले में मारे गए लोगो के परिवारों के प्रति संवेदन व्यक्त की है। उन्होंने आगे कहा, आतंकवाद के खिलाफ ब्रिटेन हमेशा भारत के साथ खड़ा है, चाहे वह किसी भी रूप में हो। हम जानते हैं कि भारत इस हमले से बहुत आहत है और भारत के साथ हमारा बहुत पुराना और गहरा संबंध है। जब आप दुखी होते हैं, तो हम भी दुखी होते हैं।

चीन और यूएस के बीच टैरिफ पर तनानती

# सीआईए का चीनी अधिकारियों को संदेश- हमारे साथ काम करने आएं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

चीन से टैरिफ को लेकर चल रही तनातनी के बीच अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) ने चीनी सरकारी अधिकारियों को मंदारिन भाषा में एक वीडियो संदेश दिया है। सीआईए ने कहा है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सरकार में अपनी जगह को लेकर चिंतित अधिकारी हमारे साथ काम करने के लिए आ सकते हैं।

सीआईए ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर मंदारिन भाषा में दो वीडियो जारी किए, जिसमें असंतुष्ट चीनी अधिकारियों को सीआईए से संपर्क करने के लिए आमंत्रित किया गया।

### चीनी अधिकारियों की भर्ती करना मकसद



रैटक्लिफ ने कहा कि इन वीडियो का मकसद गुप्त जानकारी चुराने के लिए चीनी अधिकारियों की भर्ती करना है। उन्होंने कहा कि चीन आर्थिक, सैन्य और तकनीकी रूप से दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनना चाहता है। हमारी एजेंसी को इस खतरे का जवाब तेजी, चालाकी और मजबूती के साथ देना होगा, और ये वीडियो ऐसा करने के तरीकों में से एक है।

### मस्क को डोज की सुरक्षा प्रणालियों तक दें पहुंच

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से एक अपील की, जिसमें कहा गया है कि एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई-डोज) को अमेरिका के लाखों लोगों के निजी डेटा वाले सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों तक पहुंचने की अनुमति दी जाए। यह अपील मैरीलैंड के एक न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ की गई है। सॉलिसिटर जनरल जॉन सॉयर ने तर्क दिया कि सामाजिक सुरक्षा डेटा तक पहुंच में न्यायाधीश का प्रतिबंध डोज टीम के महत्वपूर्ण कार्य में बाधा डाल रहा है। यह सरकार के फैसलों में अनुचित रूप से हस्तक्षेप है। सुप्रीम कोर्ट ने उनसे 12 मई तक प्रशासन की अपील पर जवाब मांगा है।

पुलिसकर्मी अली ने अदालत से राहत मिलने पर कहा

# अपने 'भारत' की सेवा करने के लिए पैदा हुआ,आधा जीवन समर्पित किया

एजेंसी ▶▶ जम्मू

पाकिस्तान भेजे जाने से अदालत द्वारा अतंरिम राहत मिलने के कुछ दिन बाद शनिवार को 45 वर्षीय पुलिसकर्मी इफ्तिखार अली ने कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपने देश भारत की सेवा करने के लिए ही जन्म लिया है। जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के समय पर हस्तक्षेप के कारण अली और उनके आठ भाई-बहनों को आखिरी वक्त पर पाकिस्तान भेजे जाने से रोक दिया गया। पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मेंढर उपमंडल के निवासी अली ने अपना लगभग आधा जीवन पुलिस बल को समर्पित किया है।



### पीएम मोदी और गृह मंत्री की प्रशंसा की

अली ने पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें विश्वास है कि देश का नेतृत्व उन्हें महज इस "साजिश" के आधार पर दुश्मन देश को नहीं सौंपने देगा कि वह जम्मू-कश्मीर के उस हिस्से से ताल्लुक रखते हैं, जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। अली के विस्तारित परिवार के नौ सदस्य उन दो दर्जन से अधिक लोगों में शामिल थे।

पत्नी की डिटेल्स छिपाई, वीजा खत्म होने के बाद छिपाए रखा

# पाकिस्तानी महिला से शादी करने वाला जवान सीआरपीएफ से बर्खास्त

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

पाकिस्तानी महिला से शादी करने वाले जवान मुनीर अहमद को सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। सीआरपीएफ की 41 बटालियन के जवान मुनीर अहमद पर आरोप है कि उसने पाकिस्तान के सियालकोट में रहने वाली मीनल खान से शादी की है। उसने वीजा खत्म होने के बाद भी मीनल को अवैध तरीके से भारत रखा। सीआरपीएफ ने कहा कि मुनीर अहमद को सर्विस कंडक्ट और नेशनल सिक्योरिटी के लिए खतरा माना गया है। उसने मीनल को वीजा नियमों के खिलाफ जाकर भारत में पनाह दी।



### मीनल को देश छोड़ने का नोटिस

मीनल खान को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला था। जवान ने पत्नी को पाकिस्तान भेजने से रोकने के लिए जम्मू की भलवाल कोर्ट में अपील दायर की थी। याचिका में बताया कि मीनल की मुनीर खान से मई 2024 में ऑनलाइन शादी हुई थी। मीनल मार्च 2025 में शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत आई थी। उसने लॉन्ग टर्म वीजा के लिए आवेदन किया था, जो गृह मंत्रालय में लंबित है।

*अमेरिका और ईयू देशों का तोड़ा घमंड*

# रूस ने यूक्रेन के 170 ड्रोन और यूरोपीय देशों से आपूर्ति वाली 8 मिसाइलें मार गिराईं

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस की सेना ने यूरोप और अमेरिका के घमंड को युद्ध के मैदान में चकनाचूर कर दिया है। मॉस्को ने दावा किया कि उसने क्रीमिया और यूक्रेन की सीमा से लगते उसके इलाकों को निशाना बनाकर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात किए गए हमले पर जवाबी कार्रवाई की और 170 ड्रोन तथा 10 से अधिक मिसाइलों को मार गिराया।



### मिसाइलें काला सागर के ऊपर नष्ट कीं

मंत्रालय ने दावा किया कि इनके अलावा, ब्रिटेन द्वारा आपूर्ति की गई 8 'स्टॉर्म शैडो' क्रूज मिसाइलें और यूक्रेन द्वारा विकसित तीन नेप्च्यून-एमडी निर्देशित मिसाइलें भी काला सागर के ऊपर नष्ट कर दी गईं। शनिवार तड़के काला सागर के ऊपर यूक्रेनी नौसेना के 14 ड्रोन नष्ट कर दिए गए। इस बीच, कुछ क्षेत्रों के गवर्नर ने यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में आम लोगों को नुकसान पहुंचने की जानकारी दी है।

## हैरत अंगेज कारनामाः 20 साल में 200 बार खुद को जहरीले सांपों से कटवाया

टिम के खून में ऐसे एंटीबॉडीज, जो कई तरह के जहरीले सांपों से बचा सकते

# अमेरिकी शख्स के खून से वैज्ञानिकों ने बनाया अनोखा 'एंटीवेनम' डोज

◆ मांबा, कोबरा, ताइपन, क्रेट से जहर लेकर खुद को 700 से ज्यादा इंजेक्शन लगाए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक अमेरिकी शख्स टिम फ्राइड ने 20 सालों में 200 बार खुद को सांपों से कटवाया है। दरअसल, टिम फ्राइड सांपों के जहर से खुद को इम्युन बनाना चाहता था। उसकी चाहत थी कि दुनिया को ऐसा एंटीवेनम (सांप के जहर को बेसर करने वाली दवा) मिले, जो सभी जहरीले सांप के जहर को बेअसर कर दे। सांप से कटवाने के बाद टिम एक बार कोमा में भी पहुंच गया, लेकिन उसके इस कारनामे ने कमाल कर दिया है। इसकी वजह से उसके खून में सांप के जहर को बेअसर करने की क्षमता बन गई। अब उसके खून का इस्तेमाल कर दवा बनाई गई है। वैज्ञानिकों ने कहा कि टिम के खून में ऐसे एंटीबॉडीज हैं, जो कई तरह के जहरीले सांपों से बची सकती हैं। इन एंटीबॉडीज जानवरों पर टेस्ट किया गया है, जो जानलेवा जहर से बचाने में सफल रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अभी जो एंटीवेनम मौजूद हैं वे सिर्फ खास तरह के सांपों के जहर पर ही काम करते हैं। जबकि टिम फ्राइड की 20 साल की मेहनत से ऐसा एंटीवेनम बनाया गया है, जो किसी भी सांप के काटने पर काम आए।

### शोधकर्ताओं ने खास इम्युनिटी डिफेंस की खोज शुरू की

शोधकर्ताओं की एक टीम ने खास इम्युनिटी डिफेंस की खोज शुरू की। इसे ब्रॉडली न्यूट्रलाइजिंग एंटीबॉडीज कहा जाता है। इस दौरान बायोटेक कंपनी सेंटिवैक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर जैकब ग्लानविले को टिम फ्राइड के बारे में जानकारी मिली। जैकब ने बताया कि मैंने सोचा अगर दुनिया में किसी ने इन ब्रॉडली न्यूट्रलाइजिंग एंटीबॉडीज को विकसित किया है तो वह टिम ही होगा।

#### टिम ने सांपों का जहर शरीर में उतारा

टिम फ्राइड ने दुनिया के सबसे खतरनाक सांपों में शामिल मांबा, कोबरा, ताइपन और क्रेट से जहर लेकर खुद को 700 से ज्यादा इंजेक्शन लगाए। टिम पहले ट्रक मैकेनिक थे। एक बार दो कोबरा सांपों ने उन्हें बहुत जल्दी-जल्दी काटा। इसकी वजह से वह कोमा में चले गए थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उनका दुनिया के लोगों के लिए बेहतर इलाज विकसित करने का मकसद था और वह इसके लिए कोशिश करते रहे।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ियों में लगे ई-केवायसी शिविर

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में पीडीएस के तहत सस्ता राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने इसकी समय सीमा 15 मई तक बढ़ा दी है। हितग्राही अपनी समग्र आईडी, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचें। यह सुविधा सभी पात्र हितग्राहियों के लिए उपलब्ध है।

### कलेक्टर ने अधिकारियों ठेकेदारों को फटकारा



**मंडीदीप।** कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने नल जल योजनाओं का कार्य कर रहे ठेकेदारों से अनावश्यक रूप से बिलों के भुगतान में विलम्ब होने या कठिनाई आने की जानकारी ली। ठेकेदारों द्वारा बिल भुगतान में समस्या नहीं होने की बात कहने पर कलेक्टर विश्वकर्मा ने पूछा कि यदि कहीं कोई समस्या नहीं है, तो फिर काम की रफ्तार इतनी धीमी क्यों हैं? उन्होंने ठेकेदारों को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को टर्मिनेट कर उन्हें ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई करें।

### गौंड आदिवासी सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**औबेदुल्लागंज।** तारानगर गौहरगंज के आदर्श गौंड आदिवासी सामूहिक विवाह सम्मेलन 4 मई रविवार को होगा, जिसमें पूरे क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के लोग शामिल होंगे। संरक्षक विनोद इरपाचे और सरदार सिंह बरकारे ने बताया है कि आयोजन के अध्यक्ष भूरेलाल कड़िया और दिनेश धुर्वे हैं। सम्मेलन में लगभग 100 जोड़े और पूरे भोजपुर और रायसेन जिले क्षेत्र से 5000 से ज्यादा नागरिक शामिल होंगे। संरक्षक विनोद इरपाचे ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वह समय पर आकर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान करें।

### स्थानीय नेताओं का दायित्व है नगर का विकास करें

**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ भाजपा नेता वैश्य महासम्मेलन के सामाजिक कार्यकर्ता अंकित अग्रवाल, विधायक सुरेंद्र पटवा के खास हैं। अंकित अग्रवाल का कहना है कि नगर के विकास, स्वच्छता और सुंदरता का दायित्व स्थानीय चुने गए नेताओं का है। नगर के विकास के लिए आम जनता ने आपको चुना है। अग्रवाल का कहना है कि आजकल नगर में जो उठा पटक चल रही है, उस उठापटक से नगर का भला नहीं होगा। स्थानीय समस्त नेता एकता से नगर का विकास करें और भाजपा को मजबूत बनाएं।

### मंडल कार्यकारिणी न बनने से भाजपा में निराशा

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष बने कई महीने हो गए हैं, मगर कार्यकारिणी अभी तक घोषित नहीं हुई है। जो नेता मंडल कार्यकारी में जगह पाना चाहते हैं, वे मंडल अध्यक्ष के यहां चक्कर काट रहे हैं। जिला कार्यकारिणी में जगह पाने के लिए विधायक और जिला अध्यक्ष को खुश करने में लगे हैं। जिला महामंत्री फिर जिला महामंत्री बनने के लिए बड़े लच्छेदार भाषण दे रहे हैं, मगर भाजपा कार्यकर्ता कहते हैं, जैसे मंडल अध्यक्ष नया बनाया है, ऐसे ही जिला महामंत्री को बदलकर नया चेहरा लाएं। मंडल कार्यकारिणी न बनने से भाजपा में निराशा है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1649 | | |
| दिन: | 127 | 00 | 569 |
| रात: | 344 | 16 | 259 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 459 | 88 | 567 |
| रात: | 889 | 50 | 226 |

## पुलिस मुख्यालय में सुरक्षाकर्मियों को दी गई फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग

# मॉक ड्रिल... हाईटेक उपकरणों के साथ सुरक्षाकर्मियों ने सीखा तरल पदार्थों में लगी आग को बुझाने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा लगातार पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रदेश के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में विगत आग दुर्घटनाओं को देखते हुए विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। इसी तारतम्य में शनिवार सुबह पुलिस मुख्यालय के भूतल पर सुरक्षाकर्मियों को स्वयं को सुरक्षित रखते हुए आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। अग्नि नियंत्रण संबंधी प्रशिक्षण में आधुनिक उपकरणों द्वारा आग बुझाने की मॉकड्रिल भी की गई। मॉकड्रिल के दौरान तरल पदार्थों में लगी आग को पुलिस के जवानों ने अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग से किस तरह आसानी से बुझाई जा सकती है, इसका प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सुरक्षाकर्मियों ने बिल्डिंगों, घरों, गोदामों आदि में लगी आग को धुएं और लपटों से बचकर बुझाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर आग बुझाने का तरीका भी बताया। मॉकड्रिल में प्रमुख रूप से डीएसपी (सुरक्षा) पुलिस मुख्यालय नदीम उल्लाह खान, पुलिस मुख्यालय के सुरक्षा इंचार्ज मुकेश सैनी, निरीक्षक मोहनलाल मेहरा व पुलिस फायर स्टेशन मंत्रालय, भोपाल के एसआई शिवनारायण शर्मा व उनकी टीम उपस्थित थी।





### ए से ई श्रेणी तक आग बुझाने के तरीके बताए

प्रशिक्षण के दौरान एसआई शिवनारायण शर्मा ने बताया कि आग पांच तरह की होती है, जिन्हें बुझाने का तरीका भी अलग-अलग होता है। उन्होंने बताया कि इन्हें ए से ई तक की श्रेणी में रखा गया है। लकड़ी-कोयला में लगी छोटी आग को ए क्लास में रखा गया है। तरल पदार्थों में लगी आग को बी क्लास, गैसों में लगी आग को सी क्लास, मेटल में लगी आग को डी क्लास और इलेक्ट्रिक आग को ई क्लास की श्रेणी में रखा गया है। इन सभी आग को पानी या कैमिकल की मदद से बुझाया जाता है। पुलिस जवानों ने एल्यूमीनियम सूट पहनकर चार मिनट के भीतर किस तरह अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती है, इसके बारे में भी सुरक्षाकर्मियों को प्रशिक्षित किया।

### इन उपकरणों का दिया प्रशिक्षण

मॉकड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आग बुझाने में प्रयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों के संबंध में जानकारी दी गई। आग बुझाने के दौरान प्रयोग में आने वाले कलेक्टिंग ब्रिज, डिवाइडिंग ब्रिज, फायर मेन हेलमेट, फोम नोजल, अग्निशमन सिलेंडर एवं कॉर्टेज, टॉर्च, रिवॉल्विंग नोजल, यूनिवर्सल ब्रांच, न्यू लाइट, ऑर्डनरी ब्रांच, एडॉप्टर, जाली, फायर मेन एक्स, लॉक कटर, प्रॉक्सीमेटी सूट, एल्यूमिनियम सूट, कैमिकल सूट, ब्रीदिंग ऑपरेटर सेट, लाइफ जैकेट, हौज पाइप, फायर ब्लैंकेट, अग्निशमन यंत्र आदि की जानकारी दी गई।

### इन नंबरों पर करें सूचित

आग की सूचना देने के लिए भोपाल में एमपीईबी के हेल्पलाइन नंबर 0755-2678251, 0755-2678369 पुलिस का हेल्पलाइन नंबर 0755-2555922, पुलिस फायर स्टेशन का हेल्पलाइन नंबर 0755-2441008 और नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 0755-2542222 पर कॉल कर किया जा सकता है।

## ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गोलखेड़ी गांव में हुआ हादसा

# भैंस को पानी पिलाने वाले होज में गिरे छह साल के मासूम की मौत

अनुमान है कि नहाने के लिए होज में उतरा था बच्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव गोलखेड़ी में शनिवार सुबह दूध डेयरी में भैंसों को पानी पिलाने के लिए बनाए होज (टंकी) में गिरने से छह साल के मासूम की मौत हो गई। उसके शरीर पर कपड़े नहीं मिलने से अनुमान है कि वह होज में नहाने के लिए उतरा था, तभी उसके साथ हादसा हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर सिरोंज स्थित अपने पैतृक घर चले गए। वहां बच्चे का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

एएसआई सीताराम डेहरिया ने बताया कि मूलतः सिरोंज निवासी विजय सिंह रावत, राजा मियां की डेयरी, गांव गोलखेड़ी में राजा मियां की डेयरी में परिवार के साथ रहते हैं। राजा मियां ने परिवार को एक कमरा दे रखा है। करीब दो महीने पहले ही परिवार यहां रहने के लिए आया था। परिवार पर डेयरी की भैंसों की देखरेख और दूध निकालने का जिम्मेदारी थी। विजय सिंह के परिवार में पत्नी के अलावा तीन साल की बेटी और छह साल का बेटा सत्यम था। विजय सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह वह पत्नी के साथ डेयरी में काम कर रहे थे। बच्चे डेयरी के पास ही खेल रहे थे। सुबह करीब सवा 11 बजे उनकी नजर पड़ी तो बड़ा बेटा सत्यम रावत (6) पानी के होज में नजर आया। वे होज से सत्यम को बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

### करीब चार फीट हैं पानी



पुलिस का कहना है कि होज में महज चार फीट पानी भरा हुआ था। घटना के समय सत्यम के शरीर पर कपड़े नहीं थे। इससे अनुमान है कि वह होज में नहाने के लिए उतरा था, तभी मुंह में पानी भरने से वह बेसुध होकर डूब गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित छोला नाका के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। यह घटना गत 4 फरवरी की बताई जा रही है। ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक पैर कट गया था। उसे एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था, वहां करीब दो महीने चले इलाज के बाद शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रवि पिता गौरीशंकर (27) नवजीवन कॉलोनी छोला में रहता था। वह शराब पीने का आदी था। गत 4 फरवरी को छोला नाका के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां सर्जरी की गई। उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा था, लेकिन शुक्रवार सुबह उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। डॉक्टर का कहना है कि ट्रेन से पैर कटने के कारण पैर में संक्रमण हो गया था। संक्रमण बढ़ने के कारण उसकी मौत हो गई।

### जॉब न लगने से दुखी होकर युवती ने फांसी लगाकर दी जान

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित रिषीपुरम कॉलोनी में शुक्रवार रात सीआरपीएफ से रिटायर्ड एसआई की बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। सुसाइड नोट और परिजन से प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि वह पढ़ाई में होनहार थी। उसकी सभी सहेलियों की अच्छी जगह जॉब लग गई, लेकिन उसकी जॉब नहीं लग रही थी। इसी बात को लेकर वह तनाव में थी। पुलिस के अनुसार सुनीता पिता रामसजीवन (32) अब्बास नगर रोड, रिषी कॉलोनी में रहती थी। उसके पिता राम सजीवन सीआरपीएफ से रिटायर्ड एसआई है। राम सजीवन के चार बच्चों में सुनीता मझली थी, जबकि उसकी दो बहन और एक छोटा भाई है। शुक्रवार रात करीब साढ़े 9 बजे उसने अपने कमरे में प्लाजो (पैजामा) से पंखे पर फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए, वहां से हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

#### सुसाइड नोट में परिजन से मांगी माफी

सुनीता दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर चुकी थी। परिजन ने बताया कि उसकी सभी सहेलियों की अच्छी जगह जॉब लग चुकी थी, लेकिन सुनीता बेरोजगार थी। उसने सुसाइड नोट में सभी को धन्यवाद लिखा है। इसके अलावा मां-पिता के लिए भी लिखा है कि आपने मुझे अच्छे पढ़ाया लिखाया। सुसाइड नोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि हाई एजुकेशन होने के बाद भी अच्छी नौकरी नहीं मिलने से वह दुखी थी।



# देवास से भोपाल लाई गई 15 लाख की अंग्रेजी शराब जब्त

**कार की डिग्गी में छिपाकर ला रहे थे दो तस्कर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला आबकारी टीम ने शनिवार को 15 लाख की अवैध शराब बरामद करते हुए तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह अवैध शराब देवास से भोपाल लाई जा रही थी, इसी बीच टीम ने दबिश देते हुए कार्रवाई कर दी। टीम ने कार सहित शराब को जब्त कर लिया है और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन अवैध शराब लेकर देवास से भोपाल तरफ आ रहा है, जिसे टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहनों की तलाशी करना शुरू कर दी थी। इसी दौरान देवास से आ रही एक कार में तलाशी के दौरान 381 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में शराब तस्करों ने अपनी पहचान शाहरूख अली व शाकिर अली बताई है दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

### भाजपा सरकार मप्र को कर्ज प्रदेश बनाने में जुटी: विभा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार की फिजूलखर्ची के चलते ठाठ-बांट कम नहीं हो रहे हैं। पहले से ही खजाने की हालत खस्ता है। इसके बावजूद वह मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहली बार 7500 करोड़ रुपए का कर्ज लेने वाली है। यह स्थिति भी तब है, जबकि लगातार कर्ज लेने से मप्र पर बजट से ज्यादा कर्ज हो गया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश पर ऋण बोझ 4.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक है, जो 4.2 लाख करोड़ रुपए के वार्षिक बजट से ज्यादा है। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा सरकार मध्य प्रदेश को कर्ज प्रदेश बनाने में जुटी है।

## साथ चलने से मना किया तो आरोपी ने नाबालिग से की मारपीट

# दसवीं कक्षा की छात्रा के अश्लील फोटो मां को भेजे, छेड़छाड़ का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़, मारपीट और उसकी अश्लील फोटो मां को भेजने का मामला सामने आया है। दरअसल, आरोपी ने नाबालिग को साथ चलने का कहा था। नाबालिग ने उसे मना कर दिया। इससे आरोपी भड़क गया और उसे तमाचा मार दिया। इतना ही नहीं उसने बुरी नियत से छेड़छाड़ करते हुए नाबालिग की मां को अश्लील फोटो भेज दिए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 15 साल की नाबालिग थाना क्षेत्र में रहती हैं और दसवीं कक्षा में पढ़ती है। वह अमन यादव नामक युवक से मोबाइल पर बातचीत करती थी। अमन और नाबालिग में दोस्ती थी। मां को इस बात की जानकारी मिली तो मां ने अमन यादव और नाबालिग को समझाइश दी थी। इसके बाद मां ने नाबालिग से मोबाइल ले लिया। आरोपी अमन ने नाबालिग को बात करने दूसरा मोबाइल दे दिया। उसने नाबालिग से कहा था कि अपनी फोटो भेज दो। नाबालिग ने उसे फोटो भेज दी। गत 29 अप्रैल को आरोपी ने नाबालिग की अश्लील फोटो उसकी मां के मोबाइल नंबर पर भेज दी। साथ ही उसने मैसेज में लिखा कि तुम्हारी बेटी अपने दोस्तों को अपनी अश्लील फोटो भेज रही है। मां ने बेटी से पूछताछ की और वह उसे लेकर थाने पहुंची। थाने में उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए आरोपी को समझाइश देने की बात कही। पुलिस ने नाबालिग की काउंसलिंग कराई तो उसने आपबीती बताई। उसने बताया कि अमन ने उसे मिलने बुलाया था और वहां बुरी नियत से छेड़छाड़ करते हुए साथ चलने की बात कही। वह उसके साथ जाना नहीं चाहती थी। इस पर उसने उसे तमाचा मार दिया। पुलिस ने काउंसलिंग के बाद आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## श्री नागर धाकड़ समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**औबेदुल्लागंज।** श्री नागर धाकड़ समाज मुख्य कार्यकारणी समिति भोपाल क्षेत्र के मार्गदर्शन में 38 वर्षों से निरंतर चल रहा श्री नागर धाकड़ समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन इस वर्ष भी श्री धाकड़ मैरिज गार्डन औबेदुल्लागंज में शशांक धाकड़ गौहरगंज की अध्यक्षता में एवं राजू पटेल, कैलाश डब्बू नागर, विनोद नागर, अनिल नागर, राजकुमार नागर, कुंवर सिंह नागर, अमित मौनी, नागर समाज अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, नरेंद्र नागर, गौरीशंकर नागर, गजेंद्र नागर, तेज सिंह नागर इटाया आदि के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में 25 जोड़े परिणय सूत्र के बंधे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन, श्री नागर धाकड़ आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष एवं उनकी टीम, अतिथिगण, वर-वधू पक्ष, दानदाता आदि लोग मौजूद थे।



## कलश यात्रा के साथ श्री अमर कथा पाठ का शुभारंभ

**संतनगर।** संत नगर में वरुण अवतार के पावन ग्रन्थ श्री अमर कथा पाठ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को मंगल कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक घनश्याम पंजवानी और पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष भारत आसवानी ने बताया कि यह आयोजन परम पूज्य ठकुर साईं मनीषलाल साहिब जी (साईं भरूचवारा) के सानिध्य में 6 मई तक चलेगा। आज आयोजित कलश यात्रा झूलेलाल ठकुर आसानलाल मंदिर, बी वार्ड पुराना संत नगर से प्रारंभ होकर नव युवक सभा रोड, मेन रोड और बस स्टैंड रोड होते हुए कथा स्थल ठकुर आसानलाल धर्मशाला पर संपन्न हुई। यहीं पर प्रतिदिन शाम 5 से रात 8 बजे तक श्री अमर कथा का पाठ किया जा रहा है।

## बिलखिरिया थाना प्रभारी ने सकुशल बाहर निकाल कर पहुंचाया अस्पताल

# टर्न हो रहे ट्रक में साइड से घुसा बाइक सवार, हेलमेट पहने होने के कारण बची जान, हादसे में तीन दांत टूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित रायसेन बायपास पर होटल रेशम राव के पास मुख्य सड़क से गोदाम की तरफ टर्न हो रहे ट्रक में साइड से बाइक सवार जा घुसा। उसकी बाइक ट्रक के नीचे फंस गई थी, जबकि सिर पर हेल्मेट होने के कारण जान बच गई। केवल दो तीन दांत टूटे हैं। घटना के समय थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान थाने पहुंच रहे थे और उन्होंने घायल को बाहर निककर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने ट्रक चालक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया है।





जानकारी के अनुसार संदीप लोधी पिता लीलाधर लोधी (28) हथाई खेड़ा, आनंद नगर में रहता है और भोपाल ग्लोबल सिटी में नौकरी करता है। शनिवार सुबह वह बाइक से बायपास होता हुआ जा रहा था। इस दौरान रेशम राव होटल के पूर्व बने गोदाम में एक ट्रक खाली होने के कारण मुड़ रहा था। ट्रक की रफ्तार बिल्कुल धीमी थी, जबकि संदीप की बाइक की रफ्तार तेज थी। वह सर्विस लेन से बाइक लेकर निकला और सीधे ट्रक के साइड में बने टैंक के पास जा घुसा। रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक ट्रक के नीचे जाकर फंस गई, जबकि वह टैंक के पास ट्रक के नीचे पड़ा था। घटना के समय सिर में हेल्मेट होने से संदीप के सिर में चोट नहीं आई है, लेकिन हेलमेट का कांच खुला होने के कारण उसके दो तीन दांत जरूर टूट गए।

# फौजी परिवार हर साल करवाता है एक मरीज के मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**फिजूलखर्च के बजाए गरीबों की मदद करने का दिया संदेश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

राजधानी के गुलमोहर क्षेत्र में एलबर्ट एक्का कॉलोनी में अधिकांश लोग पूर्व अथवा दिवंगत सैनिकों का परिवार रहता हैं। इनमें से एक परिवार की आशा माथुर (बदला हुआ नाम) हर साल अपने दिवंगत पति की स्मृति में 6 मई को एक नेत्र रोगी की आंख का ऑपरेशन करने के लिए राशि दान करता है। इस वर्ष भी माथुर ने सेवा सदन को सात हजार रुपए की राशि एक मरीज के आंख के ऑपरेशन के लिए दान की है। आशा माथुर अब 77 बरस की हैं, उनके परिवार में उनका छोटा पुत्र, एक भाई और पुत्रवधू फौज में सेवारत हैं। उनके पति आर्मी एयर डिफेंस में कमांडेंट अफसर थे। उनका कहना है कि हाल ही के दिनों में लोगों में सामाजिक आडंबर काफी बढ़ गया है। जन्मदिन पर रात्रि भोज और स्मृति दिवस आदि पर भंडारा आयोजित करने के बजाय गरीब बच्चों की शिक्षा और निर्धन मरीजों के स्वास्थ्य लाभ के कार्यों पर पैसा खर्च करना चाहिए। सामाजिक आडंबर से किसी भी का भला नहीं होता है। लोकसेवा के उद्देष्य से दान करने में जो आत्मिक सुख मिलता है, उसकी तुलना अन्य किसी बात से नहीं की जा सकती।

**6 मई को पति की स्मृति में देतीं हैं रुपए दान**

# एकता कपूर ने कहा- मप्र में विजुअल्स, हेरिटेज और लेगेसी, सबकुछ एकदम परफेक्ट

## वेव्स समिट में एकता कपूर ने की एमपी 2.0' फिल्म पॉलिसी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश में विजुअल्स, हेरिटेज और लेगेसी, सबकुछ एकदम परफेक्ट है। अब जरूरत है ऐसे आर्थिक सहयोग की, जिससे बड़े पैमाने की फिल्में आसानी से मप्र में शूट की जा सकें। नई फिल्म पॉलिसी की सराहना करते हुए यह बात एमी अवॉर्ड विजेता प्रोड्यूसर और कंटेंट की दुनिया की दिग्गज एकता आर कपूर ने वेव्स समिट 2025 के मंच से की। मध्यप्रदेश की नई और अपग्रेडेड फिल्म पॉलिसी 2.0 लांच करते हुए उन्होंने न सिर्फ राज्य की फिल्म फ्रेंडली सोच की तारीफ की, बल्कि ये भी कहा कि मध्यप्रदेश अब देश का नया प्रीमियम शूटिंग डेस्टिनेशन बनने की पूरी तैयारी में है।






### मध्यप्रदेश को स्पेन जैसा ग्लोबल हब बनाने की दी सलाह

एकता कपूर ने अंतरराष्ट्रीय शूटिंग डेस्टिनेशन्स का जिक्र करते हुए मध्यप्रदेश को स्पेन जैसा ग्लोबल हब बनने की सलाह दी। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर मध्यप्रदेश को भी ग्लोबल लेवल पर आगे बढ़ना है, तो दो बातें बेहद जरूरी हैं, एक वन-स्टॉप शॉप जैसी आसान पॉलिसी और दूसरा, फिल्ममेकर्स को आर्थिक मदद के तौर पर रिबेट देना। समिट में मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव आईटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने भी संबोधित किया।

---

**अयि गिरि नन्दिनी नन्दिती मेदिनि...., करीब 80 नृत्यांगनाओं ने 'अईगिरी श्लोकम' पर दी प्रस्तुति**

# भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम और कुचिपुड़ी नृत्यों से सजा 'रजत नृत्योत्सव'



**श्री राम की विजय पताका भी दर्शाई गई**

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अयि गिरि नन्दिनी नन्दिती मेदिनि, विश्व विनोदिनी नन्दिनुते.... 'अईगिरी श्लोकम', पर आधारित प्रस्तुति में जिसमें दर्शाया कि महिषासुर मर्दिनी देवी दुर्गा का अवतार देवताओं की रक्षा करने और दुष्टों का संहार करने के लिए हुआ। वहीं 'मंगलम' की प्रस्तुति में श्री राम की विजय पताका को नृत्य के माध्यम से दर्शाया। करीब 80 नृत्यांगनाओं द्वारा देवताओं का गुणगान करती भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम और कुचिपुड़ी नृत्यों से सजी इन प्रस्तुतियों से सजा नजारा देखने को मिला श्रीलयम नाट्यश्री कला समिति के 25वीं वार्षिक प्रस्तुति 'रजत नृत्योत्सव' में। शनिवार को रवींद्र भवन में आयोजित करीब 11 शास्त्रीय नृत्यों से सजी इन प्रस्तुतियों का निर्देशन गुरु शाजी एम व कलामंडलम कविता शाजी ने किया।

**ग्यारह शास्त्रीय नृत्यों से सजी रवीन्द्र भवन की शाम**

### *एकदंतमहाकाय लम्बोदरगजाननम... गणेश वंदना से शुभारंभ*

शुभारंभ गणेश स्तुति से हुआ। मोहिनीअट्टम पर आधारित राग मल्लिका और आदि ताल में निबद्ध इस प्रस्तुति के बोल थे एकदंतमहाकाय लम्बोदरगजाननम विघ्ननाशकरं.... इसके बाद गणेश वंदना की प्रस्तुति राग चक्रवाक आदि ताल में निबद्ध रही जिसके बोल थे गणेशवरनम...। इसके बाद नृत्यांगनाओं ने भरतनाट्यम में शारदा कौत्वम की प्रस्तुति दी, जिसके बोल थे श्यामल गंडक....।

### श्री राम के जीवन के दृश्यों से सजी 'राम कौत्वम' प्रस्तुति

एक से बढ़कर एक शास्त्रीय नृत्यों से सजी इस रजत जयंती नृत्य समागम में की अगली कड़ी में 'राम कौत्वम' की प्रस्तुति खास रही जिसमें भगवान श्री राम के जीवन के दृश्यों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति राग रामप्रिय और आदिताल में निबद्ध रही। वहीं अगली कड़ी में कुचिपुड़ी तरंगम, मोहनियाइम, महालक्ष्मी कौत्वम, विनायक कौत्वम की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी।



### 'हनुमान चालीसा' और 'शिव पंचाक्षरी स्त्रोत' पर प्रस्तुति रही खास

*अपनी प्रस्तुति को विराम देती नृत्यांगनाओं ने अंत में जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर। रामदूत अतुलित बल धामा... बोलों पर 'हनुमान चालीसा' की प्रस्तुति दी वहीं नागेंद्रहाराय त्रिलोचनाय भस्मांगरागाय महेश्वराय.... बोलों पर आधारित 'शिव पंचाक्षरी स्त्रोत' ने सम्पूर्ण सभागार को शिव की रमणीय धुन से सराबोर कर दिया।*

---

*दुष्यंत संग्रहालय में कवि सम्मेलन श्रृंखला 'बनफूल' के आयोजन में जाने-माने कवियों ने की शिरकत*




# अदाकारी से होती है न आधे मन से होती है, मुहब्बत कहते हैं जिसे वो पागलपन से होती है.....

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अदाकारी से होती है न आधे मन से होती है, मुहब्बत जिसको कहते हैं वो पागल-पन से होती है....., हवस तुम पे है कुछ भारी, मुहब्बत है हमें प्यारी, तुम्हारी तन से होती है हमारी मन से होती है.... प्यार मोहब्बत की दास्तां बयां करती वरुण आनंद, लुधियाना की इन पंक्तियों पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं। दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित कवि सम्मेलन श्रृंखला 'बनफूल' में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गीतकार



अमन अक्षर और चर्चित शायर वरुण आनंद सहित देशभर से आए प्रतिष्ठित कविगण ने मंच साझा किया एवं दर्शकों का दिल अपने काव्यपाठ से जीता।

### जंगल के पेड़ों से मैं वाकिफ हूं, गिर जाते थे जिस पर साया करते थे.....

कविता प्रेमियों के लिए एक दुर्लभ अवसर के रुप में सजे इस कवि सम्मेलन की शुरुआत अमन अक्षर, इंदौर के गीत मुझमें थी एक विकलता तुम्हारे लिए, द्वार दीपक-सा जलता तुम्हारे लिये, और जो होता पता तुम यहीं आओगे, मैं ना घर से निकलता तुम्हारे लिये...सुनाया वहीं निवेश साहू, दतिया ने जो करते थे उल्टा-सीधा करते थे, हम पत्थर पे दरिया फेंका करते थे, इस जंगल के पेड़ों से मैं वाकिफ हूं, गिर जाते थे जिस पर साया करते थे.....सुनाकर श्रोताओं की खूब तालियां बंटोरी।

### इसके साथ ही यह कविताएं भी रहीं खास

*फूलों से वास्ता मिटाएंगे,*
*पेड़ कांटों के हम लगाएंगे,*
*खुल के रोने लगोगे तुम जानी,*
*हम तुम्हें इस कदर हंसाऐंगे।*

**मुरारी मंडल, सीतामढ़ी, बिहार**

*जो भाए मन को ऐसे बंधन कमा लिए हैं।*
*सिर पर लगाने खातिर चंदन कमा लिए हैं।*
*संग प्रेम आपका हैं और चाहिए हमें क्या,*
*धन तो कमा न पाए पर मन कमा लिए हैं।*

**महेंद्र सिंह पंवार, इंदौर**

*भाग्यफल हो मेरे मेरी राशी बनो,*
*हर अंधेरे में तुम पूर्णमासी बनो,*
*हम तुम्हारे हृदय के निवासी बनें,*
*तुम हमारे हृदय के निवासी बनो,*

**महेन्द्र मधुर आष्टा मप्र**

खुशी सुख चैन अब सबके घरानों में नहीं मिलती,
सुकूं की जिन्दगी हमको दुकानों में नहीं मिलती ,
बहुत अनमोल दौलत है दुआ मां बाप की ले लो ,
ये वो दौलत है जो हमको खजानों में नहीं मिलती।

**-कुशल कुशलेन्द्र, गजियाबाद**

---

**राज्य संग्रहालय में निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन**

# डॉ. वाकणकर के जन्मोत्सव पर शब्दों और चित्रों में दिखी विरासत की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अपनी धरोहर के लिए समर्पण का जज्बा रखने वाले सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद पद्म डॉ. वाकणकर के जन्मोत्सव पर शनिवार को राज्य संग्रहालय में चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों के साथ-साथ युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।





इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने राज्य संग्रहालय की किसी मूर्ति को चुनकर अपनी रचनात्मकता के साथ चित्रित किया, जिसमें उनकी क्रिएटिविटी नजर आई तो वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी स्टूडेंट्स ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। निबंध लेखन का विषय 'संस्कृति, विरासत, धरोहर और डॉ. वाकणकर' रखा गया।



# गांव के प्राकृतिक परिवेश में पेड़-पौधे जानवर, खेत, नदियों को दर्शाते चित्र

## जनजातीय संग्रहालय में 61वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

गांव के प्राकृतिक परिवेश में पनिहारन द्वारा भरता घड़ा और उसके आस पास पक्षियों का झुंड तो कहीं ग्रामीण दंपति द्वारा अपने मवेशियों को चराते दृश्यों से सजी पेंटिंग इसके साथ ही हिरण, बेलगाड़ी, गायों का घास चरना और ग्रामीण जन जीवन में सजी-धजी औरतों से सजी पेंटिंग देखने को मिली जनजातीय संग्रहालय की लिखंदरा आर्ट गेलरी में जिसमें शनिवार से भील समुदाय के चित्रकार शरद मेड़ा के चित्रों को प्रदर्शित किया गया। यह प्रदर्शनी 30 मई तक जारी रहेगी।





### जनजातीय रीति-रिवाज शामिल

आपने देश-प्रदेश के अनेक स्थानों पर आयोजित विभिन्न एकल एवं संयुक्त चित्रकला प्रदर्शनियों में भाग लिया है। आपके चित्रों में जंगली पशु-पक्षियों के साथ जनजातीय रीति-रिवाज और पारम्परिक आख्यान विशेष तौर पर दृष्टव्य होते हैं।

### प्रकृति के सानिध्य में गुजरा शरद का बचपन

जनजातीय बाहुल्य झाबुआ जिले के एक छोटे से गांव रेतालुंजा में जन्में शरद अपने पिता के साथ खेती-किसानी करते थे। जंगल-पहाड़ों से घिरे ग्रामीण वातावरण और प्रकृति के सान्निध्य में शरद का बचपन गुजरा और आपने अपने चित्रों में इसी ग्रामीण परिवेश को दर्शाया।

---

**भोपाल**

**भारत की रसोई, विश्वमंच पर प्रबंधन का उत्कृष्ट एवं श्रेष्ठ उदाहरण, इसी तरह कृतज्ञता का भाव हमारी सभ्यता है: मंत्री परमार**

# भारत केंद्रित शिक्षा के लिए शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश की अत्याधिक आवश्यकता: उच्च शिक्षा मंत्री

*युवा सामाजिक विज्ञान संकाय के लिए आयोजित दो सप्ताह का दक्षता निर्माण कार्यक्रम आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) के सभागृह में, युवा सामाजिक विज्ञान संकाय के लिए आयोजित दो सप्ताह के दक्षता निर्माण कार्यक्रम के समापन सत्र में सहभागिता की। इस अवसर पर मंत्री परमार ने प्रतिभागी प्राध्यापकों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उच्च शिक्षा मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत की गृहणियों की रसोई में कोई तराजू नहीं होता है, गृहणियों को भोजन निर्माण के लिए किसी संस्थान में अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं होती है। भारतीय गृहणियों में रसोई प्रबंधन का उत्कृष्ट कौशल, नैसर्गिक एवं



पारम्परिक रूप से विद्यमान है। भारत की रसोई, विश्वमंच पर प्रबंधन का उत्कृष्ट आदर्श एवं श्रेष्ठ उदाहरण है। हमारे समाज में विद्यमान परम्परागत ज्ञान पर, गर्व के भाव के साथ अध्ययन, शोध एवं अनुसंधान करके दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता है। मंत्री परमार ने कहा कि कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता एवं विरासत है। किसी के कार्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करना, कृतज्ञता भाव रूपी भारतीय दशज़न का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होकर रहेगा भारत

परमार ने कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत, सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर होकर। साथ ही वर्ष 2047 तक खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होकर, अन्य देशों का भरण पोषण करने में भी सामर्थ्यवान देश बनेगा। इसके लिए हमें स्वाभिमान के साथ हर क्षेत्र में परिश्रम से मातृभूमि का परचम लहराना होगा। इस अवसर पर एनआईटीटीटीआर के निदेशक डॉ. चंद्रचारु त्रिपाठी, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्रा, संस्थान के सचिव डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा एवं प्रो. अल्पना त्रिवेदी सहित देश भर के प्रतिभागी, विद्वत प्राध्यापकगण एवं अन्य विद्वतजन उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई का आरोप: नर्सिंग घोटाले के आरोपियों को बनाया गया पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा सत्र 2022-23 की एएनएम और जीएनएम प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए घोषित पर्यवेक्षकों की सूची में ऐसे कई नाम शामिल हैं जो नर्सिंग कॉलेज घोटाले में पहले ही संदेह के घेरे में आ चुके हैं और जिन पर जांच अभी भी लंबित है।

इस निर्णय के विरोध में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने इन नियुक्तियों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

## नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष को सौंपा शिकायत-पत्र

**इन लोगों पर लगे आरोप**

रवि परमार ने पत्र में उल्लेख किया कि नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों में प्रियदर्शिनी डेहरिया, राधिका नायर, राजश्री मालवीय, दीपिका कुंभारे, पूनम मुखर्जी, मेनका मालवीय शामिल है। इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने ऐसे नर्सिंग कॉलेजों को पात्र (सूटेबल) बताकर मान्यता दिलवाई, जो वास्तव में अपात्र (अनसूटेबल) थे।

**एनएसयूआई की मांग**

- नर्सिंग घोटाले में संलिप्त एवं जांचाधीन व्यक्तियों को हटाया जाए।
- एएनएम और जीएनएम प्रथम वर्ष की परीक्षाओं में बेदाग छवि वाले शिक्षकों को ही परीक्षक के रूप में नियुक्त किया जाए।

### छात्रों के भविष्य से खिलवाड़

इस तरह की नियुक्तियां न केवल छात्रों के भविष्य के साथ धोखा हैं, बल्कि यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की गुणवत्ता और सेवा की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। नर्सिंग जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भ्रष्टाचार और अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

**रवि परमार**, प्रदेश उपाध्यक्ष, एनएसयूआई




# अजय देवगन से हिला बॉक्स ऑफिस...

**मुंबई।** अजय देवगन की 'रेड 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों में गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है। पहले दिन मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर दोहरे अंकों में ओपनिंग दर्ज की। सफल फ्रैंचाइज का हिस्सा रही इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर करीब 18 करोड़ रुपये की कमाई की। 'रेड 2' को ओपनिंग डे पर मजदूर दिवस की छुट्टी का सहारा मिला। रिपोर्ट के मुताबिक अजय देवगन की मूवी ने दो दिनों में वर्ल्डवाइड 40.50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। जल्द ही यह 50 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी। शुक्रवार, 02 मई 2025 को रेड 2 की कुल हिंदी ऑक्यूपेंसी 19.23 प्रतिशत थी।

लाइफ Style



# चित्रांगदा

## 'अधिक गोरी' नहीं होने के कारण रिजेक्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने सनसनीखेज खुलासा किया है कि एक नामी टेलकम पाउडर बनाने वाली कंपनी ने उनके स्किन के कलर को लेकर उन्हें रिजेक्ट किया था। चित्रांगदा सिंह ने हजारों ख्वाहिशें ऐसी फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी।

चित्रांगदा सिंह को हाल ही में फिल्म गैसलाइट में देखा गया है। यह एक मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है। इसमें उनके अलावा सारा अली खान और विक्रांत मेस्सी की अहम भूमिका है। उन्होंने 2005 में आई फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी से डेब्यू किया था। इसके पहले उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में काम किया है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने अपनी जर्नी के बारे में बात की है। चित्रांगदा सिंह ने खुलासा किया कि उन्हें एक बड़ी टेलकम पाउडर ब्रांड ने रिजेक्ट किया था। वह कहती हैं, मैं म्यूजिक वीडियो करती थी लेकिन मुझे एक बड़े टेलकम पाउडर कंपनी ने अधिक गोरी नहीं होने के कारण रिजेक्ट कर दिया था। तब मैंने फिल्म के लिए ऑडिशन दिया और मुझे लगा कि मुझमें वह बात नहीं है और तभी मुझे फिल्म का ऑफर आया। तब मुझे लगा कि यह अच्छी बात है। उन्हें लग रहा है कि मैं अच्छा काम करूंगी और मैंने देखा कि कई लोगों ने उस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था तो अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो उस वक्त मैं वाकई फिल्म करना चाहती थी। चित्रांगदा सिंह ने यह भी कहा कि जब वह फिल्म कर रही थी, तब उन्होंने यही सोचा कि यह सुधीर मिश्रा की फिल्म है। इसके अलावा वह और कुछ नहीं सोच रही थी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' की सीन पर बड़ा खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स*' को लेकर फैंस में उत्साह चरम पर है। हाल ही में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स खासकर रेडिट पर फिल्म की पोस्ट-क्रेडिट सीन को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। कई फैंस का मानना था कि यह सीन न केवल 'फैंटास्टिक फोर' की एंट्री का संकेत देता है, बल्कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से भी जुड़ा है। अब फिल्म के निर्देशक जेक श्रेयर ने एक इंटरव्यू में इन अटकलों को सच करार दिया है।



# उसने मेरा साथ..., छलके मिरियम हेली के आंसू...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के पूर्व दिग्गज निर्माता हार्वे वीनस्टीन के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न के मुकदमे में एक पीड़िता ने कोर्ट में भावुक होकर अपना पक्ष रखा। 48 वर्षीय मिरियम हेली ने शुक्रवार को गवाही देते हुए कहा, उसने मुझ पर हमला किया, मैंने नहीं। यह कहते हुए उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। यह मामला करीब दो दशक पुराना है, जिसमें हेली ने वीनस्टीन पर जबरन यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। न्यूयॉर्क की अदालत में वीनस्टीन के खिलाफ नए सिरे से मुकदमा चल रहा है। इस मामले में हेली पहली गवाही देने वाली पीड़िता हैं। उन्होंने चौथे दिन गवाही दी। इस दौरान वीनस्टीन के वकील जेनिफर बोनजीन ने उनसे कड़े सवाल किए, जिससे हेली भावुक हो गईं। वकील ने पूछा कि क्या हेली की सहमति से यह सब हुआ था।



# बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड नहीं मिलने से रोई थीं


**मुंबई।** अनुष्का शर्मा बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक मानी जाती है। हाल में एक्ट्रेस ने अपना 37वां जन्मदिन मनाया। अनुष्का शर्मा ने 2008 में फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल हो रहे वीडियो में अनुष्का ने बताया की जब उनको फिल्मफेयर का बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड नहीं मिलने पर उनको कैसा लगा था। 2018 में एक इंटरव्यू में अनुष्का ने बताया था कि, उन्हें पूरा भरोसा था कि वो फिल्मफेयर का बेस्ट डेब्यू अवॉर्ड जीतेंगी। लेकिन उस साल यह अवॉर्ड आमिर खान की फिल्म 'गजनी' की एक्ट्रेस आसिन को मिला था। अवॉर्ड न मिलने से वह बहुत दुखी और परेशान हो गई थीं।




# ठंडे बस्ते में गई सल्लू की गंगा राम...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान 'सिकंदर' के बाद से अपनी नई फिल्मों को लेकर लगातार चर्चा में बने हैं। खबर थी कि वह 'गंगा राम' नाम की फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। खबर है कि बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान ने अपनी आगामी फिल्म 'गंगा राम' को फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इस फैसले के पीछे उनके फैंस की नाराजगी और चिंता है, जिन्होंने फिल्म की घोषणा के बाद सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर अपनी नाखुशी जाहिर की थी। 'गंगा राम' में सलमान खान के साथ संजय दत्त मुख्य भूमिका में नजर आने वाले थे और इस फिल्म को नए डायरेक्टर कृष अहिर निर्देशित करने वाले थे, लेकिन जैसे ही फिल्म की घोषणा हुई, सलमान के फैंस ने इस प्रोजेक्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए।


## टीवी मसाला



# 'मेरी मां को रेप की धमकियां मिली', अपूर्वा का छलका दर्द


**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में अपने आपत्तिजनक बयान की वजह से विवादों में घिरी अपूर्वा मुखीजा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने खुलासा किया कि इस विवाद को उनके साथ उनके परिवार पर भी गहरा असर पड़ा। उन्होंने बताया कि कैसे अचानक वायरल होने के बाद अजनबी लोग उनके माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट तक पहुंच गए और उनके बुरा बर्ताव करने लगें। इसके चलते उनकी मां की तबीयत भी बिगड़ गई। अपूर्वा मुखीजा ने युवा से कहा, 'लोगों ने मेरे माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट खोज लिए। मेरी मां का अकाउंट पब्लिक था और जब यह सब हो रहा था, तो पहले दो दिनों तक मैं केवल अपने बारे में सोच रही थी। अपूर्वा ने कहा, 'मेरी मां को बहुत सारे अपशब्द और रेप की धमकियां मिलीं। मुझे तीन दिन तक पता नहीं चला। मैंने अपने भाई को फोन किया और उसने मुझे बताया कि मां का ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। इससे दिल का दौरा पड़ सकता है।

## सना मकबूल बोलीं- मेरी मर्जी मैं चाहे जैसी दिखूं...



**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 की विनर सना मकबूल के फैन पेज द्वारा एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में अभिनेत्री ट्रोलर्स को करारा जवाब देती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बढ़े हुए वजन को लेकर बॉडी शेम किए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। वीडियो में उन्होंने साझा किया कि शायद लोगों को नहीं पता कि वह किस दौर से गुजर रही हैं। वीडियो पर गुरुवार 1 मई का तारीख भी लिखी है। वायरल हो रहे वीडियो में सना को कहते हुए सुना जा सकता है, 'हाय दोस्तों, आप में से बहुत से लोग मुझसे कह रहे हैं कि मेरा वजन बढ़ गया है। गाल भर गए हैं। सच कहूं तो पहले इस बात का फर्क पड़ता था, लेकिन अब फर्क नहीं पड़ता। मेरी बॉडी है। मैं चाहे जैसी भी लगूं, जैसा भी हो यह मेरा शरीर है। यह मेरी मर्जी है कि मैं कैसी दिखूं। मुझे लगता है कि मैं शानदार दिखती हूं। मैं शानदार हूं।'

# 'चीजें थाली में सजा कर नहीं मिलती'



**मुंबई।** वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट यानी वेव्स समिट का आगाज मायानगरी मुंबई में एक मई को हुआ। इस समिट का आगाज पीएम मोदी ने किया। इसमें फिल्मी दुनिया से जुड़े तमाम बड़ी हस्तियों ने भी हिस्सा लिया। बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी समिट में हिस्सा लिया और फिल्म इंडस्ट्री में इनसाइडर और आउटसाइडर यानी अंदर से जुड़े लोगों और बाहर से आए नए कलाकारों के बीच के फर्क पर खुलकर बात की। वेव्स 2025 सम्मेलन के दौरान शाहरुख खान ने कहा, मैं एक बात साफ करना चाहता हूं 'भूख' एक बहुत बड़ा शब्द है। मुझे इनसाइडर और आउटसाइडर के बीच बनाए गए भेद से दिक्कत है। शाहरुख की यह बात एक गहरी और समझदारी भरी चर्चा की शुरुआत थी। उनके शब्द सीधे दिल को छूने वाले थे।

## सेल्फी ना लेने पर ट्रोल हुए अल्लू



**मुंबई।** अल्लू अर्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेता अल्लू अर्जुन एक प्रशंसक के साथ सेल्फी लेने से इनकार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद यूजर्स ने उनके इस रवैये के लिए अभिनेता की आलोचना करनी शुरू कर दी। दरअसल, शुक्रवार को अल्लू अर्जुन 'वेव्स 2025' में हिस्सा लेने के लिए मुंबई पहुंचे थे। इस दौरान जैसे ही वह अपनी कार से बाहर निकले उनके एक प्रशंसक ने उनके सेल्फी के लिए अनुरोध किया। हालांकि, अभिनेता उसके साथ फोटो लेने के लिए नहीं रुके। बल्कि उसके कंधे पर हाथ थपथपाते हुए चले गए। उनके सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा भी फैन को हटने का इशारा करते हुए देखा गया।अभिनेता का यह रवैया सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आया।

# फुलेरा में सज गया चुनावी मैदान होगा जोरदार घमासान...



**मुंबई।** फुलेरा गांव की 'पंचायत' वापस आ रही है। प्राइम वीडियो के पसंदीदा शो 'पंचायत' के चौथे सीजन का टीजर आज जारी हो गया है। जो इस बात की झलक दिखाता है कि इस बार फुलेरा में प्रधानी का चुनाव होने जा रहा है। प्रधान जी के सामने एक बार फिर भूषण यानी कि बनराकस चुनौती बनकर खड़ा है। अब चुनाव का नतीजा क्या रहता है और क्या भूषण प्रधान जी पर भारी पड़ेगा, ये 2 जुलाई को ही पता चलेगा। प्राइम वीडियो की ओर से इस टीजर को ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर जारी किया गया है। टीजर की शुरूआत होती है एक वॉइस ओवर और पंचायत के कुछ सीन के साथ। वॉइस ओवर में कहा जाता है, "भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और इस लोकतंत्र का एक छोटा सा हिस्सा है हमारा फुलेरा गांव। जहां इस साल होगा बड़ा घमासान, जब इलेक्शन में लड़ बैठेंगे हमारे प्रधान जी और भूषण। आइयेगा जरूर हमारे फुलेरा का चुनाव देखने।"

## इस बार थीम है 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल'

# कल सजेगी मेट गाला की महफिल, 76 साल पहले हुई थी शुरुआत

*लॉस एंजिलिस। फैशन की सबसे बड़ी शाम और सबसे बड़े फैशन शो मेट गाला में शिरकत करना हर सेलेब्रिटी के लिए एक उपलब्धि की बात होती है। हर साल की तरह इस बार भी मेट गाला वापस आ रहा है। 5 मई को न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में एक बार फिर से मेट गाला की महफिल सजने वाली है। दुनिया भर की मशहूर हस्तियां और डिजाइनर अपनी थीम के अलग-अलग पोशाकों में नजर आएंगे। जानते हैं मेट गाला की इस बार की थीम के बारे में और इसमें कौन-कौन हस्तियां होंगी शामिल।*

***1948 में हुई मेट गाला की शुरूआत :*** सबसे पहले जिनको नहीं पता उन्हें ये बता दें कि मेट गाला है क्या और इसकी शुरूआत कबसे हुई। मेट गाला एक चैरिटी इवेंट है, जो हर साल न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत साल 1948 में सोसाइटी मिडनाइट डिनर के रूप में हुई थी।



***कौन करता है मेट गाला की थीम का चयन :*** मेट गाला का आयोजन और इसकी अध्यक्षता वोग मैगजीन की एडिटर-इन-चीफ अन्ना विंटोर साल 1995 से कर रही हैं। आमतौर पर इसका आयोजन हर साल मई के पहले सोमवार को किया जाता है। इस बार भी इसका आयोजन इसी दिन पर किया जा रहा है। वहीं मेट गाला की थीम का चयन भी एना विंटोर ही करती हैं। साथ ही मेहमानों का चयन भी एना विंटोर और उनकी टीम करती है।

## मेट गाला 2025 की थीम

इस बार मेट गाला 2025 की थीम 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' है, जो फैशन के जरिए ब्लैक आइडेंटिटी की अहमियत को दिखाएगा। जबकि इस बार ड्रेस कोड 'टेलर्ड फॉर यू' रखा गया है, जिसमें मेन्स वियर और सूटिंग पर ध्यान दिया जाएगा। इस बार की थीम मोनिका एल. मिलर की 2009 की किताब 'स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी' से प्रेरित है।

## दुनियाभर की इन दिग्गज हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद

मेट गाला में सबकी नजरें टिकी होती हैं इसकी गेस्ट लिस्ट पर। हर कोई ये जानना चाहता है कि मेट गाला में कौन-कौन गेस्ट शामिल होंगे। इस बार की भी लिस्ट जो सामने आ रही है, उसमें दुनियाभर की कई दिग्गज हस्तियां शामिल हैं। अब तक सामने आ रही रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार रेड कार्पेट पर जो हस्तियां शामिल होंगी, उनमें जॉय किंग, मिरांडा केर, क्लो सेविग्नी, क्लैरो और एम्मा चेम्बरलेन के नाम शामिल हैं। इसके अलावा हॉलीवुड से निकोल किडमैन और जो सलदाना, मोनिका बारबरो, डैमसन इदरीस और मैल्कम वाशिंगटन के भी मेट गाला 2025 में शिरकत करने की उम्मीद है। साथ ही टर्नर-स्मिथ, जैनिक्जा ब्रावो और मॉडल उगबाद अब्दी भी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरती नजर आएंगी।








वर्ल्ड लाफ्टर डे स्पेशल

इस बात से शायद ही कोई असहमत होगा कि आज के दौर में हंसना सबसे कठिन होता जा रहा है। जबकि कई स्टडीज से साबित हुआ है और हेल्थ स्पेशलिस्ट भी मानते हैं कि हंसने से अनेक शारीरिक, मानसिक लाभ मिलते हैं। यही नहीं हंसने वाले लोग हर तरह की परेशानियों को बेहतर तरीके से हैंडल भी कर लेते हैं। तो आप भी जी भर हंसिए-खिलखिलाइए।

# हर परेशानी को भुलाकर हंसिए-खिलखिलाइए

कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम



कभी-कभी यूं ही बेवजह हंसी आ जाती है
जैसे किसी पुराने दोस्त ने
बिना कहे याद कर लिया हो।
जैसे मां ने सिर पर हाथ रखकर कहा हो
सब ठीक है बेटा।
जैसे किसी शाम हवा ने अचानक खुशबू ला दी हो
जो बचपन में बगिया से आती थी।
कभी-कभी यूं ही बेवजह हंसी आ जाती है
और तब लगता है
जिंदगी इतनी भी मुश्किल नहीं...।

-गुलजार

**जी हां,** इस व्यस्त और तनावभरी जिंदगी में हाल के दशकों में हमने हंसी के बहुत सारे फायदे सुने, जाने और महसूस किए हैं। इसलिए हर साल मई माह के पहले रविवार को मनाया जाने वाला विश्व हास्य दिवस, हर गुजरते साल के साथ दिन दूनी, रात चौगुनी रफ्तार से लोकप्रियता की सीढ़ियां चढ़ रहा है।

**बेसब्री से लोग करते हैं इंतजार:** साल 1998 से मनाया जाने वाला यह हास्य दिवस, कुछ गिने-चुने अंतरराष्ट्रीय दिवसों में से है, जिसका लोग महीनों से इंतजार करते हैं। हालांकि यह इंतजार तो एक बहाना होता है, इसके पीछे छिपी असली बात यह है कि आज हंसी की महत्ता सर्वसिद्ध हो चुकी है। यही वजह है कि आज हास्य दिवस अपनी उपस्थिति से विश्व शांति और वैश्विक चेतना को बढ़ावा दे रहा है। यह दिन हम सबकी जिंदगी के तनाव को कम करता है, मूड को बेहतर करता है, जितनी भी हो सके जीवन को सकारात्मकता देता है। भला इस महंगाई के दौर में हंसी से ज्यादा फायदे का सौदा और क्या हो सकता है, जिसमें एक्सरसाइज भी हो, दवा भी हो और मेडिटेशन भी। हंसने से ये तीनों चीजें एक ही समय भरपूर और पूरी तरह से मुफ्त मिलती हैं। बावजूद इसके हंसना इतना आसान नहीं है, कुदरत की यह दौलत हर किसी को नहीं मिलती। तभी तो प्रेमलाल शिफा देहलवी ने कहा है-

या तो दीवाना हंसे या तुम जिसे तौफीक दो
वर्ना इस दुनिया में रहकर मुस्कुराता कौन है

**केवल हंसी नहीं लाफ्टर योगा:** साल 1998 में भारत के एक चिकित्सक डॉ. मदनलाल कटारिया ने हास्य दिवस की शुरुआत की थी। उनके मुताबिक यह अपने आपमें एक योग है, इसलिए हास्य को 'लाफ्टर योगा' माना जाता है। हंसना, सेहत के लिए रामबाण है। हंसने से शरीर में खून बढ़ता है, हंसने से हमारे शरीर में एंडोर्फिन, डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं। ये वही हार्मोन या रासायनिक स्राव हैं, जो हमारे दुखों, तकलीफों को चुटकी बजाकर गायब कर देते हैं और हम तरोताजा हो उठते हैं। ये हार्मोन हमारे मूड को बेहतर करते हैं, हमें हल्का-फुल्का महसूस कराते हैं। इसलिए वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हो चुका है कि हंसी तनावनाशक है। यह तनाव पैदा करने वाले हार्मोन जैसे कि कॉर्टिसोल का खात्मा करता है।

**अनेक देशों में हो रहा पॉपुलर:** करीब 27 वर्ष पहले शुरू हुआ लाफ्टर डे, आज दुनिया के 72 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है, इसके पीछे उद्देश्य है गोला-बारूद और व्यापार युद्ध से झुलस रही दुनिया में भाईचारा और सद्भावना बढ़े। इस हास्य योगा मुहिम के जरिए लोग आपस में खुशियां बांटना चाहते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि अगर उनकी तरह ही उनके आस-पास रहने वाले लोग भी हंसेंगे तो खुश रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे, सकारात्मक रहेंगे और एक-दूसरे के काम आएंगे। यही वजह है कि आज भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में लोग पार्कों में मॉर्निंग वॉक करते हुए समूहबद्ध होकर हंसने, खिलखिलाने की खूब कोशिश करते हैं। इसीलिए हास्य दिवस की प्रासंगिकता और इसकी स्वास्थ्य संबंधी महत्ता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।



**दिल की बीमारियां रहती हैं दूर:** हंसना सिर्फ हमारे शरीर में अच्छा अनुभूत होने वाला रासायनिक परिवर्तन ही नहीं करता। यह हमें शारीरिक रूप से भी स्वस्थ करता है। हंसना एक कार्डियो एक्सरसाइज है। हंसने से हमारे दिल की धड़कनें तेज होती हैं, हंसी फेफड़ों तक ज्यादा ऑक्सीजन पहुंचाती है, एक अच्छी हंसी हमारे ब्लड प्रेशर को संतुलित रखती है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का मानना है कि 10-15 मिनट की रोजाना की हंसी हमारी 30 से 40 प्रतिशत तक दिल की बीमारी की आशंका कम कर देती है। हालांकि इसके साथ कुछ और कारक भी होते हैं, लेकिन दिल की सेहत के लिए हंसना बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि हंसने से हमारा इम्यून सिस्टम भी मजबूत रहता है, शरीर की कोशिकाएं सक्रिय रहती हैं, एंटीबॉडीज का उत्पादन लगातार बढ़ता है और यह शरीर को बीमारियों से लड़ने में मजबूत बनाता है।

**परेशानियों से दिलाए छुटकारा:** कभी-कभी लगता है कि जैसे आज पूरी दुनिया में हंसी के विरुद्ध कोई अघोषित युद्ध चल रहा है। अगर गौर से देखें तो दुनिया की ज्यादातर हरकतें, लोगों के हंसने यानी खुश रहने के विरुद्ध हैं। दुनिया में बढ़ती महंगाई, बढ़े हुए काम के घंटों से व्याप्त तनाव, वर्क फ्रॉम होम के कारण घरों तक चला आया दफ्तर का तनाव, सोशल मीडिया पर होने वाले टेंशनफुल कमेंट्स, वीडियोज और न जाने ऐसी कौन-कौन सी हमारी रोजमर्रा की गतिविधियां हैं, जो कि हमें हंसने नहीं देतीं। हर समय डिप्रेशन और डिजिटल टॉक्सिंस में डुबोए रखती हैं। हंसी इन सबकी अकेली ऐसी काट है, जो हमें इन सब परेशानियों से छुटकारा दिलाती है और डिजिटल जहर को भी बड़ी आसानी से डिटॉक्स कर देती है। इसीलिए दुनिया की अनगिनत परेशानियों से अगर कोई एक ताकत हर समय मजबूती से लड़ते हुए दिखती है, तो वह हंसी ही है। लोमा लिंडा यूनिवर्सिटी के एक शोध में यह सिद्ध हुआ है कि जो लोग नियमित तौर पर कॉमेडी वीडियो देखते हैं, वो परेशानियों से अच्छी तरह से निपट सकते हैं और उनके शरीर की इम्यून प्रतिक्रिया उन लोगों से बेहतर होती है, जो हमेशा गंभीर और तनाव की मुद्रा में रहते हैं। यह अकारण नहीं है कि सोशल मीडिया हो या पारंपरिक टीवी मीडिया, सबसे ज्यादा हंसी ही बिकती है, सबसे ज्यादा कॉमेडी शोज ही देखे जाते हैं। *

### कारगर हो रही लाफ्टर थेरेपी


हम सब इस बात से अवगत हैं कि हाल के सालों में जिस तरह से हमारी लाइफस्टाइल ज्यादा व्यस्त, ज्यादा आत्मकेंद्रित हुई है, उसी तरह से हम पर कई तरह के मानसिक अवसादों और विकारों ने हमला किया है। आप यकीन मानिए, आज दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य की सबसे असरदार और सबसे सटीक दवा हंसना ही है। पूरी दुनिया में डॉक्टर लाफ्टर थेरेपी को मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे कारगर दवा मानते हैं। इसे ह्यूमर थैरेपी कहा जाता है और आज यह भारत में बड़े-बड़े संगठनों और कॉरपोरेट मीटिंग्स का हिस्सा बन गया है। अमेरिका से लेकर यूरोप तक आज ह्यूमर थैरेपी या लाफ्टर क्लब 10 बिलियन डॉलर से बड़ा बिजनेस बन चुकी है। इसलिए अगर कोई कहे कि हंसने से क्या मिलता है, तो कहिए यह एक्सरसाइज है, मेडिसिन है और मेडिटेशन भी है यानी थ्री इन वन है। जो हमें खुशी देती है और रोमांचित करती है।

---

आमतौर पर हंसने को सामान्य शारीरिक-मानसिक गतिविधि माना जाता है। लेकिन हास्य को योगा का स्वरूप देकर पूरी दुनिया में पॉपुलर बनाने वाले डॉक्टर मदन कटारिया ने इसे स्वस्थ-खुशहाल जीवन की कुंजी बना दिया है।

# हंसना-योगा साथ-साथ सिखाने वाले डॉ. मदन कटारिया

पर्सनालिटी
शैलेंद्र सिंह



डॉक्टर मदन कटारिया, जिन्हें 'लाफ्टर गुरु' या 'गिगलिंग गुरु' के नाम से भी जाना जाता है, को अगर आधुनिक भारत का हास्य योगाचार्य कहें तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। पारंपरिक योग की तरह ही आज पूरी दुनिया में हास्य योग की लोकप्रियता भी बढ़ती जा रही है। इसे पॉपुलर बनाने में सबसे बड़ी भूमिका रही है डॉक्टर मदन कटारिया की।

31 दिसंबर 1955 को महाराष्ट्र के एक गांव में पैदा हुए मदन कटारिया ने साल 1979 में गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर से मेडिकल स्नातक की डिग्री हासिल की और एक सामान्य चिकित्सक की तरह मुंबई के एक अस्पताल में प्रैक्टिस करने लगे। लेकिन उसी दौर से वे मानने लगे थे कि हास्य एक औषधि के रूप में हमें स्वस्थ रखने में सहायक हो सकती है। जिसका सार यह था कि हंसी शरीर में एंडोर्फिन बढ़ाती है और तनाव कम करती है। डॉ. कटारिया को इन शोध ने गहराई से प्रभावित किया। हालांकि यह रिसर्च मूलरूप से उनकी नहीं थी, उन्होंने भी इसे किसी विश्वविद्यालय की रिसर्च के रूप में पढ़ा था, लेकिन इसे पढ़कर उन्हें खुद बहुत खुशी मिली थी और तभी उन्होंने तय कर लिया था कि वह इसे एक चिकित्सा पद्धति के रूप में विकसित करेंगे। इस तरह अपने मन में पल रहे लक्ष्य को पूरा करने में वह जुट गए।



**ऐसे हुई शुरुआत:** 13 मार्च 1995 को डॉ. मदन कटारिया ने मुंबई में अंधेरी वेस्ट के लोखंडवाला पार्क में महज 5 लोगों के साथ हंसी के स्वास्थ्य लाभों पर आधारित लाफ्टर क्लब की शुरुआत की थी। आज दुनिया के लगभग 120 देशों में लाफ्टर क्लब्स, जिनकी संख्या 6 हजार से ऊपर है, चल रहे हैं। पूरी दुनिया उन्हें न सिर्फ लाफ्टर गुरु बल्कि हंसी को अमृत चिकित्सा में बदल देने वाला डॉक्टर मानते हैं।

**जान लिया था हंसी का रहस्य:** वास्तव में अपनी युवावस्था में ही डॉ. कटारिया ने यह रहस्य पा लिया था कि हंसी महज इंसानी गतिविधि भर नहीं है बल्कि यह अपने आप में इंसान को कुदरत से मिला वरदान है। इसलिए उन्होंने आज के इस व्यस्त और तनावग्रस्त दुनिया में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए इसे एक आंदोलन का रूप दिया, जो आज पूरी दुनिया में लाफ्टर मूवमेंट के नाम से जाना जाता है। डॉ. कटारिया का लाफ्टर क्लब की स्थापना के पीछे एक सीधा सा विचार था कि हंसी, दुनिया की सबसे अच्छी दवा है। यदि लोग बिना किसी चुटकुले या कॉमेडी सुने-देखे भी हंसते हैं तो उन पर इस हंसी का सकारात्मक असर पड़ता है।

**शुरू किया हास्य योगा:** जब डॉ. कटारिया ने देखा कि लोगों को उनकी बातों में आकर्षण महसूस हो रहा है तो उन्होंने अपने इस हंसी योग में सांस लेने की तकनीक को भी शामिल किया और इसे प्राणायाम के साथ जोड़ लिया। जिस कारण आज हास्य योग, बेहद वैज्ञानिक योग में परिवर्तित हो चुका है। हास्य योग हंसने की एक ऐसी वैज्ञानिक विधि है, जो लाफ्टर योगा के रूप में दुनिया के सामने आई है। डॉ. कटारिया ने इस हास्य योग को एक सुप्रबंधित वैज्ञानिक प्रक्रिया में बदलने के लिए हास्य पर कई किताबें भी लिखी हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है- लाफ फॉर नो रीजन। उन्होंने टेड टॉक्स, बीबीसी और नेशनल जियोग्राफिक जैसे कई अंतरराष्ट्रीय चैनलों में अपने इस हास्य योग के संबंध में लंबे व्याख्यान भी दिए हैं। हंसने को लेकर उनका एक प्रेरणाप्रद विचार है, 'हम हंसते नहीं क्योंकि हम खुश हैं, हम खुश होते हैं, क्योंकि हम हंस सकते हैं।'

**ईजाद की नई तकनीक:** वास्तव में आज पूरी दुनिया, हंसने को खुश और संतुष्ट रहने का साइंस मानती है। लेकिन शुरू में जब डॉ. मदन कटारिया मुंबई के पार्कों में लोगों को हंसी का महत्व बताया करते थे, तो लोग उनकी बात को मजाक मानकर एक कान से सुनते और दूसरे कान से निकाल देते थे। फिर भी डॉ. कटारिया अपने इस मिशन से पीछे नहीं हटे। कुछ समय बाद डॉ. मदन कटारिया ने जान-बूझकर हंसने यानी सिमूलेटिड लाफ्टर तकनीक विकसित की, जो आज एक योग के प्रारूप में लोगों द्वारा हर दिन अभ्यास की जाती है। लाफ्टर योगा केवल भारत में ही नहीं रुका बल्कि इसकी ख्याति देखते ही देखते साल 2023 तक 110 देशों में फैल चुकी थी। साल 2023 में ही पूरी दुनिया में लाफ्टर योगा कराने वाले क्लबों की संख्या 6 हजार से ज्यादा हो चुकी थी। आज हंसाने वाले उनके ये क्लब स्कूलों, वृद्धाश्रमों, जेलों और मल्टीनेशनल कंपनियों तक में चलते हैं और डॉक्टर मदन कटारिया को आज की दुनिया का हास्य गुरु बनाते हैं। *

---

हास्य कविता
हरीश कुमार 'अमित'

## इक आम न मिलता




कुछ लोगों को काम न मिलता,
लेकिन हमको आराम न मिलता।
दफ्तर की कुर्सी पे दो घंटे,
सोने का इंतजाम न मिलता।
भर-भर थैले फल घर लाऊं,
खाने को इक आम न मिलता।
भरा कबाड़ से है घर सारा,
बेचूं कैसे, सही दाम न मिलता।
पन्ने भर-भर लिखी शायरी,
पर हमको कभी नाम न मिलता।
दर्द-ए-सिर भला भागे कैसे,
ढूंढे पर भी बाम न मिलता।
प्रेम पत्र तो अनगिन भेजे,
उत्तर में पैगाम न मिलता।
खूब लगाते मक्खन अफसर को,
फिर भी कोई ईनाम न मिलता।
रोज न पड़ती डांट अफसर की,
सुबह जो ट्रैफिक जाम न मिलता।
उधार चुकाने वाला हमको,
किसी सुबह, किसी शाम न मिलता।

---

व्यंग्य
अंशुमाली रस्तोगी

# कुछ तो लोग कहेंगे

किसी को कुछ भी कह देना, हम भारतीयों की जन्मजात फितरत रही है। चाहे सामने वाले से मतलब हो या न हो, फिर भी उसके बारे में हम कुछ भी कहने की छूट ले ही लेते हैं और, किसी के बुरा मानने की तो हम परवाह ही नहीं करते।



कुछ लोग कहते हैं। लेकिन क्यों कहते हैं, वे भी नहीं जानते। कहना उनकी आदत है। कहना उनकी बीमारी है। नहीं कहेंगे तो उनका दो वक्त का खाना हजम नहीं होगा। जुबान में अटकाहट-सी महसूस होगी। पेट में किसिम-किसिम की मरोड़ें पैदा होंगी।

किसी को कुछ भी कह देना, हम भारतीयों की जन्मजात फितरत रही है। चाहे सामने वाले से मतलब हो या न हो, फिर भी उसके बारे में हम कुछ भी कहने की छूट ले ही लेते हैं और, किसी के बुरा मानने की तो हम परवाह ही नहीं करते। परवाह करने लगे तो जमीर टोकेगा कि क्या हो गया है तुम्हें!

वैसे, लोगों के कुछ भी कहने पर एक शोध अवश्य होना चाहिए। आखिर पता तो लगे कि लोग क्यों कुछ भी कह देते हैं? अपने निजी अनुभव के आधार पर कह रहा हूं कि कहने वालों में सबसे बड़ी तादाद पढ़े-लिखे लोगों की होती है। पढ़ी-लिखी जमात ऐसा मानती है कि वो कुछ भी कहने के लिए स्वतंत्र है। अच्छा देखेगी तो कुछ कहेगी। खराब देखेगी तो कुछ कहेगी। गंदा देखेगी तो कुछ कहेगी। महसूस करेगी तो कुछ कहेगी। मतलब, उसे हर वक्त कुछ न कुछ कहना ही है, कहने को वो अपनी शान समझती है। कभी खामोश नहीं रहती। उसके आगे तो प्रायः कैंची भी फेल हो जाया करती है। अकसर सोचता हूं कि यह जमात आखिर ऐसा क्या खाती है, जो कुछ भी कहती रहती है हर वक्त!

जानते हैं, मुझसे लोग इसलिए परेशान रहते हैं कि मैं कभी कुछ क्यों नहीं कहता? मुझे कुरेदते हैं, मुझे उलहाना देते हैं। मुझे लालच तक देते हैं, लेकिन मैं कभी कुछ नहीं कहता। कुछ न कहना, मेरी फितरत में शामिल हो चुका है।

लेखक लोग अपनी किताबें मुझे भेजते हैं। फिर कहते हैं कि मैं उन पर कुछ कहूं। जब कुछ नहीं कहता तो बुरा मान जाते हैं। मुझे मनघुन्ना तक साबित कर देते हैं। तब भी मैं उनसे कुछ नहीं कहता। सोचता हूं कि क्या कहूं? कहने वालों की भीड़ में एक शख्स ऐसा भी तो होना चाहिए, जो कुछ न कहे। कहने वालों को और कहने वालों की, सिर्फ सुने। यही तो मैं करने की कोशिश किया करता हूं। किंतु लोग हैं कि बुरा मान जाते हैं। मेरे कुछ न कहने को 'अदरवाइज' ले लेते हैं। अब जो ले लेते हैं तो लें, मैं ऐसा ही हूं! क्या करूं।

यू नो, लोगों के पास बहुत समय है, लेकिन दूसरों के लिए नहीं, आपस में मिलने-जुलने और बतियाने के लिए नहीं, कुछ भी किसी को भी कहने और लंबी-लंबी बेतुकी चर्चाओं के लिए। कुछ भी कहने के मामले में सोशल मीडिया का हाल सबसे बुरा है। किसी के पन्ने या दीवार पर जैसे ही दस्तक दीजिए, कुछ न कुछ आड़ा-तिरछा कहता हुआ ही मिलेगा। यहां लोग सार्थक बहुत कम लिखते या कहते हैं, ज्यादातर सिर्फ खुन्नस निकालते हैं। वे इसी में खुश हैं, उन्हें लगता है कि ऐसा कर वे बहुत महान काम कर रहे हैं। महान लोगों से सोशल मीडिया का मंच खदबदा रहा है।

आज की तारीख में कुछ भी कहना, दुनिया भर में एक लाइलाज बीमारी-सी बनती जा रही है। जुबान कैंची से अधिक खतरनाक हो चली है। दिल फरेबी हो गए हैं, आंखें शातिरता का पैमाना बन गई हैं। मन कुटिलता में तब्दील होते जा रहे हैं। भावना, संवेदना, सहनशीलता, इंसानियत की बातें किताबों में ही सिमट कर रह गई हैं। अच्छा और मीठा कहते-बोलते लोग कम मिलते हैं। तरह-तरह के उपदेश, प्रवचन और ज्ञान हर किसी के पास बहुत है, मगर व्हाट्सएप के स्टेटस पर चढ़ाने के लिए ही।

कम बोलते लोग मुझे भाते हैं। उनसे ही बोलना मुझे अच्छा भी लगता है। उनके बीच जाकर मुझे सुकून मिलता है। इसीलिए मैं भी कम ही कहता और बोलता हूं ताकि फिजा में प्रदूषित शब्दों का जहर कम घुल सके। *

---

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## प्रेमचंद की व्यंग्य कथाएं

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि विगत लगभग एक सदी में मुंशी प्रेमचंद हिंदी के सर्वाधिक पढ़े जाने वाले कथाकार हैं। इसकी वजह है कि जीवन के लगभग हर पक्ष और संवेदना पर उन्होंने मर्मस्पर्शी कहानियां लिखी हैं। उनकी लगभग 300 कहानियों में से 15 व्यंग्यात्मक कहानियों का संकलन 'प्रेमचंद की व्यंग्य कथाएं' हाल में पल्लव के संपादन में छपकर आया है। इसमें हम (मोटेराम जी शास्त्री, शादी की वजह, दो बैलों की कथा, निमंत्रण, सत्याग्रह, रसिक संपादक, गुरुमंत्र, स्वांग) समेत कई ऐसी मशहूर कहानियां पढ़ सकते हैं, जिसमें समाज, राजनीति, व्यवस्था में व्याप्त विद्रूप और इंसानी चरित्र की निकृष्टता और उसके दोहरेपन पर कटाक्ष किया गया है। इनमें प्रेमचंद बेहद सहजता से चुटकी लेकर पाठक को बहुत कुछ सोचने पर विवश करते हैं। आमतौर पर जीवन की विडंबनाओं से उपजने वाली तकलीफ और करुणा को अपनी कहानियों का विषय बनाने वाले प्रेमचंद की व्यंग्य कथा-लेखक की भी छवि, इन कहानियों से निर्मित होती है। पुस्तक की भूमिका में संपादक ने उचित ही कहा है, 'प्रेमचंद की इन कहानियों में जीवन के अनेक रंग हैं, जो सहज हास्य और शिष्ट व्यंग्य की पगडंडी पर दौड़ते दिखते हैं।' *




**पुस्तक:** प्रेमचंद की व्यंग्य कथाएं, **संपादन:** पल्लव,
**मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** राजपाल एंड संस, दिल्ली

**रचनाएं आमंत्रित...**

हिंदी दैनिक **हरिभूमि** के फीचर पृष्ठों (रविवार भारती, सहेली, बालभूमि और सेहत) में प्रकाशनार्थ आलेख, छोटी कहानियां, कविताएं, व्यंग्य, बाल कथाएं आमंत्रित हैं। लेखकों से अनुरोध है कि अपनी रचनाएं कृतिदेव या यूनिकोड फॉन्ट में हमें ईमेल आईडी haribhoomifeaturedep@gmail.com पर मेल करें।






## ब्रुइन ने दिलाई मैनचेस्टर सिटी को महत्वपूर्ण जीत

**मैनचेस्टर।** केविन डी ब्रुइन के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने शुक्रवार रात को यहां वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स पर 1-0 से महत्वपूर्ण जीत हासिल की जिससे वह इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। बेल्जियम के रहने वाले डी ब्रुइन इस सत्र के आखिर में मैनचेस्टर सिटी को छोड़ देंगे लेकिन उन्होंने लीग के पिछले छह मुकाबलों में जीत हासिल करने वाली टीम के खिलाफ 35वें मिनट में गोल करके साबित कर दिया कि वह अब भी टीम के लिए काफी मायने रखते हैं। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी के 35 मैच में 64 अंक हो गए हैं और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस तरह से वह चैंपियंस लीग में जगह बनाने का प्रबल दावेदार बन गया है। मैनचेस्टर सिटी अब दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल से तीन अंक पीछे है जिसके 34 मैच में 67 अंक हैं। लिवरपूल पहले ही खिताब अपने नाम पर सुरक्षित कर चुका है। उसके 34 मैच में 82 अंक हैं।



## रूड और ड्रेपर में होगा खिताबी मुकाबला

**मैड्रिड।** कैस्पर रूड ने दर्द निवारक दवाइयों की मदद से पसली की चोट पर काबू पाकर फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को सीधे सेटों में हराया और मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। रूड ने मैच के दौरान तीन बार अपनी पसली का इलाज करवाया और काजा मैगिका सेंटर कोर्ट पर 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। नॉर्वे के 15वीं रैंकिंग के खिलाड़ी रूड ने अर्जेंटीना के 21वीं रैंकिंग के खिलाड़ी सेरुंडोलो के खिलाफ 18 में से 15 ब्रेक प्वाइंट बचाए। फाइनल में रूड का सामना जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6 (4) से हराकर साल के तीसरे फाइनल में जगह बनाई।



खास खबर

## किरण को निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** पुरुष राइफल थ्री-पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन किरण अंकुश जाधव ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक निशानेबाजी चैंपियनशिप में



10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। अगले महीने म्यूनिख में होने वाले विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नौसेना के इस निशानेबाज ने 24 निशानों से 251.5 अंक हासिल कर सेना के विवेक शर्मा को 1.4 अंक से पीछे छोड़ा। सेना के ही विशाल सिंह (230.1) ने कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने पुरुषों के जूनियर वर्ग का खिताब 0.1 अंक के मामूली अंतर से अपने नाम किया।

### भारत के लिए अच्छा कप्तान बनेगा गिल



**मुंबई।** अफगानिस्तान के टी20 कप्तान राशिद खान ने शनिवार को कहा कि शुभमन गिल इंडियन प्रीमियर लीग में सिर्फ गुजरात टाइटंस के लिये ही नहीं बल्कि भारत के लिये भी बहुत अच्छे कप्तान साबित होंगे। गिल ने गुजरात टाइटंस की मोर्चे से अगुवाई करते हुए इस सत्र में दस मैचों में अब तक 465 रन बनाये हैं। राशिद ने कहा, 'शुभमन गिल का कप्तानी करते हुए यह दूसरा साल है। वह लगातार बेहतर हो रहा है। भविष्य में वह भारत के बेहतरीन कप्तानों में से होगा। सिर्फ गुजरात टाइटंस के लिए नहीं बल्कि भारत के लिए भी। उसके पास कौशल और प्रतिभा है।'

### वैभव को अपने तरीके से खेलने की छूट



**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग के सबसे युवा शतकवीर राजस्थान रॉयल्स के किशोर खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को अपने तरीके से खेलने की 'आजादी' दी गई है। टीम के तेज गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा, 'उसे अपने तरीके से खेलने की थोड़ी बहुत छूट मिली है। उसने अब तक एक 14 वर्षीय खिलाड़ी के तौर पर वाकई कमाल का काम किया है। मुझे लगता है कि कोचिंग स्टाफ ने वैभव के साथ चीजों को बहुत ज्यादा जटिल बनाने की कोशिश नहीं की है। वह पिछले मैच में चूक गया था लेकिन हम इतने कम उम्र के खिलाड़ी को लेकर वास्तव में घबराना नहीं चाहते।'

### मैं डोपिंग के कारण अस्थाई तौर पर निलंबित हूं

**जोहानिसबर्ग।** दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने शनिवार को चौंकाने वाला खुलासा किया कि 'नशे में मौज-मस्ती' के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रतिबंधित ड्रग के सेवन के कारण वह



अस्थायी निलंबन झेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने पिछले महीने गुजरात टाइटंस के लिए दो मैच खेलने के बाद निजी कारणों का हवाला देते हुए आईपीएल छोड़ दिया था। रबाडा इस महीने के आखिर में 30 साल के हो जाएंगे। उन्होंने 'दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन' के माध्यम से एक बयान जारी किया। रबाडा ने इस बयान में अपनी गलती के लिए माफी मांगते हुए कहा, 'जैसा की खबरों में बताया गया है कि मैं निजी कारणों से आईपीएल में भाग लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका लौटा हूं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि जांच में ऐसे प्रतिबंधित पदार्थ की पुष्टि हुई है जिसका इस्तेमाल नशे में मौज मस्ती के लिए किया जाता है। मैं अस्थाई तौर पर निलंबन झेल रहा हूं और अपने पसंदीदा खेल में वापसी के लिए उत्सुक हूं।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 11 | 3 | 8 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : रोमारियो शेफर्ड ने 14 गेंद में बनाए 53 रन

# आखिरी गेंद पर जीता बेंगलुरु, शीर्ष पर बनाई जगह, चेन्नई को दो रन से हराया

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

यश दयाल ने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को शनिवार को आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर चेन्नई सुपर किंग्स पर दो रन से जीत दिलाई। आयुष म्हात्रे ने 94 रन बनाकर रोमारियो शेफर्ड के 14 गेंद में अर्धशतक को लगभग बेमानी साबित कर ही दिया था। आरसीबी ने विराट कोहली (62 रन), जैकब बेथेल (55 रन) और शेफर्ड के 14 गेंद में नाबाद 53 रन की मदद से पांच विकेट पर 213 रन बनाए। इसके बाद 17 वर्ष के म्हात्रे ने 48 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 94 रन बनाकर चेन्नई को जीत के बहुत करीब पहुंचा दिया लेकिन आखिर में टीम पांच विकेट पर 211 रन ही बना सकी।

इस जीत के बाद आरसीबी 11 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है और उसका प्लेआफ में प्रवेश लगभग तय है जबकि प्लेआफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी चेन्नई 11 मैचों में चार अंक लेकर आखिरी स्थान पर है। म्हात्रे और रविंद्र जडेजा (नाबाद 77) ने तीसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की। म्हात्रे ने पावरप्ले में भुवनेश्वर कुमार को एक ओवर में 26 रन निकाले और रनगति धीमी नहीं पड़ने दी।



### कोहली का लगातार चौथा अर्धशतक

प्रचंड फार्म में चल रहे विराट कोहली ने इस मुकाबले में अपना लगातार चौथा और इस सत्र का सातवां अर्धशतक जड़ा। विराट ने अपनी 33 गेंदों की पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके जड़े। इसके साथ ही सीएसके के विरुद्ध विराट ने 1146 रन भी पूरे किए, जो एक टीम के विरुद्ध किसी बल्लेबाज के सर्वाधिक रन हैं। विराट ने खलील के दूसरे ओवर में दो छक्के जड़े और आरसीबी के लिए 300 छक्के पूरे किए। वह एक टीम के लिए सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में शीर्ष पर हैं। इसके साथ ही विराट ने चिन्नास्वामी पर भी अपने 150 छक्के पूरे कर लिए। वह एक मैदान पर सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में भी अव्वल हैं।

### शेफर्ड का रिकार्ड अर्धशतक

रोमारियो शेफर्ड ने केवल 14 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और आईपीएल इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। वह 14 गेंद में अर्धशतक जड़ने वाले केवल तीसरे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले ये रिकॉर्ड केएल राहुल और पैट कमिंस के नाम है। आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड यशस्वी जायसवाल के नाम है, जिन्होंने 2023 में केवल 13 गेंद में अर्धशतक जड़ा था।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेथेल का ब्रेविस बो पथिराना | 55 | 33 | 8 | 2 |
| कोहली का खलील बो कुरेन | 62 | 33 | 5 | 5 |
| देवदत्त का जडेजा बो पथिराना | 17 | 15 | 1 | 1 |
| रजत का कुरेन बो पथिराना | 11 | 15 | 1 | 0 |
| जितेश शर्मा का ब्रेविस बो नूर | 07 | 08 | 1 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 53 | 14 | 4 | 6 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 213/5
गेंदबाजी : खलील 3-0-65-0, कम्बोज 3-0-25-0, नूर 4-0-26-1, जडेजा 3-0-26-1, कुरेन 3-0-34-1, पथिराना 3-0-26-3.

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| म्हात्रे का पंड्या बो एंगिडि | 94 | 48 | 9 | 5 |
| रशीद का शेफर्ड बो पंड्या | 14 | 11 | 1 | 1 |
| कुरेन का शर्मा बो एंगिडि | 05 | 05 | 1 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 77 | 45 | 8 | 2 |
| ब्रेविस पगबाधा बो एंगिडि | 00 | 01 | 0 | 0 |
| धोनी पगबाधा बो दयाल | 12 | 08 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 08 | 03 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 01, कुल : 20 ओवर में 211/5
गेंदबाजी : कृणाल 3-0-24-1, भुवनेश्वर 4-0-55-0, दयाल 4-0-41-1, एंगिडि 4-0-30-3, सुयश 4-0-43-0, शेफर्ड 1-0-18-0.

### खबर संक्षेप



#### खिलाड़ी अब कैमरे का सामने करने को तैयार

**मुंबई।** भारत के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का कहना है कि वर्तमान समय के क्रिकेटर यह बताने से नहीं हिचकिचाते हैं कि उनके दायरे में क्या हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि एक खिलाड़ी का ब्रांड प्रशासक या प्रसारक जितना शक्तिशाली हो गया है। भारत के पूर्व कप्तान कुंबले भी हेडन की इस बात से सहमत थे कि जो खिलाड़ी पहले अपने ड्रेसिंग रूम में कैमरा रखने के लिए सहमत नहीं होते थे, वे अब माइक पकड़कर टीम की रणनीतियों पर चर्चा करने में खुश होते हैं।

#### अरुणाचल प्रदेश में खेलो इंडिया सुविधा हुआ शुरू

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में एक बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन करते हुए विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में समावेशी खेल विकास को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आठ करोड़ रुपए की लागत से बना यह हॉल केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह हॉल मुक्केबाजी, बैडमिंटन, जूडो, वुशु, कराटे, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल सहित कई इनडोर खेलों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा।

#### स्थानीय खेलों को मिले वैश्विक पहचान

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने स्थानीय खेलों को वैश्विक मान्यता दिये जाने की वकालत करते हुए शनिवार को कहा कि ओडिशा यह सुनिश्चित करना जारी रखेगा कि स्थानीय खेलों को वैश्विक मंच पर उनका उचित स्थान मिले। मुख्यमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि माझी ने यह मांग मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स (विश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन सम्मेलन') 2025 में अपने संबोधन के दौरान की।



डोपिंग

## हेमराज और अंजलि पर चार और छह साल का प्रतिबंध



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबी दूरी के धावक हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी पर नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने पिछले साल डोप परीक्षण में विफल होने के बाद क्रमशः चार और छह साल का प्रतिबंध लगाया है। पच्चीस साल के गुर्जर ने 2023 राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 5000 मीटर कांस्य के अलावा 2023 और 2024 में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके प्रतिबंध का समय 20 अप्रैल से शुरू हुआ।

गुर्जर ने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। पिछले साल उनके डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन पाए



जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा उन्हें अस्थायी तौर पर निलंबित किया गया था। नाडा की वेबसाइट पर नवीनतम जानकारी के अनुसार अंजलि की छह साल की प्रतिबंध अवधि 31 मार्च से शुरू होती है। इसमें हालांकि अधिक विवरण नहीं दिया गया है। उन्होंने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।

### अन्य पर चार साल का प्रतिबंध

कबड्डी खिलाड़ी मनीष गुलिया, पहलवान ओमकार शंकर चौगले और दिव्या काकरान, मुक्केबाज थोकचोम यासाना चानू और तैराक विशाल ग्रेवाल को नाडा की एडीडीपी ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है। पावरलिफ्टर अमिता देवी कोटवोल और एक नाबालिग ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पर छह साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इन मामलों के विवरण हालांकि नहीं दिये गये हैं। मुक्केबाज आयुष राय और 19 वर्षीय मिष्ठी काजला पर दो-दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। एक अन्य नाबालिग मुक्केबाज पर भी चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। काजला ने 2024 फेडरेशन कप अंडर 20 चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

### सनराइजर्स के खराब प्रदर्शन का कारण अप्रभावी गेंदबाजी

**अहमदाबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के लिए अप्रभावी गेंदबाजी और पिच की बदलती परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 रन से हार के बाद सनराइजर्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। उनादकट ने कहा, 'आईपीएल में खेलने के अपने अनुभव से मैं कह सकता हूं कि किसी



टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए उसके गेंदबाजी विभाग में तीन या चार ऐसे खिलाड़ी होने चाहिए जो लगातार बेहतर प्रदर्शन करें। इस बार हमारी टीम में इसकी कमी दिखी। हमारे अगर दो गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे तो बाकी तीन उनका सहयोग नहीं कर रहे थे। जैसे हम साझेदारी को बल्लेबाजी के संदर्भ में देखते हैं, मुझे लगता है कि यह गेंदबाजी में भी वैसा ही है। क्योंकि जब आप दोनों छोर से अच्छी गेंदबाजी नहीं करते हैं, तो इससे दूसरे खिलाड़ी पर अनावश्यक दबाव बनता है। इससे आपकी रणनीति बदल जाती है। इसलिए टूर्नामेंट में हमारे खराब प्रदर्शन के लिए हमारे गेंदबाज विभाग को जिम्मेदारी लेनी होगी।'

## भारतीय महिला हॉकी टीम की आस्ट्रेलिया में लगातार चौथी हार

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम ने जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला के लगातार चौथे मैच में उसे 2-3 से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के लिए नवनीत कौर (35वां मिनट) और लालरेम्सियामी (59वां) ने गोल दागे जबकि आस्ट्रेलिया के लिए ग्रेस स्टीवर्ट (दूसरा), जेड स्मिथ (36वां) और ग्रेटा हायेस (42वां) ने गोल किए।

भारत को आस्ट्रेलिया ए ने 5-3 और 3-2 से हराया था। इसके बाद सीनियर आस्ट्रेलियाई टीम ने एक मई को भारतीय टीम को 2-0 से मात दी। आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। पहले क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने दूसरे ही मिनट में गोल करके



बढत बना ली। भारत ने बराबरी के गोल का भरसक प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरे क्वार्टर में भारत ने एक पेनल्टी कॉर्नर बचाया। भारत के लिए बराबरी का गोल 35वें मिनट में नवनीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा लेकिन आस्ट्रेलिया ने अगले ही मिनट जेड के फील्ड गोल पर फिर बढत बना ली। आस्ट्रेलिया को दो और पेनल्टी कॉर्नर मिले और ग्रेटा ने 42वें मिनट में एक और गोल किया।

### भारत हटा, अब पाकिस्तान नहीं उज्बेकिस्तान मेजबान

**कराची।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत ने जिस मध्य एशियाई वॉलीबॉल टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था, वह अब इस्लामाबाद की बजाय उज्बेकिस्तान के ताशकंद में खेला जाएगा। यह जानकारी पाकिस्तान महासंघ के एक अधिकारी ने शनिवार को दी। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मध्य एशिया वॉलीबॉल संघ ने इस आयोजन को उज्बेकिस्तान में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। इस अधिकारी ने कहा, 'भारत के पीछे हटने के बावजूद यह पाकिस्तान वॉलीबॉल के लिए बहुत बड़ी निराशा है। हम सीएवीए की आम सभा के फैसले को पूरी तरह समझते हैं।' पाकिस्तान, ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच होने वाले टूर्नामेंट की निर्धारित तारीखों में हालांकि कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## महिला त्रिकोणीय शृंखला : लगातार दो जीत के बाद श्रीलंका से मैच आज

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

पिछले दो मैच में शानदार जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम रविवार को यहां होने वाले महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। श्रीलंका की टीम खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका दोनों के खिलाफ जीत दर्ज की और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। भारत ने पिछले सप्ताह टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में श्रीलंका को हराया था। श्रीलंका ने हालांकि शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान में नई जान डाल दी है।



### फार्म में भारतीय टीम

भारत ने अब तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके लगातार आठ एकदिवसीय मैच जीते हैं और टीम अपने इस विजय अभियान को नए मुकाम पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध होगी। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में स्पिनर स्नेह राणा और श्री चरणी ने शानदार गेंदबाजी करके उसे बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया था। इसके बाद सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने हरलीन देयोल के साथ मिलकर 148 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के शीर्ष क्रम ने एक बार फिर मंच प्रदान किया, जबकि कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के नेतृत्व में मध्य क्रम ने अंतिम 10 ओवरों में 82 रन जोड़कर टीम को चुनौती पूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

### कप्तान चमारी कर रही निराश

श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अट्टापट्टू की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे बल्लेबाजी इकाई पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। 19 वर्षीय विशमी गुणरत्ने को शामिल करने से शीर्ष क्रम को कुछ मजबूती मिली है। भारत इस मैच में अपनी शानदार लय के साथ फाइनल में जगह पक्की करने का लक्ष्य रखेगा, जबकि श्रीलंका एक और दमदार प्रदर्शन करके प्रतियोगिता में बने रहना चाहेगा।

## शहर में शाम को हवाओं में घुल गई अचानक ठंडक, 8 डिग्री पारा गिरा

आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम

# बादल, बूंदाबांदी और आंधी ने देखते ही देखते बदल दिया गर्म मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

◆ दिन में पारा 41 डिग्री रहा, शाम को 37 डिग्री तक पहुंचा, रात 8 बजे 33 डिग्री के नीचे आया

राजधानी में शनिवार को दोपहर बाद से मौसम ने करवट ली। शाम 4 बजे के बाद अचानक आसमान पर घिरे काले बादलों के साथ करीब 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। देर शाम से गरज चमक के बीच शहर सहित आसपास के हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ीं। इससे तापमान में तेजी से कमी आई।

शहर का दिन का पारा 41 डिग्री रहा, जबकि शाम को यहां 37 डिग्री तक पहुंच गया। देर शाम 8 बजे बारिश आंधी के बाद इसमें करीब 4 डिग्री की और कमी आई। पारा 33 डिग्री के नीचे पहुंच गया।





### पेड़ों की टहनियां टूटीं बिजली गुल

शहर में शाम को आंधी बौछारों के बीच कुछ हिस्सों में पेड़ों की टहनियां टूट गईं। इस बीच एक से दो घंटे तक कई इलाकों में बिजली गुल रही। देर शाम मौसम में फिर बदलाव के दौरान भी बिजली गुल हो गई, जो कुछ कॉलोनियों में देर रात आई। इनमें प्रमुख रूप से पुराने शहर के जहांगीराबाद, जिंसी और आसपास के कुछ हिस्से, अशोकागार्डन के अलावा नए शहर के अयोध्यानगर, भेल, पिपलानी, आनंद नगर, करोंद आदि इलाकों में बिजली आती जाती रही।

## जोन आठ का मामला, नगर निगम कर रहा विभागीय जांच

# ननि की गाड़ियों से डीजल चुराते वीडियो वायरल, ड्राइवर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम के वाहनों से डीजल चोरी थमने का नाम नहीं ले रही। अब डीजल चोरी का नया मामला जोन 8 से सामने आया है। शनिवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद निगम प्रशासन ने दो ड्राइवरों को सस्पेंड कर दिया है। हालांकि मौके पर यह दोनों ड्रायवर नहीं थे, लेकिन इनके वाहनों में चाबी लगी मिली। नगर निगम पूरे मामले की जांच कर रहा है। वहीं लिंक रोड नंबर 3 पर खड़े होने वाले वाहनों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी शुरू हो गई है। लिंक रोड नंबर 3 पर स्थित नगर निगम के डीजल टैंक के पास अलग-अलग विभागों के वाहन खड़े होते हैं।

### एक 29 दिवसीय, दूसरा था नियमित ड्राइवर

*शनिवार को एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि किसी कर्मचारी ने वाहन से डीजल निकाला है। दो कैनों में यह डीजल भरा है। वहीं जिस वाहन से डीजल निकाला गया, उसमें चाबी लगी है, लेकिन मौके पर ड्रायवर नहीं है। डीजल टैंक प्रभारी विजय गोयल का कहना है कि जोन 8 के दो ड्रायवरों के नाम सामने आए हैं। इनमें एक 29 दिवसीय ड्राइवर को नौकरी से हटा दिया गया है, जबकि एक नियमित ड्राइवर को सस्पेंड किया गया है।*



## सहकारिता विभाग ने शुरू की जांच

# तीन हाउसिंग सोसाइटी जांच के दायरे में, दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

■ मात्र 200 सोसाइटी कर रहीं काम

राजधानी की जमालपुरा, निराला नगर और मालाबार गृह निर्माण समितियों में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। सहाकारिता विभाग ने इसकी जांच शुरू कर दी है। इन समितियों के पदाधिकारियों पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। दरअसल, जिले में रजिस्टर्ड 581 हाउसिंग सोसाइटियों में से मात्र 200 सोसाइटियों में ठीक-ठाक काम कर रही हैं। बाकी में शिकायतों का अंबार लगा हुआ है।

किसी सोसाइटी में गैर सदस्यों को प्लाट बेच दिए गए तो कहीं बिल्डरों ने कॉलोनी बना दी। इस मामले में दो दर्जन से अधिक सोसाइटियों के कर्ताधर्ताओं पर पूर्व में एफआईआर भी दर्ज कराई गई, लेकिन इस पर रोक नहीं लग सकी।

### जमीन बिल्डरों को बेचने का आरोप

उपायुक्त सहकारिता छविकांत वाघमारे का कहना है कि तीन गृह निर्माण समितियां मालाबार, जमालपुरा और निराला नगर की शिकायतें आई हैं। यहां पर हाउसिंग सोसाइटी की जमीन बिल्डरों को बेचने का आरोप सदस्यों ने लगाया है। तीनों सोसाइटियों की जांच कराई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद जरूरत पड़ने पर एफआईआर भी कराई जाएगी। प्राथमिक जांच में शिकायतें सही मिली हैं। विभागीय अफसरों का कहना है कि जांच के बाद समितियों के संचालक मंडल पर एफआईआर कराई जा सकती है।

## बाइक सवार पिता-पुत्र को लोडिंग वाहन ने मारी टक्कर, बेटे की मौत

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात बाइक सवार एक युवक और उसके पिता को लोडिंग वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लोडिंग वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से वाहन की शिनाख्ती कर ली है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार करने का दावा किया जा रहा है। थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि दिल्लौद गांव में रहने वाला शुभम अहिरवार (18) अपने पिता रामबाबू के साथ शुक्रवार रात बाइक से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक लोडिंग वाहन वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए शुभम को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई जबकि पिता को मामूली चोटें आई हैं।

## मंगलवारा क्षेत्र के संगम तिराहे की घटना

# ऑटो में जा रही टीचर का बाइक सवार बदमाशों ने झपटा पर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित संगम टॉकीज तिराहा पर शनिवार सुबह बाइक सवार बदमाशों ने ऑटो में सफर कर रही निजी स्कूल की टीचर का पर्स झपट लिया। उन्होंने शोर मचाया और ऑटो चालक ने बाइक सवारों का पीछा किया, लेकिन तेज रफ्तार में बाइक सवार बदमाश भाग निकले। पर्स में आठ मोती लगा सोने का पैंडल, चांदी की चार बिछिया, मोबाइल समेत 800 रुपए की नगदी थी। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अभिलाषा प्रताप पति संजय प्रताप (42) गढ़ाशाही नाका, थाना संजीवनी नगर जबलपुर की रहने वाली है। इन दिनों वह दुर्गा चौक तलैया में रहती है। वे प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं।

### शादी समारोह से लौट कर जा रही थीं घर

उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रिश्तेदारी में शादी होने के कारण वह इंदौर गई थी। शादी का कार्यक्रम निपटाने के बाद वह ट्रेन से शनिवार सुबह भोपाल पहुंची। उनके साथ उनकी बहन सुनीता रावत और भतीजा शनि रावत और उसकी पत्नी थी। सभी लोग सुबह पांच बजे भोपाल स्टेशन से उतरे और भाई संजय रावत के घर चौकी तलैया जाने के लिए ऑटो से निकले। अभिलाषा ऑटो में गेट के पास बैठी थी। ऑटो संगम तिराहा तक पहुंचा था कि पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों में पीछे बैठे युवक ने उनके कंधे पर लटका बैग झपट लिया। बैग में एक सोने का पेंडल वाला मंगलसूत्र था, जिसमें 8 सोने के मोती लगे थे। करीब आधा तोला का रहा होगा। इसके अलावा एक मोबाइल फोन, चांदी की चार बिछिया और 800 रुपए की नगदी थी।

## होटल के कमरे में सेना के नायक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित होटल खजुराहो में सेना के नायक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक तनाव की बात सामने आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 34 वर्षीय निदर्श भारतीय सेना में नायक बतौर पदस्त थे। उनकी पोस्टिंग 3 ईएमई सेंटर बैरागढ़ में थी। पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर गौतम नगर स्थित होटल खजुराहो में पहुंचे और कमरा किराए पर लिया। इसके बाद कमरे में उन्होंने रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। शाम करीब 6 बजे तक जब उनके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो होटल स्टाफ ने किसी तरह कमरा खोला था। इस दौरान उनका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है।

## संचालक समेत 13 आरोपी गिरफ्तार

# जहांगीराबाद पुलिस लाइन के पास चल रहे अवैध अहाते पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जहांगीराबाद पुलिस ने तीन मंजिला पुलिस लाइन के सामने शराब की दुकान के बाजू से अवैध रूप से संचालित हो रहे अहाता और रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें अहाता संचालक समेत 11 लोग शराब पीने वाले भी शामिल हैं। सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार विगत तीन मई को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन मंजिला पुलिस लाइन के सामने शराब की दुकान के बाजू में अवैध रूप से अहाता संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और अहाता संचालक आशू वाजपेयी व अहाता रेस्टोरेंट में शराब पीते मिले 11 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किया गया।

### पुलिस ने की शराब व अन्य सामग्री बरामद

पुलिस ने मौके से अवैध शराब व अन्य सामग्री बरामद की है। शराब की दुकान के बारे में पुलिस ने पत्र के माध्यम से आबकारी विभाग को भी सूचना दी है। मामले में अरूण गौर, जहांगीराबाद, समीर अली निवासी मंडीदीप, राहुल राही निवासी पिपलानी, राहुल मरोटिया निवासी बरखेड़ी, आशीष पटेल निवासी अशोका गार्डन, गरुण तिवारी निवासी जहांगीराबाद, भोला नामदेव निवासी अरेरा हिल्स, भगवान गोदडे निवासी आनंद नगर, अक्षय रैकवार निवासी काली मंदिर, संतोष मिश्रा निवासी जहांगीराबाद व आशू वाजपेयी निवासी बजरिया शामिल हैं।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Madhya Pradesh State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 8349032276, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **BHOPAL:** Surana Honda - 4074455, 7566665646; Sai Samarth Honda - 07554253222, 9109103832; BGS Honda - 4044441, 7440654321, 4044441,2; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504, 8889592345; BGS Honda (Karondh) - 8319133403, 8889994503; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834, 9109103824; Power Honda (Gulmohar) - 4256062 , 7880055510; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932, 9425019567; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 9907404050, 9691222282; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda - 7415382282 (Kurawar); Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281, 09111005258; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 252244, 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 07482 292222, 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102, Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458, 9302205644; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda Makronia - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8823016566; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747: **BETUL:** Aaditya Honda - 231218, 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni, Malwa) - 9425476181; 9144332299; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 9425132725; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081/82/85; RR Honda (Aron) - 9907700774, Seth and Sons (Raghogarh) 9644008082, 9644008089; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **INDORE:** Kasliwal Honda - 4228999, 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 2461212, 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 2877101; 9827658000; Shyam Honda - 4757200, 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 2616222, 9009550955; Shree Mangalam Honda - 6232446444, 6232388955, 6232388956; Doshi Honda - 9669266999, 4009600; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; 4025247; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999, 4036444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 8770657728; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213, 9993768111; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471, 8827751007; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055, 241266; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; 228034; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 07282-241421, 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902, 9111002910; Sethi Honda (Chhanera) 9111002903, 7415345652; **DEWAS:** Sadguru Honda - 257499, 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721, 9893821721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh, Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396, 9425102858; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 223355, 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 236809, 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695, Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; **KALAPIPAL:** Shree Balaji Honda - 9926028916; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Moti Honda - 78794534435; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909, 8109057750; Ujjain Honda - 8109068222, 9713454399, 07342555326; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701, 9827890387; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481, 9425332717; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963, 9340896405; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; ShriSai Honda (Khirkia) - 9926386210; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 07423-404110, 225110; 9575751616; Savita Honda (Manasa) - 9993773232, 07421-243081, Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646, 9827394646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441, Dhudhar Honda (Pichore) -7024325555; Jain Honda (Karera) - 8602760034; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **MHOW:** Radha Honda - 07324-275543; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802, 7389049040; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110, 9406523110; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437, 9926186413; Sumedha Honda - 8718819740, 8718819752; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 09827534200; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999, 8839257016; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698, 7755801125; **RAGHOGARH:** 9644008089, 07747-919669; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045 .

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930